e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 11, अंक 16

मंगलवार

16.01.2024

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

बाहरी स्वभाव केवल अंदरूनी स्वभाव का बड़ा रूप है।




PR NO-316098 (IPRD) 23-24

## क्विक न्यूज

### प्रौद्योगिकी में अनुसंधान को बढ़ावा देने आगे आएं कॉर्पोरेट जगत: उपराष्ट्रपति

**नई दिल्ली :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को कॉर्पोरेट नेताओं से विघटनकारी प्रौद्योगिकियों पर ध्यान केंद्रित करने के साथ अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देने के लिए संस्थानों का समर्थन करने का आह्वान किया। विकसित देशों में अनुसंधान शुरू करने और वित्त पोषण करने में कॉरपोरेट्स द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए उपराष्ट्रपति ने आपदा जोखिम में कमी और प्रबंधन के लिए विघटनकारी प्रौद्योगिकियों का लाभ उठाने की आवश्यकता पर जोर दिया।भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में उपराष्ट्रपति ने भारत के राष्ट्रीय हितों की रक्षा करने वाले एक सुरक्षा जाल के रूप में आईएमडी के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। आईएमडी के पूर्वानुमानों की सटीकता की सराहना करते हुए धनखड़ ने चुटीले अंदाज में कहा,मैं उस दिन की तलाश में हूं जब आईएमडी भविष्यवाणी कर सके कि पीठासीन अधिकारियों के लिए संसद के दोनों सदनों में मौसम की स्थिति क्या होगी।

### मुख्यमंत्री ने आठवें समन का भेजा जवाब

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से सोमवार को ईडी की तरफ से दिए गए समन का जवाब लेकर सोमवार को मुख्यमंत्री सचिवालय से सचिवालय कर्मी सूरज कुमार ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय पहुंचे। पत्रकारों से बातचीत में सूरज कुमार ने बताया कि सील बंद लिफाफे में पत्र लेकर वे ईडी दफ्तर पहुंचे थे। पत्र के अंदर क्या लिखा है इसकी जानकारी उन्हें नहीं है। उल्लेखनीय है कि ईडी ने मुख्यमंत्री को पत्र लिख कर अपना बयान दर्ज कराने के लिए 16से 20 जनवरी का समय दिया है। इन पांच दिनों के अंदर उन्हें बयान दर्ज कराने के लिए समय और जगह बताने का कहा गया है। साथ ही चेतावनी भी दी गयी है कि अगर वह बयान दर्ज कराने नहीं आये तो ईडी खुद उनके पास पहुंचेगी। ईडी ने मुख्यमंत्री को भेजे गये पत्र को समन समझने को कहा है।

### शर्मिष्ठा ने अपने पिता प्रणब मुखर्जी पर लिखी पुस्तक प्रधानमंत्री को भेंट की

**नई दिल्ली :** पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की बेटी शर्मिष्ठा मुखर्जी ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात कर उन्हें अपने पिता पर लिखी पुस्तक की प्रति भेंट की।मुलाकात के बाद शर्मिष्ठा ने प्रधानमंत्री का धन्यवाद देते हुए सोशल मीडिया पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। उन्होंने उन्हें अपनी पुस्तक 'प्रणब माई फादर- ए डॉटर रिमेम्बर्स' की एक प्रति भेंट की। वह हमेशा की तरह उनसे स्नेह पूर्वक मिले और बाबा (प्रणब मुखर्जी) के प्रति उनका सम्मान कम नहीं हुआ।शर्मिष्ठा ने अपनी पुस्तक में कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी को लेकर कई दावे किए हैं। उनके पिता ने एक बार उनसे कहा था कि राहुल गांधी में परिपक्वता की कमी है।

### पुलिस और टीएसपीसी में मुठभेड़, हथियार बरामद

**चतरा :** प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी और पुलिस के बीच सोमवार को मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ जिले के प्रतापपुर थाना क्षेत्र के अनगड़ा जंगल में हुई है। एसपी राकेश रंजन ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि 15 लाख के इनामी प्रतिबंधित रीजनल कमांडर

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | $22^0$ |
| न्यूनतम | $10^0$ |

## बिहार : औरंगाबाद में मॉब लिंचिंग, 4 की मौत

**मृतकों में 3 पलामू जिला स्थित हैदरनगर के रहने वाले थे**



**गांव वालों ने तीन की बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या कर दी. वहीं 2 की हालत बेहद ही नाजुक है. कार सवार लोग झारखंड के पलामू के रहने वाले थे.**

एजेंसी

**औरंगाबाद :** बिहार के औरंगाबाद में दुकान पर कार पार्किंग को लेकर 4 लोगों की हत्या हो गई. मामला कार पार्किंग से मना करने के विवाद से हुआ. जिससे नाराज कार चालक ने फायरिंग कर दी. वारदात में एक व्यक्ति की मौत हो गई. जबकि प्रतिक्रिया स्वरूप कार सवार 3 लोगों की पीट पीटकर हत्या कर दी गई. मामला नबीनगर थाना क्षेत्र के तेतरिया मोड़ का है.बताया जाता है कि नवीनगर थाना क्षेत्र के तेतरिया मोड पर एक कार सवार ने अपनी वाहन को एक दुकान के पास पार्क किया. दुकान के पास पार्क होते ही दुकानदार ने कार सवार को वहां से तत्काल वाहन हटाने को कहा. इसके बाद दोनों के बीच तू-तू मैं-मैं हो गई. इस दौरान कार चला रहे युवक ने दुकानदार पर फायरिंग कर दी. फायरिंग में दुकानदार तो बच गया लेकिन उसके बगल में बैठे एक व्यक्ति को गोली लग गई और वह मर गया. मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के महुअरी गांव निवासी राम शरण चौहान के रूप में हुई है. गौरतलब है कि कार में कुल 5 लोग सवार थे. गांव वालों ने तीन की बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या कर दी. वहीं 2 की हालत बेहद ही नाजुक है. कार सवार लोग झारखंड के पलामू के रहने वाले थे. मरने वालों में हैदरनगर निवासी मो. अरमान, मो. अंजार व मों. मुजाहिर शामिल हैं. घायलों में मो. वकील और अजित शर्मा की हालत नाजुक है. पिटाई इतनी भयावह थी कि 2 सवारों की तो मौत मौके पर ही हो गई, जबकि 1 की मौत अस्पताल में हुई. वहीं 1 कार सवार युवक का अभी भी इलाज जारी है. घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे एसडीपीओ मो.अमानुल्लाह खान व स्थानीय पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई। शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए घटनास्थल पर पुलिस निगरानी कर रही है।

**अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर भव्य तैयारी**

# प्राण प्रतिष्ठा की पूजन विधि आज से शुरू

एजेंसी

**नई दिल्ली :** राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने सोमवार को पत्रकार वार्ता कर समारोह की तैयारियों और कार्यक्रम की रूपरेखा बताई। उन्होंने कहा कि अयोध्या राम मंदिर में 22 जनवरी को रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर भव्य तैयारियां की जा रही हैं. 18 जनवरी को गर्भगृह में रामलला की मूर्ति अपने आसान पर विराजमान होगी. इस मूर्ति का वजन 150 से 200 किलो के बीच होगा.

वहीं 22 जनवरी को आमंत्रित लोग 2 बजे के बाद गर्भगृह में भगवान राम के दर्शन कर पाएंगे. सुबह दस बजे सभी आमंत्रित लोगों को प्रवेश करना होगा. राम मंदिर परिसर के अंदर यज्ञशाला बनी है. नौ कुंड, 120 वैदिक पुजारी बुलाए गए हैं. गणेश्वर शास्त्री और कमलेश्वर दीक्षित की देखरेख में सभी कार्यक्रम होंगे. आज जो यजमान होगा, वो 22 जनवरी तक रहेगा. अयोध्या तीर्थ क्षेत्र के महामंत्री चंपत राय ने कहा है कि सभी प्रकार की तैयारियां पूरी की जा रही हैं. 22 जनवरी को पौष शुक्ल द्वादशी अभिजीत मुहूर्त है.

प्राण प्रतिष्ठा दोपहर 12 बजकर 20 मिनट पर शुरू होगी. इसे गणेशेश्वर शास्त्री द्राविड ने निर्धारित किया है. कर्मकांड की संपूर्ण प्रक्रिया कृष्णकांत दीक्षित कराएंगे. वहीं प्राण प्रतिष्ठा की पूजन विधि 16 जनवरी से शुरू होकर 21 जनवरी तक चलेगी. 22 जनवरी को न्यूनतम आयोजन विधि होगी. पत्थर की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होगी.

### * प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर भव्य तैयारी : चंपत राय

**बालक के स्वरूप में होगी प्रतिमा**

चंपत राय ने बताया गया कि प्रतिमा पांच वर्ष के बालक के स्वरूप में होगी. प्रतिमा को जल, अन्न, औषधि, घी इत्यादि अनेक प्रकार से निवास कराया जाता है. इसको पूजा पद्धति में अधिवास कहते हैं. ये बड़ी कठिन पूजा होती है, अन्न-जल और सैय्या वास होता है. उन्होंने कहा कि साधु-संतों में सारा भारत, सभी भाषी, शैव, वैष्णव, शाक्त, गणपति, सिख, बौद्ध, जैन, छह दर्शन कबीर पंथी, वाल्मीकि, शंकर, देव, इस्कॉन, रामकृष्ण, अकाली, स्वामी नारायण, वरकाणा, वीर, शैव और लिंगायत संप्रदाय के लोग उपस्थिति रहेंगे.

### अरुण योगीराज द्वारा निर्मित मूर्ति का हुआ चयन

अरुण योगीराज द्वारा कृष्णशिला पर निर्मित मूर्ति का हुआ चयन श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि कर्नाटक के प्रसिद्ध मूर्तिकार अरुण योगीराज द्वारा कृष्णशिला पर निर्मित मूर्ति का चयन भगवान श्री रामलला सरकार के श्री विग्रह के रूप में प्रतिष्ठित होने हेतु किया गया है।



### प्रधानमंत्री के साथ मौजूद रहेंगे चार अन्य विशिष्ट अतिथि

श्री राम जन्म भूमि क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय की ओर से डाक से भेजे गए पत्र में श्री राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम तीन घंटे से ज्यादा समय तक चलने की बात कही गई है। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत, राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, श्री राम जन्म भूमि क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास मौजूद रहेंगे।

### 22 जनवरी को अयोध्या में 100 से ज्यादा चार्टेड प्लेन आने की संभावना

चंपत राय ने बताया गया कि इस समारोह में 65 से 75 मिनट का वक्त लगेगा. अमरनाथ, मानसरोवर, गंगोत्री, हरिद्वार, प्रयागराज का संगम तट, नर्मदा, गोदावरी, नासिक गोकर्ण का जल आया है. श्रद्धापूर्वक जल और रज ला रहे हैं. कन्या पक्ष के लोग वर पक्ष को भेंट देते हैं. दक्षिणी नेपाल के वीरगंज और मिथिला से एक हज़ार टोकरों में भेंट लेकर आए हैं. सीतामढ़ी क्षेत्र से भी लोग आए हैं. रामजी की ननिहाल छत्तीसगढ़ से लोग आए हैं. साधू जोधपुर से घी लेकर आए हैं.बताया जा रहा है कि 22 जनवरी को अयोध्या में 100 से ज्यादा चार्टेड प्लेन आने की संभावना है. हांगकांग और अमेरिका समेत दुनिया के कई देशों से लोग आ रहे हैं.

## शायर मुनव्वर राना के निधन पर पीएम ने जताया शोक



एजेंसी

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मशहूर शायर मुनव्वर राना के निधन पर सोमवार को दुख व्यक्त किया. उन्होंने माइक्रो ब्लॉगिंग साइट एक्स पर लिखा,मुनव्वर राना के निधन से दुख हुआ. उन्होंने उर्दू साहित्य और कविता में समृद्ध योगदान दिया. उनके परिवार और प्रशंसकों के प्रति संवेदनाएं. उनकी आत्मा को शांति मिले. समाजवादी पार्टी चीफ अखिलेश यादव ने भी राना के देहांत पर दुख जताया. उन्होंने एक्स पर लिखा- तो अब इस गांव से रिश्ता हमारा खत्म होता है, फिर आंखें खोल ली जाएं कि सपना खत्म होता है. देश के जाने-माने शायर मुन्नवर राना का निधन अत्यंत हृदय विदारक है। मैं दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करता हूं। भावभीनी श्रद्धांजलि। शायर राना को रविवार देर रात दिल का दौरा पड़ा था, जिसके बाद वह अनंत सफर पर निकल गए. वह पिछले कुछ दिनों से लखनऊ के पीजीआई में भर्ती थे. बेटे तबरेज ने बताया कि करीब 14 दिन पहले उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया था. वह लखनऊ के मेदांता में थे, जिसके बाद उन्हें एसजीपीजीआई में एडमिट कराया गया.

## मोदी सरकार के नौ साल में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले

एजेंसी

**नई दिल्ली :** नीति आयोग ने सोमवार को एक रिपोर्ट में कहा कि 2013-14 से 2022-23 तक नौ वर्षों में 24.82 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी से बाहर निकले। इस दौरान उत्तर प्रदेश, बिहार और मध्य प्रदेश में बहुआयामी गरीबी में सबसे बड़ी गिरावट दर्ज की गई। बहुआयामी गरीबी को स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवन स्तर में सुधार के आधार पर मापा जाता है। नीति आयोग के चर्चा पत्र के अनुसार, भारत में बहुआयामी गरीबी 2013-14 के 29.17 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में 11.28 प्रतिशत हो गई, इस अवधि के दौरान लगभग 24.82 करोड़ लोग इस श्रेणी से बाहर निकल गए।

उत्तर प्रदेश में पिछले नौ वर्षों के दौरान बहुआयामी गरीबी से 5.94 करोड़ लोग बाहर निकले। इसके बाद बिहार में 3.77 करोड़, मध्य प्रदेश में 2.30 करोड़ और राजस्थान में 1.87 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी के दायरे से बाहर




निकले। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि 2005-06 से 2015-16 की अवधि (7.69 प्रतिशत वार्षिक गिरावट की दर) की तुलना में 2015-16 से 2019-21 के बीच गरीबी अनुपात में गिरावट की गति बहुत तेज गिरावट की वार्षिक दर 10.66 प्रतिशत रही। नीति आयोग के अनुसार, राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी में स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवन स्तर में बदलावों के आधार पर वंचितों का आकलन किया जाता है। इन्हें विकास के 12 सतत लक्ष्यों पर आधारित संकेतकों के जरिए मापा जाता है। इनमें पोषण, बाल और किशोर मृत्यु दर, मातृ स्वास्थ्य, स्कूली शिक्षा के वर्ष, स्कूलों में उपस्थिति, खाना पकाने के ईंधन, स्वच्छता, पेयजल, बिजली, आवास, संपत्ति और बैंक खाते शामिल हैं।

## ईडी अधिकारियों पर हमला मामले में पुलिस के लचर रवैये पर हाई कोर्ट ने लगाई फटकार

एजेंसी

**कोलकाता :** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने ईडी और सीएपीएफ कर्मियों पर पांच जनवरी को हुए हमले की जांच में ढुलमुल रवैये के लिए पश्चिम बंगाल पुलिस को कड़ी फटकार लगाई। ईडी और सीएपीएफ कर्मियों पर उस समय हमला किया गया, जब उन्होंने राशन वितरण मामले के सिलसिले में पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली में स्थानीय तृणमूल कांग्रेस नेता शेख शाहजहां के आवास पर छापेमारी और तलाशी का प्रयास किया। जैसे ही मामले से संबंधित एक मामला न्यायमूर्ति जय सेनगुप्ता की एकल-न्यायाधीश पीठ में सुनवाई के लिए आया, उन्होंने मामले मे अब तक केवल चार लोगों को गिरफ्तार करने पर आपत्ति जताई। न्यायमूर्ति सेनगुप्ता ने इस बात पर निराशा व्यक्त की कि जब हमले का आरोप हजारों लोगों की भीड़ पर है, तो हमले के दस दिन बीतने के बाद केवल चार लोगों को कैसे गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने इस बात पर भी निराशा व्यक्त की कि



राज्य सरकार ने अभी तक इस मामले में केस डायरी अदालत में जमा नहीं की है।जज ने कहा,केवल केस डायरी ही बता सकती है कि मामले की जांच में अब तक क्या प्रगति हुई है। जस्टिस सेनगुप्ता ने सवाल किया, क्या घटना के बाद पुलिस ने शेख शाहजहां के घर के अंदर जाने का प्रयास किया? उन्होंने राज्य पुलिस को मंगलवार तक केस डायरी अदालत में जमा करने का भी निर्देश दिया। उसी दिन मामले की दोबारा सुनवाई होगी। न्यायमूर्ति ने यह भी सवाल किया कि राज्य पुलिस ने स्थानीय नज़ात पुलिस स्टेशन में दर्ज एफआईआर में भारतीय दंड संहिता की धारा 307 को शामिल क्यों नहीं किया। जस्टिस सेनगुप्ता ने सवाल किया क्या नज़ात पुलिस स्टेशन द्वारा मामले की जांच जारी रखने का कोई मतलब है ? इस पर राज्य के महाधिवक्ता किशोर दत्ता ने कहा कि राज्य पुलिस की टीम ने तीन बार शेख शाहजहां के आवास का दौरा किया और हर बार उन्हें आवास पर ताला लगा मिला।

## मुंबई :10 करोड़ की विदेशी सिगरेट जब्त

**मुंबई (एजेंसी):** नवी मुंबई स्थित न्हावा शेवा बंदरगाह में दुबई से आए एक कंटेनर में राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) की टीम ने छापा मारकर 10 करोड़ रुपये के विदेशी सिगरेट के स्टॉक को जब्त किया है। यह सिगरेट कालीन में छिपा कर लाया गया था। इस मामले की गहन छानबीन डीआरआई की टीम कर रही है। डीआरआई सूत्रों ने सोमवार को बताया कि न्हावा शेवा बंदरगाह पर विदेशी सिगरेट का स्टॉक आने की जानकारी मिली थी।



## सूर्य नारायण वन मुकुंदपुर में दीपोत्सव के साथ-साथ अखंड कीर्तन का होगा कार्यक्रम

**केतार (गढ़वा)(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: अयोध्या में प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के सुप्रसिद्ध सूर्य नारायण मंदिर मुकुंदपुर में मंदिर विकास समिति के पदाधिकारी ने बैठक किया। बैठक में कार्यक्रम करने को लेकर उक्त इस अवसर परदीपोत्सव, महाप्रसाद वितरण एवं अखंड कीर्तन का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। साथ ही बैठक में धर्मेंद्र कुमार सिंह को सूचना मंत्री बनाया गया। मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष योगेंद्र कुमार सिंह, सचिव रविकांत चंद्रवंशी, उपसचिव नगीना वियार, धर्मेंद्र सिंह,सुरेंद्र कुमार सिंह, चंद्रदेव ठाकुर,दिल किशोर प्रसाद,गोपाल वियार,दिनेश गुप्ता,जयकुमार पासवान, बिंदु साह,नागा चंद्रवंशी सहित अन्य लोग शामिल थे।

## उर्दू शिक्षक के पद को समाप्त करना अल्पसंख्यक विरोधी होने का परिचायक : मसरूर

**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: यूनाइटेड मिल्ली फोरम एवं ऑल इंडिया आइडियल टीचर्स एसोसिएशन की संयुक्त बैठक नगर पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दीकी के आवासीय परिसर में हुई। अध्यक्षता हाजी अब्बास अंसारी ने की। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड सरकार द्वारा शिक्षक प्रोन्नति नियमावली 2024 के ड्राफ्ट में यह अंकित है कि इंटरमीडिएट उर्दू सहायक शिक्षक के पद को मरणशील कर समाप्त कर दिया जाएगा और इस पद पर अब नई नियुक्ति नहीं होगी। बैठक में मौजूद लोगों ने सरकार के इस कदम का कड़े शब्दों में विरोध किया। कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष मसरूर अहमद ने कहा कि शिक्षा विभाग बिहार सरकार ने 1999 में 4401 पद सृजित किया था। जिसमें उर्दू शिक्षक के बचे हुए 3712 पदों को इस नियमावली के माध्यम से झारखंड सरकार सरेंडर कर देना चाहती है।जो उर्दू भाषी लोगों के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। इससे उर्दू भाषी छात्र- छात्राएं उर्दू की शिक्षा से वंचित हो जाएंगे। बैठक में इजहार अंसारी, मौलवी अब्दुल रहीम, मो. अली ,ताहिर अली, सज्जू खान, अशरफ हसन, मुजफ्फर हुसैन, शकील अहमद, मो. जुबैर अंसारी मौजूद थे।

## बड़ेपुर गांव के समीप दो बाइक में जोरदार टक्कर, तीन घायल

**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: हुसैनाबाद थाना अंतर्गत जपला दंगवार मुख्य मार्ग पर बड़ेपुर गांव के समीप दो बाइक में जोरदार टक्कर हो गयी ,जिसमे तीन बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल हो गए, स्थानीय लोगो के सहयोग से घायलो को हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया , जहां इलाज के बाद चिकित्सकों ने दो घायल मोहित व पवन को गम्भीर स्थिति देखते हुए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया, घायलों में हुसैनाबाद के डिहरी विश्रामपुर के मोहित कुमार, पवन उरांव व मनीष उरांव कामत गांव के रहने वाले है, बताया जाता है कि एक बाइक सवार दंगवार से मेला देख कर आ रहा था वही दूसरे बाइक सवार जपला से कामत घर जा रहे थे। उसी क्रम में बड़ेपुर हाई स्कूल के समीप जोरदार टक्कर हो गयी जिससे सभी घायल हो गए।

## प्रतिबंधित दवा बेचते हुए मामा-भांजा गिरफ्तार

**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: पलामू जिले के तरहसी प्रतिबंधित नशीली दवा कोरेक्स की खरीद बिक्री करने के आरोप में बेदानी चौक से मामा-भांजे को गिरफ्तार किया गया है. उनके पास से 90 बॉटल प्रतिबंधित कोरेक्स दवा बरामद की गयी है. प्रत्येक बॉटल में 100 एमएल दवा भरी हुई पाई गई है. दोनों को सोमवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया. उनकी पहचान मटपुरही के 29 वर्षीय अमित कुमार पांडे (मामा) पिता अंजनी पांडे एवं 20 वर्षीय चिलहो के नितेश पांडे (भांजा) के रूप में हुई है. दोनों बेदानी चौक पर गुमटीनुमा दुकान में नशीली दवा की खरीद बिक्री करते थे.तरहसी थाना के पुलिस अवर निरीक्षक सुमित कुमार दास 13 जनवरी को दिवा गस्ती में निकले थे. बेदानी चौक के पास पहुंचने पर गुप्त सूचना मिली कि बगही में पेट्रोलपंप के पास स्थित एक गुमटी में नशा करने वाला प्रतिबंधित कोरेक्स दवा रखकर बिक्री की जा रही है. सूचना के आलोक में तरहसी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सा पदाधिकारी डा. नदीम सिद्दीकी के साथ कार्रवाई की गयी और गुमटी से 90 बॉटल कोरेक्स दवा बरामद करते हुए दोनों मामा-भांजे को गिरफ्तार किया गया. उन्होंने पूछताछ के दौरान बताया कि एक वर्ष पूर्व बिहार के गया से एक व्यक्ति पेट्रोल पंप पर तेल भरवाने के लिए आया था. उसने अधिक मुनाफा कमाने का लालच देकर कोरेक्स दवा बेचने के लिए कहा था. उसके द्वारा लगातार दवा लाकर बेचने के लिए दिया जाता था. प्रत्येक दिन 8 से 10 बॉटल दवा बेच दी जाती थी.बता दें कि उपरोक्त गुमटी के अलावा अन्य दुकानों में प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री नशे के लिए धड़ल्ले से की जाती है. इससे आपराधिक घटनाओं के साथ साथ सड़क हादसे होते हैं।



## मादक पदार्थ बेचने के आरोप में तीन गिरफ्तार

**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर में मादक पदार्थ हेरोइन का कारोबार करने वाले तीन अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिसमें एक महिला और दो युवक शामिल हैं। पुलिस को जानकारी मिली थी कि शहर थाना क्षेत्र के जेलहाता में हरि निवास के पास स्थित विभूति निकेतन के पीछे झोपड़ी में हेरोइन बेचा जाता है। नशे के इस कारोबार में अप्पू उरॉव का परिवार शामिल है।हेरोइन बेचने के आरोप में ही अप्पू उरांव जेल में बंद है। अप्पू के जेल जाने के बाद उसकी पत्नी अजंती देवी इस धंधे को चला रही थी। अजंती भी कुछ साल पहले हेरोइन बेचते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार हुई थी। एनडीपीएस एक्ट के तहत उसके ऊपर मुकदमा भी दर्ज है। शहर के रिहायशी इलाके में नशीला पदार्थ के कारोबार से मुहल्लेवासी असहज व असुरक्षित महसूस कर रहे थे। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अभय कुमार सिन्हा को मिली सूचना पर टीओपी एक प्रभारी अशोक कुमार दुबे के साथ पुलिस जवानों ने जेलहाता में विभूति निकेतन के पीछे घेराबंदी करते हुए छापेमारी की। जिसमें दो युवक व एक महिला के पास से हेरोइन जब्त किया गया। गिरफ्तार अपराधियों में अजंती देवी, राजा उरांव व मोहित कुमार शामिल हैं। तीनों के पास हेरोइन 25.25 ग्राम हेरोइन और 1750 रूपया बरामद हुआ। पुलिस ने रविवार को तीनो को जेल भेज दिया।

# श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर सभी गायत्री शक्तिपीठों में होगा विराट दीपयज्ञ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** विश्व गायत्री परिवार गढ़वा शाखा की जिलास्तरीय वार्षिक गोष्ठी कल्याणपुर शक्तिपीठ स्थल में की गयी. इसमें संगठन के विस्तार एवं वार्षिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गयी. इसके तहत वर्ष 2024 में प्रत्येक महीने क्रमवार ढंग से सभी प्रखंडों में यज्ञ का आयोजन करने, सभी प्रखंडों में मंडल इकाई का गठन करते हुये युग निर्माण आंदोलन व संस्कार परंपरा को घर-घर तक पहुंचाने, भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में विद्यार्थियों की भागीदारी बढ़ाने, कल्याणपुर शक्तिपीठ निर्माण को पूरा करने आदि का निर्णय लिया गया. इसके साथ ही आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दिन जिले के सभी शक्तिपीठों में एक दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा. शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देश पर शाम में शक्तिपीठों में विरोट दीपयज्ञ का आयोजन किया जायेगा.बैठक में इस बात पर जोर दिया गया कि युगऋषि पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य की 21वीं सदी के विषय में की गयी घोषणा एक-एककर सच साबित हो रही है. भारत तेजी से विश्वशक्ति के रूप में उभर रहा है और धीरे-धीरे पूरी दुनिया शांति की तलाश में भारत की ओर निहार रही है. इस बदलाव की आहट के रूप में वर्तमान में अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर भारत सहित पूरे विश्व में बने दिव्य वातावरण को देखा जा सकता है. धीरे-धीरे सभी देश भारत के साथ मित्रता को आतुर हैं. इस युग परिवर्तन की घड़ी में गायत्रीजनों को युगऋषि के विचारों को जन-जन तक पहुंचाकर अपनी भूमिका निभाने का आह्वान किया गया.गोष्ठी में गढ़वा प्रखंड से अखिलेश कुमार कुशवाहा, मझिआंव से अच्युतानंद तिवारी, बरडीहा से डॉ राम नरेश प्रसाद, विशुनपुरा से पंकज गुप्ता, रंका से बजेंद्र चौधरी, भवनाथपुर से बजरंगी प्रसाद, कांडी से रामरेखा प्रजापति, महिला मंडल से अनिता देवी आदि ने अपने-अपने प्रतिवेदन प्रस्तुत किये. गोष्ठी के दौरान युवा समन्वयक वीरेंद्र सोनी ने अपने युग संगीत से सभी को प्रभावित किया. गोष्ठी में उपरोक्त लोगों के अलावे संतन मिश्र, सहायक प्रबंध ट्रस्टी डॉ आलोक रंजन दूबे, डॉ जयप्रकाश ठाकुर, अनिल विश्वकर्मा, वृंदा ठाकुर, मिथिलेश कुशवाहा, चंद्रमणि कुमार, पप्पू कुमार, शोभा पाठक, मीना कमलापुरी, कांति दूबे, सुनंदा दूबे सहित काफी संख्या में महिला-पुरूष उपस्थित थे ।

## हवन पूजन भव्य भंडारा के साथ सुंदरकांड का पाठ कराएगी विष्णु मंदिर संचालन कमेटी : विरेन्द्र तिवारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर पलामू :** आगामी 22जनवरी भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा के दिन अयोध्या नगरी की तर्ज पर तोलरा के मंदिर को भव्य सजाया जाएगा। यह उक्त बातें तोलरा विष्णु मंदिर के संरक्षक सह गढ़वा एलआईसी ऑफिसर ने कहा।विरेन्द्र तिवारी आज गढ़वा स्थित कार्यालय में मिडिया से मुखातिब थे ।विरेन्द्र तिवारी ने बताया यह ऐतिहासिक दिन सभी भारतियों को सजाने का दिन है यह दिन का ईतजार लिए वर्षो से सनातन प्रेमी उम्मीद लगाए बैठे थे।विरेन्द्र तिवारी ने आगे बताया तोलरा के सभी मंदिर में साफ सफाई कराया जाएगा तथा विष्णु मंदिर के चारो तरफ भगवा झण्डा लगाया जायगा तथा जगह-जगह तोरण द्वार बनाया जाएगा इसी के साथ दिन में सुंदरकांड का पाठ कराया जाएगा फिर हवन पूजन एवं शाम में भंडारा कराया जाएगा। एलआईसी ऑफिसर ने इस पुनीत मौके पर लोगो को बढ़चढ़कर भाग लेने की अपील ग्रामीणों से किए हैं।

# जनता से किया गया एक एक वादा पूरा करने का कर रहे हैं प्रयास : कमलेश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**हुसैनाबाद :** हरिहरगंज के अररुआ- तुरी सड़क में बटाने नदी पर चीर प्रतीक्षित पुल निर्माण कार्य पूरा करने की निविदा निकलने से हरिहरगंज प्रखंड के साथ साथ सड़क से जुड़े बिहार के लोगों में भी हर्ष है। विधायक कमलेश कुमार सिंह ने हुसैनाबाद में पत्रकारों को बताया कि हरिहरगंज क्षेत्र के संबंधित गांव के लोगों की एक मात्र मांग पुल का निर्माण कराने की थी। उन्हे हरिहरगंज आने जाने के लिए नदी पार कर आना जाना पड़ता है। श्री सिंह ने कहा कि झारखंड सरकार के ग्रामीण कार्य विभाग ने 137.02 लाख की लागत से पुल निर्माण कार्य पूरा कराने की निविदा सोमवार को निकाल दी है। छह माह में कार्य पूरा करने का समय निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि हुसैनाबाद हरिहरगंज की लगभग सभी सड़को के काया कल्प करने का काम इस वर्ष पूरा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि जपला नबीनगर मुख्य पथ का निर्माण कार्य का मंगलवार को शिलान्यास के बाद कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार के नकारात्मक रवैया के बावजूद काफी प्रयास कर धरातल पर योजनाओं को उतारा जा रहा है। उन्होंने आम लोगों से निर्माण कार्यो को गुणवत्तापूर्ण कराने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि किसी के द्वारा विकास कार्यों में गड़बड़ी की जाती है तो उसकी सूचना जरूर दें। तत्काल कार्रवाई की जाएगी। ज्ञात हो कि पूर्व में ग्रामीणों से सुर्या सिंह के दौरे के क्रम में अर्धनिर्मित तुरी पुल को पूर्ण कराने की मांग की थी।ग्रामीणों की मांग पर सुर्या सिंह ने पुल का जायजा लेकर जल्द पूर्ण कराने का अस्वासन दिया था।बधाई देने वालों में हरिहरगंज एनसीपी प्रखंड अध्यक्ष मनीष सिंह , सरोज मेहता , अखिलेश मेहता , रामु यादव , संदीप यादव , अजय सिंह , प्रवेश भुइयाँ के अलावा सैकडों तुरी पंचायत के ग्रामीण शामिल थे।

# ग्राम लादी में अयोध्या से आए निमंत्रण पत्र और अक्षत का वितरण किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**चैनपुर(पलामू)**: चैनपुर प्रखंड अंतर्गत झरिवा पंचायत के टोला लादी मे सोमवार को पंडित देवराज शर्मा ने अपने गांव के दर्जनो हिन्दु साथी के साथ मिलकर गाजे बाजे के साथ माथे पर कलश लेकर पंचायत के सभी हिन्दुओं के घर घर जाकर 22 जनवरी को अयोध्या मे भगवान राम का भव्य कार्यक्रम व मुर्ति स्थापना मे शामिल होने के लिए निमंत्रण पत्र व अक्षत वितरण किया।साथ ही सभी हिंदु परिवारों को निमंत्रण देते हुए कहा कि भगवान राम का राजा अभिषेक 22 जनवरी को अयोध्या में भव्य आयोजन होने जा रहा हैं।जिसका बराती हम सभी हिंदु भाईयों को बढ़ चढ़कर बारात में शामिल होने की जरूरत हैं जिससे की राजा अभिषेक गवाह बन सके प्रेता युग के बाद कलयुग में उसी प्रकार से भव्य राज्य अभिषेक भगवान राम का 22 जनवरी को होने जा रहा हैं।मौके पर नन्दकिशोर चन्द्रवंशी, मनोज चन्द्रवंशी, मंटु सिंह, सिकंदर सिंह, सुमित चन्द्रवंशी, विकाश मिश्रा, उमेश बैठा, जितेन्द्र राम, अमित चन्द्रवंशी, कामेश्वर प्रजापति,हरिश कुमार,दुलार बैठा, विनोद बैठा, सिकंदर राम, विकाश शर्मा सहित कई लोग इस शोभा यात्रा में शामिल थे।

## प्रखंड प्रमुख ने गरीबो के बीच ठंड से बचने के लिए किया कम्बल का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी ने सोमवार को प्रखंड के विलासपुर पंचायत के 50 गरीब,असहाय,विधवा व दिव्यांगों के बीच कम्बल वितरण किया. इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी ने कहा कि कड़ाके की पड़ रही ठंड को देखते हुये ठंड से बचाव के लिये गरीब,असहाय, विधवा व दिव्यांगों के बीच कम्बल का वितरण किया गया है. उन्होंने कहा कि उनके द्वारा लगातार कई वर्षो से कम्बल वितरण किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि मानवता की सेवा से बड़ा कोई धर्म नही है.मौके पर पूर्व प्रखंड प्रमुख रविन्द्र कुमार पासवान, सुखदेव विश्वकर्मा, राजेश्वर विश्वकर्मा, मदन यादव, विवेक पासवान, विनोद चौधरी सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## प्रथम वार्ड पार्षद प्रमीला देवी ने जानवी ड्राई किलनर का किया उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर(पलामू)**: प्रखंड अंतर्गत शाहपुर वार्ड नम्बर 32 मे ग्रामीण बैंक के सामने जानवी ड्राई किलनर का हुआ शुभारंभ कार्यक्रम का मुख्य अतिथि सह उद्घाटन करता प्रथम वार्ड पार्षद सदस्य सह जोन अध्यक्ष प्रमिला देवी ने फीता काटकर प्रतिष्ठाण का उद्घाटन किया। मौके पर पार्षद प्रमिला देवी ने कहा कि हमारे जोन क्षेत्र में इस प्रकार की प्रतिष्ठाण खुलना बहुत ही अच्छी बात है इस प्रकार के ड्राई किलनर खुलने से शाहपुर एवं चैनपुर की जनता को बहुत ही सहूलियत होगी प्रतिष्ठान के प्रोपराइटर रणजीत सिंह ने कहा कि हमारे यहां सभी प्रकार के ड्राई किलनर एवं पोलिश का उचित दाम पर कार्य किया जाएगा। उद्घाटन समारोह में शामिल गणेश जायसवाल,पंकज जयसवाल, लाल पासवान, चैनपुर भाजपा मीडिया प्रभारी धीरज जायसवाल, प्रभा देवी, आशा देवी, ममता देवी, रविंद्र पासवान, लवलेश प्रजापति सहित कई लोग शामिल थें।

# पत्रकार को मातृ शोक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिशुनपुरा :** प्रखंड के पत्रकार सुनिल रवि के मां गंगिया देवी के ब्रह्मभोज कार्यक्रम में उपस्थित हुए भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक अनन्त प्रताप देव उर्फ छोटे राजा, भाजपा नेता पुष्प रंजन, जिला परिषद सदस्य सह जेएमएम केंद्रीय सदस्य शंभू राम चंद्रवंशी, जदयू जिला अध्यक्ष रवि प्रकाश केसरी सहित सैकड़ों लोग। सभी ने तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजली दिया। आपको बताते चलें कि पत्रकार सुनिल रवि पिता नरेश राम की पत्नी गंगिया देवी का निधन बीते दिन 3 जनवरी अकस्मात हो गई थी। जहां शनिवार को उनके ब्रह्मभोज कार्यक्रम में बिशुनपुरा जिला परिषद् सदस्य शंभू चंद्रवंशी, ब्लॉक प्रमुख दीपा कुशवाहा, मुखिया प्रतिनिधि प्रवीण यादव, भाजपा नेता पुष्परंजन, विधायक प्रतिनिधि कृष्णा विश्वकर्मा, जितेंद्र दीक्षित, बिशुनपुरा पंचायत पूर्व मुखिया प्रतिनिधि सह समाजसेवी बलराम पासवान, ओमप्रकाश कुमार , नवल किशोर गुप्ता, संजय यादव, सत्यनारायण विभूति ठाकुर, फेकू ठाकुर, प्रमुख प्रतिनिधि चंदन कुमार मेहता, उप प्रमुख कविता देवी,फलेंद्र देव, विद्या प्रसाद गुप्ता, संजय यादव,गढ़वा दृष्टि हेड राजीव कमलापुरी, ज्वाला कमलापुरी,नगर उंटारी पत्रकार इदरीश अंसारी, बबलू भारद्वाज, पत्रकार राजू सिंह, आशुतोष गुप्ता, अशोक मेहता,महेंद्र कुमार गुप्ता, शिक्षक मुकेश चंद्रवंशी सहित सैकड़ो लोग उपस्थित हुए।

# ग्रासिम इंडस्ट्रीज अपने सामाजिक दायित्व का भी करती है निर्वहन : हितेन्द्र अवस्थी

***बीसीसीएल जन सेवा ट्रस्ट ने 500 जरूरतमंदो के बीच किया कंबल का वितरण***

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**विश्रामपुर (पलामू) :** रेहला ग्रासिम इंडस्ट्रीज का सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग व बीसीसीएल जन सेवा ट्रस्ट ने प्रत्येक वर्ष की भांति मकर संक्रांति के अवसर पर इस बार भी गरीब व जरूरतमंद लोगों के बीच 500 कंबल व गुड़ा चूड़ का वितरण किया.वितरण समारोह का आयोजन बेलचम्पा व्यवसायिक केंद्र में किया गया था.कंबल वितरण समारोह की अध्यक्षता ग्रासिम इंडस्ट्रीज के इकाई प्रमुख हितेंद अवस्थी व संचालन जन सेवा ट्रस्ट के अनिल गिरी ने किया.हितेंद्र अवस्थी ने कहा कि ग्रासिम इंडस्ट्रीज हमेशा से अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन करता रहा है.संस्थान आसपास के क्षेत्र में सामाजिक व आर्थिक विकास के लिए दृढ़ संकल्पित है.इसी संकल्प के तहत स्वास्थ, शिक्षा, सामाजिक सरोकार, जरूरतमंदों की मदद सहित कई कार्य किया जाता है.श्री अवस्थी ने कहा कि जनसेवा ट्रस्ट स्थानीय महिलाओं व युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए प्रशिक्षित करता है.इतना हीं नहीं रोजगार के लिए दर्जनों स्वयं सहायता समूह का गठन करते हुए सभी को प्रशिक्षित कर स्वरोजगार से जोड़ चुकी है.अनिल गिरी ने भी सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग के द्वारा किए जाने वाले कार्यो की विस्तृत जानकारी लोगों को दी.बताया कि इस वर्ष कुल 1500 कंबल वितरित करने का लक्ष्य है.मौके पर मुखिया राधा कृष्ण सब,मुख्तार अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे।

# सरैया पंचायत की मुखिया ने सास के श्राद्ध कर्म में कंबल का वितरण किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** पिपरा प्रखंड के सरैया पंचायत की मुखिया प्रियंका तिवारी के सास प्रभा देवी 65 वर्ष के निधन के बाद ब्रह्मभोज में सोमवार को सरैया पंचायत के मुखिया प्रियंका तिवारी ने सैकड़ों गरीब लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। मुखिया ने कहा कि ठंड को देखते हुए जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया है। गरीब असहाय कि मदद करना सबसे बड़ा पुण्य का काम है। अभी काफी ठंड पड़ रही है जिसको देखते हुए गरीब असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया है, जरुरतमंदों को मदद करना सबसे बड़ा पुण्य का काम होता है।मृतका प्रभा देवी लंबे समय से बीमार चल रही थी, जमुहार अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया था। हुसैनाबाद के विधायक कमलेश कुमार सिंह, पुनपुन उद्गम स्थल विकास समिति के अध्यक्ष डॉ रविकांत तिवारी सहित काफी संख्या में लोग मृतक के घर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त किया है। सामाजिक कार्यकर्ता विकास तिवारी ने बताया कि मां के श्राद्ध कर्म का कार्यक्रम लातेहार आवास से संपन्न हुआ है, उन्होंने पिपरा प्रखंड से आये बड़ी संख्या में लोगों का आभार व्यक्त किया है।मृतका प्रभा देवी के पति रामराज तिवारी फारेस्ट विभाग के अधिकारी पद से सेवानिवृत्त हुए है। वे अपने पिछे पति एवं भरा पूरा परिवार छोड़ गई।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन से आपसी भाईचारे को बढ़ावा मिलता है : कर्नल संजय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** प्रखंड क्षेत्र के ढंगवार ओपी अंतर्गत श्री सुर्य मंदिर मेला कमेटी के तत्वधान में मकरसंक्रांति के शुभ अवसर पर आयोजित भक्ति जागरण सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन सोमवार को भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक सह किसान ब्रिगेड संरक्षक कर्नल (डॉ.) संजय कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित एवम फीता काटकर किया। उद्घाटन के पश्चात अपने संबोधन में कर्नल संजय सिंह ने कहा कि सुर्य मंदिर मेला कमिटी ढंगवार प्रति बर्ष मेला के आयोजन में अपने नाम के अनुरूप बेहतर कार्य कर रही है जो एक सराहनीय कदम है। यहां के लोगों ने बर्षो से अयोजित होती आ रही मेला को शांति पूर्वक सफल बनाने का काम किया है। एक ओर सांस्कृतिक कार्यक्रम से लोगों का जहां मनोरंजन होता है वहीं दूसरी ओर लोगों के ज्ञान में वृद्धि होती है। मौके पर मेला कमिटी के अध्यक्ष वकिल सिंह मनोज प्रसाद गुप्ता विवेक गुप्ता राजकुमार मेहता संतलाल चौधरी राकेश चौधरी प्रमोद पासवान बद्रीनारायण सिंह मृत्युंजय सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### उड़ान आईएएस अकादमी के जेएसएससी - सीजीएल के रिहर्सल टेस्ट का किया आयोजन

**रांची।** उड़ान आईएएस अकादमी के द्वारा जेएस एससी -सीजीएल के रिहर्सल टेस्ट का आयोजन किया गया। यह रिहर्सल टेस्ट जेएस एससी आयोग के द्वारा आयोजित होने वाली परीक्षा के अनुरूप एक दिन में तीन पेपर (पेपर-1 ,पेपर- 2 ,पेपर-3) के प्रारूप के अनुरूप आयोजित किया गया । इस रिहर्सल टेस्ट का आयोजन झारखण्ड के 10 शहरों के साथ, 1 बिहार के पटना सहित कुल 11 शहरों में हुआ इस टेस्ट में बड़ी संख्या में लगभग 10,000 छात्र ने (95 प्रतिशत उपस्थिति के साथ) भाग लिया। इस सफल आयोजन के लिए उड़ान आईएएस के निदेशक अरुण अग्रवाल सर ने सभी अभ्यर्थियों एवं उड़ान आईएएस अकादमी परिवार के सभी सदस्यों को बधाई दी है ।

### रांची-व्यवहार न्यायालय के अधिवक्ता अभय मिंज का निधन

**रांची।** रांची-व्यवहार न्यायालय के अधिवक्ता सह झारखंड अधिवक्ता मंच के पूर्व सचिव रहे अरसड़े कांके निवासी अभय मिंज (47) का निधन रविवार सुबह 3 बजे ग्लोबल अस्पताल में हो गया। पिछले दिनों ब्रेन हैमरेज के बाद मिंज को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरन निधन हो गया अभय मिंज जिला बार ऐसोसियेशन के चुनाव-2024-26 में बतौर संयुक्त सचिव (पुस्तकालय) के उम्मीदवार पद के लिए नामांकन दाखिल किया था। नामांकन के दो दिनों बाद ही मिंज का ब्रेन हेमरेज हो गया। इनके निधन से व्यवहार न्यायालय रांची के अधिवक्ता परिवार में शोक की लहर है। शोक व्यक्त करनेवालों में मुख्य रूप से संजय कुमार विद्रोही,संजय ठाकुर,उत्तम कुजूर,रविन्द्र कुमार,जकावत निगार, मानदेव भगत, सतीश कुमार,अनिल कुमार कंठ समेत काफी संख्या में अधिवक्ता शामिल हुए।

# भारतीय महिला हॉकी टीम ने न्यूजीलैंड को 3-1 से हराया, आज भी दिखेगा दम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भारतीय महिला हॉकी टीम रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में जारी एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर-2024 के अपने दूसरे पूल-बी मैच में न्यूजीलैंड को 3-1 से हराकर शानदार जीत दर्ज कर ली है। भारत के लिए संगीता कुमारी (1), उदिता (12) और ब्यूटी डुंगडुंग (14) ने गोल किए जबकि न्यूजीलैंड के लिए एकमात्र गोल मेगन हल (9) ने किया। अपने पहले मैच में शनिवार को अमेरिका के खिलाफ 0-1 की निराशाजनक हार के बाद भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच के शुरुआती मिनट में गोल करके शानदार शुरुआत की थी। नेहा ने सर्कल में सलीमा टेटे के लिए शॉट सेट किया और सिमडेगा की प्रतिभाशाली खिलाड़ी संगीता कुमारी ने इसे शानदार फिनिशिंग टच दे दिया। हालांकि अगले ही मिनट में न्यूजीलैंड को मैच का पहला पेनल्टी कॉर्नर मिल गया, लेकिन टीम इसे गोल में तब्दील नहीं कर सकी। इस बीच, भारत ने धैर्यपूर्वक अपने खेल को आगे बढ़ाया और न्यूजीलैंड की डिफेंस को कमजोर कर दिया। दोनों टीमों को अगले मिनटों में फिर पेनल्टी कॉर्नर मिला। लेकिन इस बार न्यूजीलैंड को सफलता मिली और मेगन हल ने 9वें मिनट में गोल करके न्यूजीलैंड को मुकाबले में बराबरी दिला दी। इसके चार मिनट बाद ही लालरेमसियामी ने सर्कल में अच्छा प्रदर्शन करके भारत को फिर से पेनल्टी कॉर्नर दिला दिया। उदिता ने एक तेज-तर्रार शॉट के साथ इस पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर भारत की बढ़त को दोगुना कर दिया। भारत ने पहले क्वार्टर में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और 14वें मिनट में अपनी बढ़त 3-1 कर ली, जब झारखंड की दो खिलाड़ियों-



सलीमा की मदद से ब्यूटी डुंगडुंग ने मेजबान टीम के लिए तीसरा गोल करने का काम किया। 3-1 की शानदार बढ़त ने भारत को दूसरे क्वार्टर में आरामदायक स्थिति में ला दिया। हालांकि इस क्वार्टर में कोई गोल नहीं हुआ और पहले 15 मिनट की तेज गति के बाद टीम की स्पीड थोड़ी धीमी हो गई। लेकिन ब्यूटी, सलीमा और दीपिका ने जोरदार शानदार दिखाकर खचाखच भरे घरेलू दर्शकों को सीटों पर बैठने के लिए मजबूर कर दिया। न्यूजीलैंड की टीम फिर मुकाबले में नई रणनीति और जोश के साथ उतरी। कीवी टीम को इस क्वार्टर में कुछ पेनल्टी कॉर्नर जरूर मिले,वे भारत की डिफेंस में सेंध नहीं लगा पाई। भारतीय कप्तान सविता ने भी पेनल्टी कॉर्नर पर न्यूजीलैंड को स्कोर करने से रोके रखा और कुछ शानदार बचाव किए। इसके बाद निशा भी शानदार खेल दिखाया। इसके बाद भारत ने भी अगले मिनटों में कुछ मौके बनाए लेकिन टीम इसे गोल में नहीं बदल सकी। भारत ने अपने मजबूत डिफेंस के दम 3-1 की बढ़त को बनाए रखा। मेजबान टीम ने न्यूजीलैंड की लगभग सभी शॉट को विफल कर दिया। हालांकि मैच के अंतिम मिनटों में न्यूजीलैंड ने वापसी की पूरी कोशिश की, लेकिन भारत ने धैर्य बनाए रखते हुए इस मैच से तीन अंक हासिल किए।

**भारत को अब अपना अगला मुकाबला 16 जनवरी को इटली के खिलाफ खेलना है:** अमेरिका ने इटली को 2-0 से हराकर सेमीफाइनल की दहलीज पर पहुंच गई। अमेरिका के लिए एशले सेसा ने 20वें मिनट में और एशले होफमैन ने 48वें में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागे। दूसरी हार के बाद इटली की टीम ओलंपिक क्वालीफिकेशन की दौड़ से बाहर हो गई। अमेरिका को अपना अगला मुकाबला मंगलवार को न्यूजीलैंड से जबकि इटली को भारत से खेलना है।

## सांसद संजय सेठ ने 22 जनवरी को अवकाश के लिए मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** अयोध्या में 22 जनवरी को श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सांसद संजय सेठ ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सोमवार को पत्र लिखा है। मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में सांसद ने कहा है कि 22 जनवरी को झारखंड सरकार को अवकाश घोषित करना चाहिए। इसके साथ ही उस दिन मांस और मदिरा की बिक्री पर प्रतिबंध लगाना चाहिए। अपने पत्र में सांसद संजय सेठ ने कहा कि 22 जनवरी भारतीय इतिहास का वह दिन है, जिसकी प्रतिक्षा सदियों से भारत का जनमानस कर रहा था। यह दिन इतने लंबे समय के संघर्ष, त्याग और तपस्या के बाद सौभाग्य के रूप में हम सबको मिला है। हम अपने आराध्य रामलला की पुनः प्रतिष्ठा अयोध्या धाम में कर रहे हैं। इस दिन को लेकर हमारा गौरव इसलिए भी बढ़ जाता है क्योंकि झारखंड से भगवान श्रीराम का भी अनन्य प्रेम रहा है। भगवान राम के अनन्य भक्त श्री हनुमान की जन्मस्थली भी झारखंड ही है। सांसद ने कहा कि निश्चित रूप से यह दिन सिर्फ हिंदू समाज के लिए नहीं बल्कि पूरे भारतवर्ष के लिए अविस्मरणीय दिन है। संविधान और शासन व्यवस्था में हम जिस रामराज्य की संकल्पना की बातें करते हैं, उन्हीं श्री राम की पुनः प्रतिष्ठा सदियों के बाद हो रही है। यह हम जनप्रतिनिधियों और शासन के लिए भी गौरव की बात है।उन्होंने अपने पत्र में कहा है कि इस तिथि को लेकर संपूर्ण समाज स्वतःस्फूर्त होकर दीपावली मनाने की तैयारी कर रहा है। कई सामाजिक और सांस्कृतिक उत्सव की तैयारी चल रही है। निश्चित रूप से राज्य के मुखिया होने के नाते आप भी इस उत्सव में शामिल होंगे, यह विश्वास मुझे है। इस महत्वपूर्ण और पवित्र दिन मेरा आपसे अनुरोध है कि 22 जनवरी को झारखंड में राजकीय अवकाश घोषित किया जाए। इसके साथ ही इस दिन मांस-मदिरा की बिक्री भी प्रतिबंधित की जाए, ताकि रामलला के पुनः आगमन का यह उत्सव हम और भी भावपूर्ण और सात्विक तरीके से मना सके।

## भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर कांग्रेस ने की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** रांची जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो की अध्यक्षता में भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर सोमवार को कांग्रेस भवन रांची में बैठक हुई। डॉ किरण ने कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा झारखंड में अगले माह प्रवेश होने जा रही है। इसके लिए हर प्रखंड से न्याय योद्धाओं को चिन्हत कर और समन्वय स्थापित कर भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल करवाने का आह्वान कार्यकताओं से किया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की यह यात्रा उन सामाज के दबे कुचले लोगों के लिए जिन्हें न्याय नहीं मिला। शोषित महिलाओं और बेरोजगारी के शिकार युवको के लिए यह यात्रा लाभकारी होगा। इस यात्रा से आर्थिक न्याय, सामाजिक न्याय, राजनीतिक न्याय मिलेगी। एससी, एसटी, अल्पसंख्यक, ओबीसी समाजको भी इस यात्रा से लाभ मिलेगा।

## आदिवासी एकता महारैली को लेकर आदिवासी हो रहें हैं गोलबंद : बंधु तिर्की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** 4 फरवरी 2024 को मोरहाबादी मैदान रांची में आहूत आदिवासी एकता महारैली के संबंध में एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन संगम गार्डेन, रांची में संपन्न हुई। इस बैठक में झारखंड राज्य के विभिन्न जिलों से आए आदिवासी मुद्दे के विशेषज्ञों, आंदोलनकारियों, विभिन्न आदिवासी संगठनों के प्रतिनिधियों ने भागीदारी निभाया। इस बैठक में मुख्य रुप से भाजपा आरएसएस की आदिवासी विरोधी नीतियां और आदिवासियों को आपस में लड़ाने का षड़यंत्र पर गंभीरता पूर्वक चर्चा की गई। इसमें यूनिफॉर्म सिविल कोड,वन संरक्षण अधिनियम 2023, प्रकृति पूजक आदिवासियों के लिए अलग सरना धर्म कोड, आदिवासी समुदाय की घटती जनसंख्या, आदिवासी जमीन की लूट-खसौट,आदिवासियों के प्रदत्त संवैधानिक हक-अधिकारों पर लगातार हमला, आदिवासी समुदाय की परंपरागत कानून, पांचवीं अनुसूची,पेसा कानून, आदिवासी समुदाय की सामाजिक एकता को तोड़ने की साज़िश , पूर्ववर्ती मुख्यमंत्री रघुवर दास की भूमि बैंक को रद्द करना जैसे गंभीर विषयों पर अपने -अपने महत्वपूर्ण विचारों/ सुझावों को रखा। इस कार्यशाला में आदिवासी सवालों को केंद्र और राज्य सरकारों और आम आदिवासियों जन समुदायों बीच गंभीरता से उठाने के लिए आदिवासी मुद्दे के लिए दस्तावेज बनाया गया। आगामी 19 जनवरी 2024 इस कार्यशाला में उपस्थित लोगों के द्वारा स्वीकृत दस्तावेज को भारत सरकार/ राज्य सरकार और




आदिवासी समुदाय के लिए जारी किया जाएगा। इस अवसर पर आगामी 4 फरवरी 2024 की आदिवासी एकता महारैली की तैयारी के लिए राज्य स्तरीय विशेष आयोजन समिति की घोषणा की गई। इस राज्य स्तरीय विशेष आयोजन समिति में सदस्यों में लक्ष्मीनारायण मुंडा,अजय तिर्की, शिवा कच्छप,एल एम उरांव, रतन तिर्की,राधा उरांव, जगदीश लोहरा,अमर उरांव,शिव उरांव, भौआ उरांव, हरिनारायण महली, तुलेश्वर उरांव, सुशील ओड़ेया, गोविंदा टोप्पो, विल्सन टोपनो, महेश बेक,जानसन मिंज,हरिकुमार भगत को रखा गया है। इसके लिए केंद्रीय स्तर पर तीन प्रवक्ता प्रभाकर तिर्की, दयामनी बारला,लक्ष्मीनारायण मुंडा को बनाया गया है। इस विशेष आयोजन समिति का काम महारैली के लिए राज्य भर में व्यापक प्रचार- प्रसार और तैयारी की जिम्मेदारी दी गई है । इस कार्यशाला को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने कहा कि आदिवासी समुदाय को तोड़कर आपस में लड़ाने और समूचे आदिवासियों को खत्म करने के लिए बहुत सारी शक्तियां लगी हुई है। आदिवासी समुदाय को इससे सावधान रहने की जरुरत है। ये वही ताकतें हैं जो आदिवासी समुदाय का भला कभी नही चाहती है।

आदिवासी एकता महारैली के संयोजक लक्ष्मीनारायण मुंडा ने कहा कि अब आदिवासियों का अस्तित्व पहचान खत्म करने और बड़ी बड़ी कंपनियों के लिए जमीन लूटने के लिए षडयंत्र हो रहा है।

## भाजपा सांसद दीपक प्रकाश सेपक टकरा एसोसिएशन ऑफ झारखंड के अध्यक्ष बने

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** सेपक टकरा एसोसिएशन ऑफ झारखंड की चुनावी वार्षिक आम सभा बैठक सोमवार को सम्पन्न हो गयी। बैठक में सत्र 2024-2028 के लिए नई कमेटी का गठन किया गया। मौके पर तपेश्वर नाथ मिश्रा (रिटर्निंग ऑफिसर) और झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के पर्यवेक्षक के रूप में रितेश रंजन झा मौजूद थे।



नये सत्र के लिए भाजपा के राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश को अध्यक्ष बनाया गया। सोमवार को हुई इस बैठक के अवसर पर उपस्थित सेपक टकरा एसोसिएशन ऑफ झारखंड के सभी जिले से आये हुए सदस्यों का सांसद दीपक प्रकाश ने उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि उन्हें एक ऐसे खेल के विकास करने की जिम्मेदारी दी गयी है, जिससे आम लोग परिचित नहीं हैं। यह एक अत्यंत ही महत्वपूर्ण कार्य है, जिसे हम सभी को मिलजुलकर सम्पन्न करना है। सभी का यह प्रयास होना चाहिए कि यह खेल जन जन तक पहुंचे।

गठित कमेटी के सदस्य इस प्रकार है अध्यक्ष : दीपक प्रकाश, चेयरमैन : कुमुद प्रसाद साहू, वाइस चेयरमैनः प्रियदर्श अमर, वाइस प्रेसिडेंट : प्रदीप खन्ना, अजित कुमार, मनोज कुमार साहू, मनोज कुमार महतो, एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट : मिथलेश साहू, राजकुमार जैन, देव रत्न चौधरी, सेक्रेटरी : उदय साहू, जॉइंट सेक्रेटरीः प्रकाश गोप, ट्रेजरर : शिवेंद्र नाथ दुबे, एग्जीक्यूटिव मेम्बरः उमा रानी पालित, मनोज कुमार गुप्ता, वाहिद अली

## झारखंड की संघमित्रा और अमित ने कांस्य पदक जीते

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भारतीय एथलेटिक्स संघ और बिहार एथलेटिक्स एसोसिएशन के तत्वावधान में सोमवार को गया (बिहार) में संपन्न 58वीं राष्ट्रीय क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप में झारखंड के एथलीटों ने दो कांस्य पदक जीते हैं।

बालिका अंडर 20 के छह किलो मीटर दौड़ में झारखंड की संघमित्रा महथा ने 21:14.00 समय के साथ कांस्य पदक जीता। इस स्पर्धा



में बेबी (उत्तर प्रदेश) ने 20:50.0 समय के साथ स्वर्ण और सोनम (दिल्ली) 21:10.0 समय के साथ रजत पदक जीता। बालक अंडर 16 आयु वर्ग में दो किलो मीटर दौड़ में झारखंड के अमित कुमार महतो ने 5:42.00 समय के साथ कांस्य पदक जीता। इस स्पर्धा का स्वर्ण सचिन रावत (दिल्ली) ने 5:37.0 समय और रजत अनिल कुमार ने (उत्तर प्रदेश) 5:39.0 समय के साथ जीता। इस उपलब्धि पर खेल संघ के पदाधिकारियों ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी।

## घरों एवं मंदिरों में दीप जलाकर दीपोत्सव मनाएं : राजीव रंजन मिश्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** श्री महावीर मंडल राँची के द्वारा श्री अयोध्या धाम से आए हुए पूजित अक्षत को देकर अपने अपने घरो एवं नजदीकी मंदिरो में दीप जलाकर दीपोत्सव मनाने का निमंत्रण राँची के विभिन्न क्षेत्रो में सभी राम भक्तो दिया गया ।अभियान में मुख्यरूप से श्री महावीर मंडल राँची के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा एव अध्यक्ष अशोक पुरोहित वरिष्ठ समाजसेवी शंकर दुबे , श्री राम बानर सेना के अध्यक्ष लंकेश सिंह , हिन्दू जागरण मंच के महानगर अध्यक्ष सुजीत सिंह एवं श्री चैती दुर्गापूजा महासामिति के महामंत्री सह विश्व हिन्दू परिषद के महानगर उपाध्यक्ष श्री गोपाल पारीक उपस्थित थे ।कार्यक्रम में पीयूष आनंद , साहिल कुमार , सुमित साहू ,जैमिश तिग्गा ,दुर्गा साहू , संजीव सोनी , अमित सिंह जी , इंदर सिंह , रमेश केडिया , टिंकू महतो उपस्थित थे ।

## हेलो ब्यूटीफुल स्पा 2 सैलून का उद्घाटन दीपिका पांडे ने किया

**रांची :** हेलो ब्यूटीफुल स्पा 2 सैलून का उद्घाटन सेक्टर 2 धुर्वा , रांची मे महागामा विधायक पाण्डेय, सिंह ने फीता काट कर किया। दीपिका पांडे सिंह ने कहा कि मैं इस स्पा की सुविधाओं को देखकर बहुत खुश हूं ,इससे इस क्षेत्र में लोगों को फायदा होगा । मैं इस सैलून की भविष्य की के लिए शुभकामनाएं देता हूं। इस अवसर पर संचालक नेहा ने कहा कि यहां ग्राहकों को सभी तरह की सुविधा दी जा रही है, ऑर्डर पर भी काम किया जाता है। इस मौके पर नेहा कुमारी, अंजू, असीश और नेहा वर्मा आदि लोग मौजूद थे।

## पहली बार मदरसा में स्पोर्ट्स कार्यक्रम होते हुए देख रहा हूं : अजय नाथ शाहदेव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मदरसा नुरुल उलूम ईदगाह टंगरा बिजोलिया रातु का वार्षिक खेलकूद का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम और विशिष्ट अतिथि रातु अंजुमन के अध्यक्ष अत्ताउल्लाह, और पूर्व उप महापौर व कांग्रेस नेता अजय नाथ शाहदेव थे। मौके पर अल्पसंख्यक मंत्री हफीजुल हसन ने कहा मदरसा में बच्चों का शिक्षा देना जरूरी है इसके साथ सभी विषयों पर बच्चों को पढ़ाने की जरूरत है खेलकूद भी जरूरी है। और शमशेर आलम ने कहा कि मदरसा के द्वारा इस तरह का आयोजन से बच्चों में खेल के




साथ-साथ अनुशासन और स्वास्थ्य तंदुरुस्त रहेगा । कांग्रेस नेता अजय नाथ शाहदेव ने कहा कि मुझे पहली बार ऐसा हुआ है कि किसी मदरसे में आकर स्पोर्ट्स कार्यक्रम होते हुए देख रहा हूं ।

यहां के बच्चों को देखकर मुझे बहुत खुशी हुई। इस वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में बच्चों ने दौड़ और तरह-तरह के खेल का आयोजन किया और सभी विजेताओं को मेडल और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। मदरसा नुरुल उलूम के अध्यक्ष अनिसुर रहमान ने कहा कि यहां दीनी और दुनियावी की पढ़ाई क्लास नर्सरी से दसवीं तक की जाती है। उसमे लगभग 250 बच्ची और बच्चे यहां शिक्षा गर्हन कर रहे हैं। मदरसा के प्रिंसिपल मौलाना अबुल हसन नदवी सहित मदरसा के अध्यक्ष अनिसुर रहमान, मदरसा के सचिव उस्मान अंसारी , सहसचिव शफीक अंसारी, मदरसा के प्रिंसिपल मौलाना अबुल हसन नदवी, मौलाना अब्दुल जलील कासमी, नजमुल हक नदवी ,मौलाना सफरुद्दीन, तौसीफ अंसारी, जुबेर अंसारी, अफज़ल अंसारी, मुर्शीद अहमद शकीरा इस्लाही, अहमद गद्दी, महबूब, साबिर, अजीज हैदर रफीक समेत कई लोग मौजूद थे।

## सीसीएल मुख्यालय में हुआ पैनल डिस्कशन का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** 15 जनवरी को सीसीएल मुख्यालय, रांची में जस्ट ट्रांजिशन इन इंडियन कोल सेक्टर -वे फॉरवर्ड पर 'पैनल डिस्कशन' का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य सस्टेनेबल खनन कर ग्लोबल टम्प्रेचर को 2 ड्रीग्री से कम करने का लक्ष्य हासिल हो।

अवसर विशेष पर सीएमडी सीसीएल डॉ. बी. वीरा रेड्डी, चेयरमैन, झारखण्ड सरकार, जेटीटीएफ, एके रस्तोगी, निदेशक तकनीकी (संचालन), आर.बी. प्रसाद, निदेशक तकनीकी (योजना-परियोजना), इसीएल, एनके सिंह, निदेशक तकनीकी (योजना-परियोजना), बीसीसीएल, एस.के. सिंह, सीईओ, सीड, रामापति कुमार, निदेशक (कार्मिक), हर्ष नाथ मिश्र, सीवीओ, सीसीएल, पंकज कुमार एवं अन्य अतिथिगण उपस्थित थे। साथ ही सीसीएल मुख्यालय सहित क्षेत्र के अधिकारीगण ने भी इस पैनल डिस्कशन में भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये सीएमडी सीसीएल ने बताया कि जस्ट ट्रैन्जिशन से संबंधित कार्य चल रहा है और एफएमसी




प्रोजेक्ट,भूमिगत खदान आदि के माध्यम से सस्टेनिबल माईनिंग किया जा रहा है और खनन क्षेत्र में रहने वाले स्टेकहोलडर्स को भी इससे संबंधित जागरूक किया जायेगा। इस अवसर पर चेयरमैन, झारखण्ड सरकार, जेटीटीएफ, एके रस्तोगी, निदेशक तकनीकी (संचालन),आरबी प्रसाद, निदेशक तकनीकी (योजना-परियोजना), इसीएल,एनके सिंह, निदेशक तकनीकी (योजना-परियोजना), बीसीसीएल,एसके सिंह, सीईओ, सीड,रामापति कुमार, निदेशक (कार्मिक), हर्षनाथ मिश्र, सीवीओ, सीसीएल,पंकज कुमार ने अपने-अपने संबोधन में जस्ट ट्रांजेशन के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुये सभी ने कहा कि इनर्जी ट्रांजिशन होना निश्चित है और हम सभी लोगों को अभी से इस क्षेत्र में कार्य करना है।

## उर्दू भाषा के शिक्षकों का पद समाप्त किए जाने का फैसला वापस लिया जाए : माकपा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) का राज्य सचिवमंडल झारखंड सरकार के प्राथमिक शिक्षा निदेशालय द्वारा जारी उस तुगलकी आदेश को तुरंत वापस लिए जाने की मांग करता है , जिसमें उर्दू प्रशिक्षित शिक्षक के शत-प्रतिशत पद एवं स्नातक प्रशिक्षित सहायक शिक्षक संवर्ग के 50 प्रतिशत सीधी नियुक्ति से भरे जाने वाले पद को मरणशील संवर्ग घोषित कर उर्दू शिक्षकों की बहाली पर रोक लगा दी गई है। माकपा प्राथमिक शिक्षा निदेशालय की इस कार्रवाई से हतप्रभ है क्योंकि निदेशालय का यह कदम मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की घोषणा के अनुरूप नहीं है। साथ ही निदेशालय को यह अधिकार नहीं है कि वह बिना राज्य कैबिनेट के निर्णय के किसी संवर्ग को मरणशील घोषित कर दे। उल्लेखनीय है कि उर्दू भाषा को एकीकृत बिहार के समय से ही राज्य की दुसरी राजभाषा के रूप में मान्यता मिली हुई है। झारखंड बनने की बाद भी सरकारी के गजट में इसकी पुष्टि की गयी है। अब उर्दू शिक्षकों के रिक्त पड़े पदों पर नियुक्ति किए जाने के बजाय पदों को ही समाप्त करने की साजिश राज्य के उर्दू भाषी लोगों के साथ अन्याय है. माकपा मांग करती है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा इस मामले में अपने स्तर से हस्तक्षेप कर उर्दू शिक्षकों की बहाली में आए व्यवधान को खत्म किए जाने का आदेश दिया जाए।

## मकर संक्रांति पर्व पर पारंपरिक फौदी खेल आयोजित किया गया



**अड़की (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खूंटी जिला अंतर्गत अड़की प्रखंड क्षेत्र के सिरकाडीह गांव में पारम्परिक ढंग से मनाए जाने वाले मकर संक्रान्ति के अवसर पर फौदी खेल का आयोजन किया गया। इस खेल में लकड़ी का 15-20 गेंद फौदी बनाया गया और गाँव के अंतिम सीमाने से गाँव के बिचो बीच खेला गया। इस अवसर पर गाँव के सभी महिलाएं बाल्टी में पानी लेकर खिलाडियों को पानी से छिड़काव कर स्वागत किया। खिलाड़ी फौदी को मारते-मारते गाँव के ग्राम प्रधान रोहित सिंह मुंडा के घर में फौदी को ले गए, तत्पश्चात सभी खिलाड़ीयों एवं ग्रामीणों का पैर धोया गया। लोगों ने एक दूसरे से गले से गले मिलकर उन्हें जोहार कहा। परंपरा के अनुसार चावल से बनाया हुआ पुस पीठा, गुड़ पीठा, तिलकुट ,मुड़ी खाने के लिए दिया गया। खाने पीने के बाद ग्राम प्रधान के आंगन में टुसू नाच गाना शुरू हुआ। इस अवसर पर गाँव के जंगल सिंह मुंडा, नारायण मुंडा, करम मुंडा, बलराम मुंडा, पशुपति मुंडा, राजु मुंडा, बालेश्वर मुंडा, संजय पुरान, श्यामलाल लोहरा, देवनंदन सिंह मुंडा, लगो मुंडा, परेश मुंडा, दिलीप मुंडा , मनु पुरान, महावीर स्वाँसी, अर्जुन स्वाँसी, रामधन मिर्धा, रमेश मिर्धा, बलराम मुंडा, नारायण मुंडा, पशुपति मुंडा, डोम मुंडा,सहदेव मुंडा, मनकी मुंडा आदि समस्त ग्रामीण उपस्थित हुए।

## आईएचएम राँची में मकर संक्रान्ति के अवसर पर सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन



**मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** इंस्टिट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट (आईएचएम) राँची में मकर संक्रांती के उपलक्ष्य में भारतीय योग संघ के सहयोग से ÷सूर्य नमस्कार योग÷ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ परिणीता सिंह,योग विशेषज्ञा, अमित कुमार, सचिव, भारतीय योग संघ, डॉ अनुज कुमार, सर्जन, मेडिका अस्पताल एवं अन्य ने किया। कार्यक्रम में सूर्य नमस्कार के विभिन्न प्रकार आसन जैसे की प्राणासन, हस्त उत्तानासन, हस्तपादासन, अश्व संचालनासन, पर्वतासन, अष्टांग नमस्कार, भुजंगासन, अधो मुख श्वानासन, दंडासन, हस्तपादासन, ताड़ासन का योग अभ्यास किया गया। आयोजित सूर्य नमस्कार योग कार्यक्रम में संस्थान के प्राचार्य, शिक्षक, कर्मी एवम सभी छात्र उपस्थित रहें।

संस्थान के प्राचार्य डॉ. भूपेश कुमार ने सभी को मकर संक्रांती की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए एवम सूर्य नमस्कार योग कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु इंडियन योग एसोसिएशन के सहयोग का धन्यवाद करते हुए बताया की शारीरिक और मानसिक शक्ति, शरीर पर बेहतर नियंत्रण, मन की शांति, संतुलित ऊर्जा और आंतरिक शांति जैसे कई लाभों के लिए सूर्य नमस्कार का अभ्यास करना बेहतर उपचार है तथा सूर्य नमस्कार पूरे शरीर को टोन करने, वजन घटाने में मदद करने और मांसपेशियों तथा जोड़ों को मजबूती देने, पाचन तंत्र, नींद में सुधार करने के साथ शरीर की इम्यूनिटी को बढ़ावा देने के लिए भी सूर्य नमस्कार योग करना चाहिए। साथ हीं छात्रों को निर्देश दिया की मानसिक एवम शारीरिक रूप से मजबूत रहने के लिए नित्य योग अभ्यास करें।

## महिलोंग में क्रिकेट के फाइनल का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** नामकुम प्रखण्ड के महिलौंग पंचायत अन्तर्गत चाय बागान मैंदान महिलौंग में चल रहे पाँच दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट फाइनल मैच जोहार वर्सेस आरा के बीच खेला गया।जिसमें जोरार के टीम बैटींग करते 10 ओवर में 103 रन की लक्ष्य रखा। विजेता टीम आरागेट के क्रिकेट टीम 09 ओवर 02 बॉल में मैच को जीत लिया। मैच में एंकरी विशाल कुमार ने की। मुख्य अतिथि के रूप में आजसू पार्टी केन्द्रीय महासचिव सह वाई बी एन यूनिवर्सिटी महाप्रबंधक डा रामजी यादव,आजसू पार्टी केन्द्रीय सचिव जितेन्द्र सिंह,केन्द्रीय सदस्य काशी नाथ महतो,केन्द्रीय सदस्य संजीव कुमार सिंह,आजसू पार्टी राँची जिला वरिय उपाध्यक्ष श्री प्रकाश लकड़ा,बीजेपी के टाटीसिलवे मण्डल अध्यक्ष राजेन्द्र महतो,आजसू पार्टी जिला सचिव अजीत महतो, समाजसेवी चैतू तिर्की। महिलौंग क्रिकेट टूर्नामेंट लीग के आयोजक समिति के विश्वनाथ महतो,सुरेश महतो,प्रकाश महतो,रोशन महतो,शंकर महतो,संदीप कुमार महतो,अबास आर्यण,उत्तम कुमार,कुंदन कुमार,चंदन कुमार वैगरह उपस्थित थे।

## मकर संक्रांति का त्योहार श्रद्धा व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** खलारी कोयलांचल में रविवार को मकर संक्रांति का त्योहार श्रद्धा व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया . ठंड होने के बावजूद रविवार की सुबह सपही, दामोदर सहित पास के जलाशयों में श्रद्धालुओं ने स्नान किया. मकर संक्रांति को लेकर खलारी के प्रसिद्ध पहाड़ी मंदिर, करकट्टा ,बाजारटांड़ ,जानकी मंदिर सहित सभी मंदिरों में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ देखी गई. अहले सुबह से लेकर दोपहर तक मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा.मकर संक्रांति पर दान का काफी महत्व है इस को लेकर श्रद्धालुओं के द्वारा तिल, चावल और पैसे का दान किया गया.पूरे दिन लोग दही, चुड़ा, तिलकुट, तिलवा, लाई रेवड़ी आदि खाते रहे. मकर सक्रांति के अवसर पर खलारी में कई जगह बच्चों ने पतंग उड़ाया. बच्चे एक दिन पहले से ही पतंग और धागा खरीद लिए थे. रविवार की सुबह से ही बच्चे आकाश में रंग-बिरंगी पतंग उड़ाते दिखे. बच्चों ने खुले आसमान में पतंग उड़ाकर खूब मस्ती किया.

## रंगरोडी धाम मेले में पूर्व विधायक काली चरण मुंडा ने शिवलिंग दर्शन के उपरांत किया सांस्कृतिक आयोजन का विधिवत उद्घाटन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** प्रखण्ड अर्न्तगत प्राकृतिक दृश्यावली से अच्छादित ऐतिहासिक रंगरोडी मेले में चट्टानी गुफा के अंदर विराजित पावन शिवलिंग के दर्शन - पूजन के उपरांत वहां प्रत्येक वर्ष 15 जनवरी को लगने वाले ऐतिहासिक मेले का विधिवत उद्घाटन कांग्रेस के पूर्व विधायक सह प्रदेश कांग्रेस कमिटी के उपाध्यक्ष काली चरण मुंडा ने फीता काटकर किया । परम्परा के अनुरूप इस बार भी मेले में क्षेत्र के गांवों से लाये गये दर्जनों आर्कषक रंगीन टुसूओं ( चौडल ) की बहार थी । मेले में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में जहां आदिवासी और नागपुरी गीत - संगीत गूंजित रहा । वहीं कई सर्वश्रेष्ठ टुसू ( चौडल ) के लिए उसके निर्माणकर्ता ग्रामीण महिलाओं की टोलियों सहित गीत - संगीत की बौछार करने वाले नर्तक तथा गायक मंडली के कलाकारों को कांग्रेस प्रदेश कमिटी के उपाध्यक्ष पूर्व विधायक काली चरण मुंडा ने पारितोषिक प्रदान कर उत्साहित व सम्मानित किया ।

इस मौके पर उपस्थित हजारों ग्रामीणों को संबोधित करते हुए मुंडा ने नदी की जलधारा द्वारा गुफा के अंदर विराजित शिवलिंग का लगातार स्वतः अभिषेक करने वाले रंगरोडी मेले की पुरातन समय से अब तलक लगातार बढोतरी के साथ जारी परम्परा का उल्लेख किया । उन्होंने मेले में पहुंचे सभी आदिवासी और सदान समुदाय के श्रद्धालुओं द्वारा शांति पुर्ण स्थिति में शिव लिंग दर्शन - पूजन तथा सांस्कृतिक समारोह में भागीदारी व उपस्थिति की पुरजोर सराहना की । साथ ही सभी से उत्साह के साथ मेले का आनन्द लेते हुए यह ध्यान रखने की सलाह दी की किसी को एक दूजे से परेशानी न हो , इसका भी सभी ध्यान रखें । मुंडा के साथ मेले के परिभ्रमण , शिवलिंग दर्शन तथा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के आयोजन में खूंटी जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष रवि मिश्रा , उपाध्यक्ष सुशील सांगा , ईश्वरीय विद्यालय की अंजिता दीदी सहित ग्राम प्रधान देवसाय मुंडा, दिनेश महतो , जीत वाहन महतो , दिनेश महतो तथा मुकेश महतो आदि ने भागीदारी की। धन्यवाद ज्ञापन ग्राम प्रधान देवसाय मुंडा ने किया । अंततः कल-कल बहती नदी के दोनों तट पर लगे मेले की परिक्रमा कराने के उपरांत सभी टुसू को परम्परा के अनुरूप नदी की जल धारा में विसर्जित कर रंगरोडी मेले का विधिवत समापन किया गया ।

## विधायक शिल्पी नेहा तिर्की घघारी बाबा धाम मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** लापुंग प्रखंड स्थित प्रसिद्ध घघारी बाबा धाम मंदिर में सोमवार को मकर संक्रान्ति के अवसर पर लगने वाला तीन दिवसीय मेले के आखरी दिन विधायक शिल्पी नेहा तिर्की पुजा अर्चना की। विधायक ने सबसे पहले मंदिर मे भोले बाबा के समक्ष हाथ जोड़कर, मांडर विधानसभा वासियो के सुख समृद्धि एवं खुशहाल जीवन की कामना के लिए पूजा अर्चना किया। साथ ही विधायक ने पूरे मेला का भ्रमण कर क्षेत्र के ग्रामीणों से मुलाक़ात कर उनका हाल चाल भी लिया। इस अवसर पर हजारों की संख्या में लोगों ने पहुंचकर मंदिर में पुजा अर्चना किया।मौके पर विधायक प्रतिनिधि देवेंदर वर्मा, संतोष तिर्की सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पिपरवार मे रामभक्तो ने पूजित अक्षत का किया वितरण, बांटा गया निमत्रंण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बहेरा पंचायत मे विश्व हिंदू परिषद सह बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के द्वारा पूजित अक्षत का वितरण किया गया।जानकारी के अनुसार श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा के लिए अयोध्या से आए हुए पूजित अक्षत को विश्व हिंदू परिषद सह बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के द्वारा हर एक सनातनियों के घर-घर पैदल यात्रा निकाल कर अक्षत पहुंचाया और निमंत्रण दिया।सबसे पहले बहेरा शिव मंदिर से सनातानी महिला पुरुष का जत्था बहेरा होते हुए कल्याणपुर तथा कारो पहुंच कर निमंत्रण दिया।साथ ही 22 जनवरी को दीपावली जैसा हर एक घर में दीप जलाने की अपील की गई।इस दौरान कोयलांचल के सभी मंदिरों की साफ-सफाई करने की अपील की गई।

साथ ही 22 जनवरी 2024 को प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर प्रसाद का भी वितरण और भजन कीर्तन करने का निर्णय लिया गया।इस मौके पर सोनू गुप्ता,संजय कुमार भोगता, बबीता देवी,दिपक कुमार राम,महेश विश्वकर्मा,टिंकू महतो,बासदेव साव,माधुरी देवी,सीमा देवी,पुष्पा देवी, सुनिल कुमार सहित कई लोग मौजुद थे। इधर दुसरी और भाजपा एंव बजरंग दल के द्वारा बचरा मे पूजित अक्षत का वितरण किया गया,साथ ही श्री राम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण दिया गया।मौके पर सांसद प्रतिनिधि अश्विनी दराद, संतोष गिरी,मुकेश कुमार, रामबच्चन यादव,श्रीवास्तव पासवान,सरवन महतो सहित कई लोग मौजुद थे।

## मकर सक्रान्ति पर बचरा उतरी पंचायत मे किया गया कंबल का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा उत्तरी पंचायत के अंतर्गत आने वाले बचरा मध्य विद्यालय मे मकर सक्रांति के अवसर पर एक सादे समारोह का आयोजन कर पंचायत के गरीब और असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया।मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष एवं बचरा उत्तरी पंचायत की मुखिया गुंजन कुमारी सिंह ने सभी लोगो के बीच कंबल का वितरण किया।कार्यक्रम मे पंचायत के कुल 40 वृद्ध, विकलांग,विधवा और असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया।इस संबंध में मुखिया गुंजन कुमारी सिंह ने बताया कि कोयलांचल क्षेत्र में बढ़ते ठंड के प्रकोप को देखते हुए झारखंड सरकार के द्वारा उपलब्ध कराए गए कंबल का पंचायत के गरीब और असहाय लोगों के बीच वितरण किया जा रहा है। इससे गरीबों को ठंड से राहत मिलेगी।उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार के द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं का लाभ पंचायत के प्रत्येक नागरिक तक पहुंचाने के लिए काम किया जा रहा है।इस मौके पर जहांगीर मंसूरी, शौकत अली,अनवर खान, अर्जुन प्रसाद,लखन साव, संतोष सिंह,सुमित्रा देवी, विष्णु देवी,मुनकी देवी,मुनेजा खातून,हदीसन खातुन सहित कई लाभुक मौजुद थे।

## आजसू ने मनाई डॉक्टर बहादुर सिंह की जयंती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** नामकुम प्रखण्ड के सिलवे पंचायत अन्तर्गत डा भीम राव अम्बेडकर चौक स्थल पर टाटीसिलवे क्षेत्र में शिक्षा के अलख जगाने वाले आजसू पार्टी केन्द्रीय उपाध्यक्ष सह शिक्षाविद् डा बहादुर सिंह जी के 83 वां जयन्ती के शुभअवसर पर माल्यार्पण कर श्रध्दा सुमन अर्पित की इस अवसर पर मुख्य रूप से आजसू पार्टी के केन्द्रीय महासचिव सह वाई बी एन यूनिवर्सिटी महाप्रबंधक डा श्री रामजी यादव,आजसू पार्टी केन्द्रीय सचिव श्रीमती फुलकुमारी देवी,केन्द्रीय सदस्य श्री संजीव कुमार सिंह, केन्द्रीय सदस्य बीरेन्द्र भोक्ता,केन्द्रीय सदस्य राजू नायक आजसू पार्टी राँची जिला अध्यक्ष संजय कुमार महतो,नामकोम प्रखण्ड पूर्वी जिला परिषद सदस्य विपिन टोप्पो,आजसू पार्टी अनगड़ा प्रखण्ड अध्यक्ष जगरनाथ महतो अधिवक्ता कन्हैया कुमार जी,राजू कच्छप।आजसू पार्टी वरिय उपाध्यक्ष प्रकाश लकड़ा जी के द्वारा सैकड़ों बृध्द महिला पुरूष को ठण्ड से बचने के लिए कंबल वितरण भी किया गया। इस अवसर पर सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

## मांडर के ईसाई कब्रिस्तान चारदीवारी को ऊंचा कराने एवं रंग रोगन कार्य का शिलान्यास विधायक शिल्पी ने किया



**मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विधायक योजना मद अंतर्गत मांडर प्रखंड के मांडर में ईसाई कब्रिस्तान चारदीवारी को ऊंचा कराने एवं रंग रोगन कार्य का शिलान्यास विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने किया। इस दौरान कार्यक्रम मे आये तमाम लोगो को सम्बोधित करते हुए झारखंड सरकार के सरकारी योजनाओं के बारे विस्तार से बतलाया एवं उनका लाभ लेकर आत्म निर्भर बनने को कहा। मौके पर प्रमुख फिलिप सहाय एक्का, उप प्रमुख अमानत अंसारी, विधायक प्रतिनिधि रशीद अंसारी, अनुप राम, सेरोफिना मिंज, सरिता उरांव, कैम्पस के सिस्टर, फादर एवं पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अवैध अफीम की खेती को किया गया नष्ट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** 26वीं वाहिनी एस. एस. बी. के कमान्डेंट एस. डी. शेरखाने के दिशा निर्देश पर भारत सरकार द्वारा संचालित नशा मुक्ति अभियान के तहत एस. एस. बी. एफ कम्पनी हूंट और थाना मरांहदा के द्वारा विशेष नशा मुक्ति अभियान चलाया गया,जिसमें गांव डांडिया, जोजोहातु इलाके में 20.5 एकड लगे अफीम की अवैध खेती को नष्ट किया गया ।

इस मौके पर एस.एस.बी. एफ कम्पनी हूंट के प्रभारी इंस्पेक्टर कपिल नागर, सहायक उप निरीक्षक अजीत कुमार सिंहा मुख्यआरक्षी घनश्याम वर्मा एवं सा.आ.मिलनकुमार,दिलेश्वर भूटिया के साथ अन्य सशस्त्र बल व मारनगहदा थाना प्रभारी के साथ अन्य पुलिस बल भी मौजूद रहे।

## पीएम-जनमन के तहत खूंटी जिले के अड़की प्रखंड में प्रधानमंत्री का संबोधन ग्रामीणों ने सुना

**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रधानमंत्री मंत्री, नरेंद्र मोदी द्वारा देशभर में 100 जगहों पर आयोजित कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री जनजाति न्याय महाअभियान (पी एम जन मन) के लाभार्थियों से संवाद किया। इस दौरान अड़की प्रखंड परिसर में आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री का संबोधन सुना। 15 नवंबर, 2023 को भगवान बिरसा मुंडा की धरती से प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान योजना शुरुआत की थी। इस योजना में आदिम जनजाति समुदाय के विकास के लिए 24 हजार करोड़से अधिक खर्च किये जाने वाले हैं। देश के सुदूरवर्ती क्षेत्र में रहने वाले आदिम जनजाति समुदाय को न्याय मिले, इसी को लेकर यह अभियान की शुरुआत की गई है। जिसके तहत लोगों को आवास, शुद्ध जल, बिजली, स्वास्थ्य सुविधाएं, शिक्षा, सड़क और कई तरह की सुविधाएं मिलेगी। दो महीने पहले शुरू हुए इस अभियान में 8 हजार से अधिक कैम्प लगातार 10 लाख से अधिक लाभार्थी को जोड़ने के प्रयास किया गया। एक मिशन के तहत चल रहे इस अभियान में आज 4700 करोड़ रुपये की योजना की स्वीकृति मिल चुकी है। खूंटी जिले में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री, पशुपति कुमार पारस उपस्थित हुए। केंद्रीय मंत्री द्वारा लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम में उपायुक्त, लोकेश मिश्रा द्वारा केंद्रीय मंत्री का स्वागत पौधा प्रदान कर किया गया। साथ ही सखी मंडल की दीदियों द्वारा पारंपरिक रूप से स्वागत किया गया। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि इस अभियान में 8 हजार से अधिक कैम्प लगातार 10 लाख से अधिक लाभार्थी को जोड़ने के प्रयास किया गया। एक मिशन के तहत चल रहे इस अभियान में आज 4700 करोड़ रुपये की योजना की स्वीकृति मिल चुकी है। यह अभियान एक प्रयास है जिसका उद्देश्य इन जनजातीय समुदायों को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करके पीवीटीजी परिवारों को व्यक्तिगत अधिकारों और बस्तियों को बुनियादी सुविधाओं से संतृप्त करना है। अभियान अवधि के दौरान, आधार कार्ड , सामुदायिक प्रमाणपत्र और जन धन खाते प्रदान किए जाएंगे क्योंकि ये अन्य योजनाओं जैसे आयुष्मान कार्ड , पीएम किसान सम्मान निधि , किसान क्रेडिट कार्ड आदि जारी करने के लिए बुनियादी आवश्यकताएं हैं। साथ ही उन्होंने खूंटी जिले के जनजातीय समूहों के लाभुकों को शुभकामनाएं दी एवं जागरूक होकर उज्ज्वल भविष्य की दिशा में अग्रसर होने की बात कही।

## जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड के कराँजी मेला मैदान में समाजसेवी डॉ0 परमेश्वर भगत ने ग्रामीणों के साथ बैठक कर उनकी समस्या सुनें। इस दौरान जरूरतमंदों ग्रामीणों के बीच कंबल का वितरण किया गया। बैठक में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए डॉ0 परमेश्वर भगत ने कहा कि ÷शिक्षा ही सामाजिक परिवर्तन का माध्यम है, जरूरत पड़े तो भूखे रहें, लेकिन अपने बच्चों को जरूर पढ़ाएं। उन्होने आर्थिक, राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक रूप से जागरुक रहने का सुझाव दिए। नशा पान से दूर रहते हुए एक स्वच्छ/स्वस्थ समाज को विकसित करने में हर व्यक्ति को मदद करने का बात किये।



श्री भगत ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि जल्द ही इस पर करवाई किया जाएगा। मौके पर मनीर अंसारी, अमीन अंसारी, आकाज मंजर, फिरदौस खान, प्रो नाफर, शेख फ़िरदौस, युसुफ अंसारी,अब्दुल हफीज,मतीन अंसारी,भीम लोहरा, अली इमाम,रामनाथ लोहरा, गफ्फार अंसारी,पुनय एक्का, सहाबुद्दीन मियां सहित कई लोग उपस्थित थे।

## विनायक इंफ्रा ने गरीबों के बीच किया कंबल वितरण

**ओरमांझी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सोमवार को प्रखंड के पंचायत सदमा व चंद्रा में विनायका इंफ्रा मधुकामा में बिनायका इंफ्रा के डायरेक्टर ओम प्रकाश अग्रवाल, आनंद अग्रवाल, विनय अग्रवाल के सौजन्य से



कड़कती ठंड को देखते हुए 650 कंबल गरीबों के बीच वितरण किया गया। वितरण के कार्यक्रम में उपस्थित - 22 पड़हा सरना समिति सदमा ओरमांझी - कांके क्षेत्र के अध्यक्ष बाबूलाल महली, कमिश्नर मुंडा जिला परिषद सदस्य ओरमांझी ,रमेश चंद्र उरांव पूर्व मुखिया चंद्रा रंजित उरांव ग्राम प्रधान मधूकामा सुषमा उरांव इंदर देव सिंह कपिल मुन्री पांडे, आनन्द कुमार, उमा शंकर, नमन अग्रवाल, सोमेन अग्रवाल, आदित्य अग्रवाल, संजय लिंडा आदि उपस्थित थे।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## आपसी विवाद में हुई चाकूबाजी, दो जख्मी

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बर्मामाइंस थाना अंतर्गत कैरेज कॉलोनी में आपसी विवाद के बाद चाकूबाजी हुई जिसमे दो भाई घायल हो गए। घायलों में प्रथम मंडल और पवन मंडल शामिल है। घटना रविवार देर शाम की है। घटना के बाद दोनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया गया जहां से बेहतर इलाज के लिए एमजीएम रेफर कर दिया गया। जानकारी देते हुए प्रथम ने बताया कि रविवार को उसने पिकनिक के लिए सोनू रजक का वाहन 1800 रुपये में बुक किया था. एडवांस में एक हजार रुपये दिए थे बाकी रुपये बाद में देने की बात हुई. रविवार देर शाम जब वे लोग पिकनिक से लौटे तो सोनू वाहन को अपने घर ले गया. वाहन पर कई सामान मौजूद थे. सोनू बकाया कि मांग करने लगा. किसी तरह उसे बकाया रुपये दिए और वाहन में रखे सामान को छुड़ाया.इसी बीच सोनू के परिजनों ने जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया शुरु कर दिया. जब वह अपने भाई पवन के साथ सोनू के घर पहुंचा तो सोनू, उसका भाई मोनु और पिता जितेंद्र ने मारपीट शुरू कर दी. सोनू ने चाकू से हमला करना शुरु कर दिया. किसी तरह वे लोग जान बचाकर भागे और अपना इलाज कराया. इस मामले में बर्मामाइंस थाना में लिखित शिकायत की गई है.

## आईएमडी के 150 साल पूर्ण होने पर करीम सिटी कॉलेज में वेबिनार का आयोजन

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** इंडियन मेटियोरोलॉजिकल डिपार्टमेंट के 150 साल पूर्ण होने पर करीम सिटी कॉलेज के भूगोल विभाग एक वेबीनार का आयोजन किया। इसमें मुख्य अतिथि डॉक्टर सुब्रत रॉय सहायक प्रोफेसर भूगोल विभाग, उत्तर बंगाल सेंट जेवियर कॉलेज जलपाईगुड़ी, पश्चिम बंगाल थे। उन्होंने मौसम के पूर्वानुमान की तकनीकों, विधियों, और सरकारी नीतियों के बारे में जानकारियां दीं। वेबिनार विभाग अध्यक्ष डॉक्टर आले अली ने संचालित किया। प्राचार्य करीम सिटी कॉलेज डॉक्टर मोहम्मद रियाज़ ने स्वागत भाषण दिया। सहायक प्रोफेसर डाक्टर मसारुल इस्लाम ने प्रश्नोत्तर सत्र आयोजन किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर फरजाना अंजुम ने दिया। वेबीनार में भूगोल विभाग करीम सिटी कॉलेज के अध्यापक और छात्र छात्राएं उपस्थित रहें।

## विजय गार्डन क्लब में धूमधाम से मना लोहड़ी पर्व



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बारीडीह विजया गार्डन क्लब में मौसमी त्योहार लोहड़ी बड़े ही उल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। इसमें लोगों ने परंपरागत तरीके से आग जलाई। अग्नि की परिक्रमा कर उसमें तिल, तिलकुट मकई, बादाम समर्पित कर आने वाले समय के लिए समृद्धि खुशहाली मांगी गई। उपस्थित लोगों ने गिद्दा,भांगड़ा लोक नृत्य लोकगीतों का आनंद उठाया। अधिवक्ता हरदीप सिंह, त्रिलोचन सिंह, सुखराम सिंह, कुलदीप कौर, सिमरन कौर आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## भाजपा नेता कुणाल ने बहरागोड़ा चित्रेश्वर शिव मंदिर में कार्यकर्ताओं के संग की साफ-सफाई

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर मंदिरो के वृहद साफ-सफाई अभियान की शुरुआत कर दी है। सोमवार को भाजपा झारखंड प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाड़ंगी ने स्थानीय निवासियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं के संग बहरागोड़ा के प्रसिद्ध चित्रेश्वर शिव मंदिर में अभियान के तहत मंदिर व आसपास के क्षेत्र में साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस दौरान कुणाल षाड़ंगी ने मंदिर के गर्भ गृह से लेकर पूरे मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में साफ सफाई की। इस दौरान सपन सेनापति, सोमू लेंका, हरदुलाल घोष, असीम सेनापति, अर्धेन्दु साहू, प्रियलाल लेंका, अमल लेंका, रविशंकर घोष, विजय लेंका, दिवाकर समेत बड़ी संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने इस अभियान में अपना योगदान दिया।

## गोस्वामी समाज का वनभोज 4 फरवरी को सिदगोड़ा सूर्य मंदिर प्रांगण में

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को गोस्वामी समाज कल्याण समिति की बैठक अध्यक्ष शिवशंकर गिरि की अध्यक्षता में टाटानगर रेलवे स्टेशन स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर प्रांगण में सम्पन्न हुई।बैठक में शामिल सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों ने 4 फरवरी को वार्षिक वनभोज सह पारिवारिक मिलन समारोह हर्ष उल्लास के साथ सिदगोड़ा सूर्य मंदिर प्रांगण में करने पर सहमति बनी। बैठक में समाज के सभी सदस्यों ,बुद्धिजीवियों से आग्रह किया गया कि आप सभी तन मन धन से सहयोग देकर इस समारोह को सफल बनाने में योगदान दें। बैठक में अवधेश गिरि, ललन गोस्वामी, दिनेश गोस्वामी, केदार गोस्वामी, सौरभ गिरि,रघुवंश यति, अमित गिरि, हरेन्द्र गोस्वामी,उपस्थित थे।

## आदित्यपुर में झारखंड का सबसे बड़ा लैक्मे एकेडमी का हुआ उद्घाटन




**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आदित्यपुर शेर पंजाब जमशेदपुर में झारखंड का सबसे बड़ा लैक्मे एकेडमी का आज उद्घाटन मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी के अध्यक्ष मोहित मुनका के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में लैक्मे एकेडमी के ईस्ट जोन के रीजनल हेड और एच आर अनन्या भी उपस्थित थी।उद्घाटन के अवसर पर एकेडमी के संचालिका दीपिका कुमारी ने बताया कि इस लैक्मे एकेडमी में ब्यूटी से संबंधित सारे कोर्सेज करवाए जाते है, जैसे स्किन, मेकअप, ब्यूटी थैरेपी, कॉस्मेटोलॉजी,नेल आर्ट,हेयर,मेंस बार्बरिंग,आई लैशेस एक्सीटेंशन आदि के कोर्सेज करवाए जाते है। यहां पहले आए 20 स्टूडेंट्स को फीस में आकर्षक ऑफर दिए जायेंगे और कोर्स के बाद प्लेसमेंट की सुविधा उपलब्ध की जायेगी।

*भिलाईपहाड़ी टुसू मेला में कई राज्यों की संस्कृति का संगम, हजारों लोग हुए शामिल*

# झारखंडी संस्कृति को बचाने हेतु मेला कमेटी का प्रयास सराहनीय : रामदास सोरेन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** सोमवार को मकर संक्रांति के मौके पर जमशेदपुर शहर से सटे एमजीएम थाना क्षेत्र के भिलाईपहाड़ी हाट मैदान में विशाल टुसू मेला का आयोजन किया गया। यहां विभिन्न जगहों से 16 टुसू व 1 चौड़ल लेकर लोग पहुंचे थे। यहां झारखंडी की विभिन्न संस्कृति के अलावे पश्चिम बंगाल, ओड़िसा आदि राज्यों की संस्कृति को एक ही स्थान पर दर्शाया गया है। बतौर मुख्य अतिथि घाटशिला के विधायक सह झामुमो के पूर्वी सिंहभूम के जिलाध्यक्ष रामदास सोरेन ने कहा कि इस पर्व को पूरे देश में हर धर्म और हर समुदाय के लोगों द्वारा अलग-अलग तरीके से मनाया जाता है। लेकिन हमारे झारखंड में मकर संक्रांति व टुसू पर्व के रुप में मनाते हैं। यहां आदिवासी मूलवासी समुदाय के लोग एक साथ बिना किसी भेदभाव के मनाते हैं, नाचते और गाते हैं। भिलाईपहाड़ी टुसू मेला काफी आकर्षक है। इसमें राज्य सरकार के सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को भी प्रदर्शित किया गया है। जनता को क्या लाभ मिला है, इस मेले के माध्यम से बताने का काम किया गया है। सरकार की कई योजनाओं को दिखाया गया है। यह कहना चाहेंगे कि यहां का मेला निश्चित तौर पर सरकार की उपलब्धियों को भी दर्शाया गया है इसके लिए मेला कमेटी की सराहना करते हैं। आने वाले समय में झारखण्डी संस्कृति को बचाने का जो प्रयास कर रहे हैं यह आगे भी जारी रहे, यही शुभकामना है। इस तरह दूसरे समाज में नहीं मिलेगा, जैसा आदिवासी मूलवासी समुदाय के इस पर्व में देखने को मिल रहा है। मेला कमेटी इस परंपरा को बचाए रखने के लिए प्रयासरत हैं। आप सरकार पर पूरा भरोसा रखिए, जरूर विकास होगा। मेला को झामुमो नेता सुनील महतो, चंद्रावती महतो, जुगल किशोर मुखी, बाघराय मार्डी, कालीपद गोराई, जिला पार्षद प्रभावती दत्ता एवं प्रह्लाद लोहरा ने भी संबोधित किया। इस दौरान खड़िया कॉलोनी, गालूडीह की टुसू को पहला पुरस्कार के रूप में 15 हजार रुपए अतिथियों के हाथों दिया गया। मौके पर पूर्व जिला पार्षद सह मेला कमेटी के अध्यक्ष पिंटू दत्ता, घासीराम सिंह, शशि सिंह, बद्रीनाथ गौड़, अर्जुन सोरेन, हरेन गौड़, विश्वनाथ चालक, विकल, महेश राय, मृत्युंजय कुमार, हराधान मुर्मू, नरेन्द्र गौड़, बुद्धेश्वर कुंडू व सुकुमार महांती आदि मौजूद थे।




## संक्रांति पर दोमुहानी समेत विभिन्न नदी तटों पर आस्था की डुबकी लगाने उमड़ा जनसैलाब



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** मकर संक्रांति के अवसर पर सोमवार को क्षेत्र के विभिन्न नदी घाटों व तालाबों में आस्था की डुबकी लगाने श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। गम्हरिया के सापड़ा-शहरबेड़ा स्थित दोमुहानी नदी तट, सीतारामपुर जलाशय, गांजिया घाट, मानीकुई घाट, शिवबाँध आदि घाटों पर प्रातः चार बजे से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जुटनी प्रारंभ हो गई थी जो देर दोपहर तक जारी रहा। इस दौरान लाखों लोगों ने नदी व तालाबों में पवित्र स्नान कर गरीबों को दान पुण्य किया। इस मौके पर वार्ड तीन की पूर्व पार्षद पिंकी चौधरी और झामुमो नेता बंकिम चौधरी की ओर से गरीबों के बीच अन्न व वस्त्र का वितरण किया। इस मौके पर दोमुहानी तट स्थित मंदिर में सप्तर्षि गुरुकुल आश्रम के बच्चों द्वारा हवन-यज्ञ आदि का आयोजन भी किया गया। इस मौके पर सापडा दोमुहानी तट के समीप भव्य मेला का आयोजन किया गया। इस दौरान दूरदराज के ग्रमीण क्षेत्रों से आए हजारों लोगों ने मेला का काफी आनंद उठाया।

## दबिस्तान-ए-जमशेदपुर ने की मुनव्वर राना के निधन पर शोक सभा आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** शहर की साहित्यिक संस्था दबिस्तान-ए-जमशेदपुर के तत्वाधान में उर्दू के प्रसिद्ध शायर मनव्वर राना के निधन पर शोक सभा आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता असदुल्लाह साहब (शहीन अकैडमी, जमशेदपुर) ने की तथा मुख्य अतिथि के तौर पर डॉ हसन इमाम मालिक (स्पोर्ट्स मैनेजर, टाटा स्टील, जमशेदपुर) शामिल हुए। गौहर अजीज ने सभा का संचालन किया। हाफिज वालीउल्लाह वली के द्वारा तिलावत से सभा प्रारंभ हुई। शायर सफीउल्लाह सफी ने नात के कुछ शेर पढ़े। उनके अलावा शायर रिजवान औरंगाबाद ने भी सभा में अपने विचार प्रस्तुत किए। मनव्वर राना के लिए सामूहिक दुआ मांगी गई। अंत में सद्दाम गनी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस सभा में सैयद साजिद परवेज, शायर सरफराज शाद, सफदर हारून, सैफ अली, जीशान, हस्साम गनी इत्यादि की उपस्थिति विशेष रही।

## आज से भगवान श्रीराम का बैच निःशुल्क बांटेगें पप्पू सरदार




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** 22 जनवरी सोमवार को अयोध्याधाम में प्रभु श्रीराम जी के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले जमशेदपुर वासी भी शहर को राममय बनाने के लिए अपने-अपने स्तर से हर संभव प्रयास कर रहे हैं। इसी प्रयास के क्रम में सिनेतारिका माधुरी दीक्षित के प्रशंसक शहर के चर्चित पप्पू सरदार भी भगवान श्रीराम का बैच (बिल्ला) आम लोगों के बीच निःशुल्क वितरण करेंगें। बिष्टुपुर स्थित आंध्रभक्त श्रीराम मंदिर में मंगलवार 16 जनवरी की शाम 05.30 बजे पूजा अर्चना एवं आरती करने के बाद भगवान श्रीराम के बैच वितरण का शुभारंभ मंदिर के पुजारियों से होगा। यह जानकारी सोमवार को पप्पू सरदार ने दी।

## निक्को पार्क में मजदूर नेता राकेश्वर पांडे का 64 वां जन्मदिन मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** इंटक झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राकेश्वर पांडे का जन्मदिन रविवार को सादगी के साथ निक्को पार्क में केक काटकर मनाया गया। जन्मदिन समारोह में आर पी पटेल चेशायर होम की प्रभारी सिस्टर डेजी, सिस्टर सरिता, सिस्टर स्मिता सहित अनाथालय के करीब सौ सदस्य मौजूद थे। इनके अलावा कांग्रेस नेत्री, उषा सिंह, रीना तिवारी, शशि आचार्य, मानवाधिकार संगठन की ज्योत्सना नाथ सिंह, तथा राकेश्वर पांडे की पत्नी सीता पांडे भी मौजूद थीं। कार्यक्रम का आयोजन निक्को पार्क मजदूर यूनियन द्वारा किया गया। पार्क के मैनेजर नागेंद्र नाथ तथा यूनियन के जेनरल सेक्रेटरी प्रवीण पातर मौजूद रहे। राकेश्वर पांडे ने कहा की जमशेदपुर मजदूरों का शहर है, और उनकी सेवा अजन्म करता रहूंगा।

## मकर संक्रांति पर नदी घाटों व मंदिरों में लगा भक्तों का कतार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के सुवर्ण रेखा नदी तट पर अवस्थित जारगोडीह महादेव घाट मेला, सालुकडीह सीता नाला, चीमटीया सीता पांज मेला, नदीसाई मेला,बारूणा मेला सहित कई पारम्परिक मेलों में मकर संक्रान्ति पर सुबह से ही श्रद्धालु नदी पर आस्था का डुबकी लगाई व शिवालय में पुजा पाठ कर मेला का आनंद उठाया। जारगोडीह प्राचीन कालीन महादेव घाट मेला में लोग सुवर्ण रेखा नदी पर आस्था का डुबकी लगाकर दोनों शिवालयों में घंटों लाइन लगाकर पुजा अर्चना किया। मेला में टुसु चौडल, झुमर नाच , बुगी बुगी, फुटबॉल प्रतियोगिता,हरी संकीर्तन आदि कार्यक्रम का जमकर लुत्फ उठाया। मकर संक्रांति पर जहां लोग मकर स्नान कर पुजा पाठ कर भगवान से खुशहाल जीवन का आशीर्वाद लिया वहीं तरह तरह के पीठा व व्यंजनों का भी स्वाद चखा । वहीं मेला में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए ईचागढ पुलिस तत्परता से डटी हुई थी। कीमहादेव घाट जारगोडीह मेला समिति के संयोजक सह मुखिया नयन सिंह मुण्डा ने बताया कि फुटबॉल प्रतियोगिता एवं टुसु चौडलों को भी पुरस्कृत किया गया। वहीं उन्होंने शांति पूर्ण ढंग से मेला सम्पन्न होने पर दर्शकों एव आम जनो का अभाव व्यक्त किया।



## तिरुलडीह में पारंपरिक खेल फोदी का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तिरुलडीह :** कुकडू प्रखंड क्षेत्र के तिरुलडीह में सोमवार को मकर संक्रांति के अवसर पर पारंपरिक फोदी खेल का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ वरिष्ठ खिलाड़ी रमेश कुईरी और हीरालाल कुईरी ने किया। इसमें तिरुलडीह, गुंदलीडीह, सिरकाडीह, कुदा सहित आसपास के कई गांवों के दर्जनों लोग शामिल हुए। मुख्य अतिथि के रूप में तिरुलडीह पंचायत के मुखिया सुधीर सिंह मुंडा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में झामुमों प्रखंड अध्यक्ष इद्रजीत महतो उपस्थित हुए। इस दौरान वरिष्ठ फोदी खिलाड़ी हीरालाल कुईरी, नबो महतो, शिवनंदन कुईरी, सहदेव महतो समेत सैकड़ो खिलाड़ी शामिल हुए। खेल के समापन के बाद उत्कृष्ट फोदी खेलने वाले चार दर्जन से अधिक खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान गुंदलीडीह के ग्राम प्रधान सागर महतो, असलम अंसारी, मदन महतो, उपेन कुइरी, बुध्देश्वर कुइरी, शिवनंदन कुइरी, संतोष कुइरी, मदन महतो, गिड्डू महतो,अंगद मछुआ आदि उपस्थित थे।

## टुसु पर्व झारखंड की संस्कृति की पहचान है : सुधीर चंद्र महतो

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** प्रखंड के पालूबेड़ा स्थित जय मां पाउंड़ी क्लब सिकितदोह की ओर से मकर संक्रांति के अवसर पर भव्य मेला सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उदघाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व जिप सदस्य सुधीर चंद्र महतो ने विधिवत फीता काटकर किया। इस मौके पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि टुसु पर्व झारखंड की संस्कृति की पहचान है। इस संस्कृति को बनाए रखना आवश्यक है। उन्होंने लोगों से शांतिपूर्ण ढंग से मेले का लुत्फ उठाने की अपील किया। इस मौके पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रसिद्ध झूमर सम्राट संतोष महतो एन्ड टीम के कलाकारों को आमंत्रित किया गया था। उन कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक बंगला, नागपुरी व कुरमाली गीतों की मनमोहक प्रस्तुति की गई जिसका लोगों ने काफी आनंद लिया। इससे पूर्व सिकितदोह स्थित नदी में हंस पकड़ो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें पानी में तैरते हुए हंस पकड़ने वाले लोगों को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों से लाए गए टुसु प्रतिमाओं का प्रदर्शन किया गया जिसमें प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिमा को लाने वाले ग्रामीण को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर आयोजक कमेटी द्वारा बच्चों के बीच भी खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मेले में पालुबेड़ा, कांड्रा, हुदु, डुमरा, दुगनी, कोलाबीरा, चौका, गम्हरिया आदि क्षेत्रों से काफी संख्या में पहुँचकर लोगों ने लुत्फ उठाया। इस मौके पर पूर्व सांसद प्रतिनिधि प्रकाश कुमार राजू, ग्राम प्रधान धर्मु माझी, सिकितदोह जियाड पालुबेड़ा के अध्यक्ष होमीचाँद सोरेन, कोषाध्यक्ष विनोद महतो, विनु राम सोरेन, सुशील मार्डी, कमेटी के सदस्य राहुल सोरेन, कालीपद महतो, मनोज टुडू ,अमित महतो, चुनु राम सोरेन धनीराम सोरेन ,कादे माझी भूताड माझी आदि उपस्थित थे।



## सोनारी में सांसद का कंबल वितरण कार्यक्रम जारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** मकर संक्रांति के अवसर पर एवं ठंड को देखते सोमवार को भारतीय जनता पार्टी सोनारी मण्डल अध्यक्ष प्रशांत कुमार पोद्दार के नेतृत्व में सांसद विद्युत वरन महतो के सौजन्य से सोनारी रुपनगर बस्ती में जरूरत मंद लोगों के बीच जाकर 145 कंम्बल वितरण किया।इस अवसर पर भाजपा प्रदेश मंत्री रीता मिश्रा, सांसद प्रतिनिधि संजीव कुमार, मंडल अध्यक्ष प्रशांत कुमार पोद्दार, नारायण प्रसाद, विरेंद्र प्रताप सिंह, शंभु कुमार राम, सतेन्द्र सिंह यादव, अमित राम, राकेश, उमेश, जगदीश गोराई, एवं बस्ती के सम्मानित गण उपस्थित थे।

## अर्जुन समाज ने किया अपने ईष्ट झुमकेश्वरी देवी माता की पूजा अर्चना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** मकर संक्रांति की तिथि परिवर्तन को लेकर इस वर्ष क्षेत्र में अनेक लोग 14 एवं अनेक 15 जनवरी को मकर संक्रति की पूजा अर्चना कर रहे हैं। मकर के बाद वाले दिन आखन यात्रा के तर्ज पर मनाने की परम्परा है। सरायकेला नगरपंचायत क्षेत्र अंतर्गत खरकई नदी किनारे स्थित देवी माता झुमकेश्वरी की शक्ति पीठ में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी हरिजन(अजुर्न) समाज द्वारा आखान यात्रा मनाया गया। सोमवार को सुबह से ही समाज के लोग सपरिवार देवी माता की पूजा अर्चना करने पहुंचने लगे। मिली जानकारी अनुसार मंगलवार को भी कुछ लोग आखान पूजा करेंगे। झुमकेशवरी देवी माता की पूजा अर्चना एवं वार्षिक मिलन समारोह में सरायकेला खरसावां जिला सहित जमशेदपुर, चाईबासा, चक्रधरपुर एवं दुरदराज व पडोसी राज्य ओडीशा से भी समाज के लोग माता की पूजा अर्चना करने पहुंचते हैं। देवी माता से परिवार की सुख शांति एवं उन्नति की कामना करते हुए देवी माता की प्रसन्न करने हेतु एवं पूर्व रखे गए मनौती पूर्ण करने हेतु भेड, बकरा, बतख इत्यादि की बलि प्रथा अनुसार पूजा किया जाता है।



## तीन दिवसीय बीडीसील क्रिकेट लीग का खिताब ओल्ड इज़ गोल्ड ने जीता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**राजनगर :** मकर संक्रांति के उपलक्ष्य पर राजनगर के हेंसल में आयोजित तीन दिवसीय बीडीसीएल क्रिकेट लीग मैच का फाइनल मुकाबला सोमवार को ए के 47 और ओल्ड इज़ गोल्ड टीम के बीच खेला गया। जिसमें ए के 47 टीम ने 8 विकेट से जीत हासिल कर खिताब अपने नाम किया। वहीं मेन ऑफ द मैच और मेन ऑफ द सीरीज मंटू गोप (38 रन) को दिया गया। फ़ाइनल मुकाबले में मुख्य अतिथि मंत्री चम्पई सोरेन की अनुपस्थिति में उनके प्रतिनिधि के तौर पर झामुमो जिला सह सचिव नीबू प्रधान, सोमनाथ गोप, समाजसेवी मनोज पटनायक,ग्राम प्रधान अशोक गोप,मुखिया निर्मला गोप, दिलीप गोप समेत कई गणमान्य उपस्थित थे। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में गीतू पटनायक, अमरनाथ गोप, सुभाष गोप, कृष्णा गोप, विष्णु गोप, भोलानाथ गोप, उज्ज्वल मोदक, आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## मकर के उमंग में बढ़ा सड़क दुर्घटनाओं का दौर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** मकर संक्रांति एवं आखान यात्रा के पूजा एवं त्योहार के उमंग में सड़क दुर्घटनाओं का दौर शुरू हो गया है। मिली जानकारी अनुसार सदर थाना क्षेत्र के सरायकेला खरसावां व सरायकेला राजनगर सडक पर दो अलग अलग सड़क दुर्घटनाओं में छह लोग घायल हुए हैं। कुछ छोटी छोटी अन्य दुर्घटनाएं भी हुई हैं। सरायकेला राजनगर सड़क पर सड़क दुर्घटना में आकर्षणि मंदिर से पूजा कर बाइक से वापस लौटते राजनगर के बरही गांव निवासी विशाल साहु 18 वर्ष, नरसिंह साहु 21 वर्ष व दिलराज लोहार 18 वर्ष को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिसमे विशाल का पैर टुट गया अन्य दो को भी चोटें आई है, विशाल को एमजीएम रेफर किया गया अन्य सरायकेला सदर अस्पताल में इलाजरत हैं।दूसरी सड़क दुर्घटना सरायकेला खरसावां मुख्य सड़क पर कंसारीडीह के निकट हुई। राजनगर से अपने गांव खप्परसाही लौटते बाइक पर सवार भारती बारला 20 वर्ष, रामजाने बारला 25 वर्ष व प्रधान हेंब्रम 22 वर्ष को एक स्कॉर्पियो ने टक्कर मार दी। इनका इलाज सदर अस्पताल सरायकेला में चल रहा है।



## कांग्रेस से इस्तीफा के बाद देवड़ा का छलका दर्द

पूर्व केंद्रीय मंत्री मिलिंद देवड़ा शिवसेना (शिंदे गुट) में शामिल हो गए. मिलिंद देवड़ा ने शिवसेना में शामिल होने के बाद कहा कि यह मेरे लिए बहुत भावुक दिन है. मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं एकनाथ शिंदे जी के नेतृत्व में पार्टी में शामिल होने के लिए कांग्रेस के साथ अपने 55 सालों के साथ को छोड़ दूंगा. शिवसेना जॉइन करने के बाद मिलिंद देवड़ा ने एक ट्वीट किया, जिसमें उन्होंने तफसील से अपने कांग्रेस छोड़ने के कारणों को बताया है. देवड़ा ने सीधे तौर पर मतदाताओं को संबोधित करते हुए चिट्ठी लिखी. इस चिट्ठी में देवड़ा ने कहा कि, 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों में कांग्रेस की हार के बाद, मैंने हमेशा बड़े सुधारों और जवाबदेही की बात की. 2019 के चुनाव में हमारी पार्टी की हार के लिए मैंने मुंबई कांग्रेस के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया, भले ही मुझे चुनाव से सिर्फ एक महीने पहले ही इस पद पर नियुक्त किया गया था. मेरा मानना था कि अगर मैं त्याग कर सकता हूं, तो मुझे इसे मांगने का भी अधिकार है.देवड़ा ने कहा कि 2019 में महाराष्ट्र में एमवीए की स्थापना के दौरान मैंने यूबीटी के साथ गठबंधन का विरोध किया था, क्योंकि मुझे लगा कि इससे कांग्रेस पर विपरीत असर पड़ेगा. गठबंधन के बाद भी चार साल तक मैंने पार्टी को हमेशा सावधानी बरतने की सलाह दी. दरकिनार किए जाने के बावजूद, गांधी परिवार और पार्टी के साथ मेरे परिवार के स्थायी रिश्ते को बनाये रखने में मेरी प्रतिबद्धता दृढ़ रही. दस सालों तक, मैंने व्यक्तिगत पद या सत्ता की इच्छा किए बिना विभिन्न भूमिकाओं में पार्टी के लिए हर संभव प्रयास किये. देवड़ा ने निराशा जताते हुए कहा कि अफसोस की बात है कि कांग्रेस की वर्तमान स्थिति अब उस पार्टी से मेल नहीं खाती है जिसमें मेरे पिता मुरलीभाई और मैं क्रमशः 1968 और 2004 में शामिल हुए थे. यह अपनी वैचारिक और संगठनात्मक जड़ों से भटक गयी है, इसमें ईमानदारी और रचनात्मक आलोचना की सराहना का अभाव है. वह पार्टी जिसने कभी भारत के आर्थिक उदारीकरण की शुरुआत की थी, अब वही पार्टी व्यावसायिक घरानों को राष्ट्र-विरोधी कहकर निशाना बनाती है. यह भारत की विविध संस्कृति और धर्मों का जश्न मनाने से भटक कर, जाति के आधार पर उत्तर-दक्षिण में विभाजन पैदा कर रही है. न केवल सत्ता हासिल करने में बल्कि केंद्र में रचनात्मक विपक्ष के रूप में प्रभावी ढंग से काम करने में भी असफल हो रही है. 20 सालों के बाद भी, मेरी प्रबल इच्छा है कि मैं मुंबई, महाराष्ट्र और भारत के लिए सार्थक काम करूं. मुंबई मेरी कर्मभूमि है और भारत मेरी मातृभूमि. मुंबई के लोगों का कल्याण मेरे लिए राजनीतिक संबद्धताओं से परे है, जो मुझे एक महत्वपूर्ण राजनीतिक निर्णय की ओर ले जाता है. मेरा उद्देश्य है कि मैं अपने अनुभव, ज्ञान और काबिलियत का इस्तेमाल करके हर धर्म, जाति और आर्थिक स्थिति के लोगों की सेवा करूं, जैसा कि मैंने हमेशा अपने राजनीतिक जीवन में किया है. देवड़ा ने यह भी कहा कि आज हम देख रहे हैं कि एक साधारण चाय बेचने वाला दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र का प्रधानमंत्री है और एक ऑटोरिक्शा चालक देश के दूसरे सबसे बड़े राज्य का मुख्यमंत्री है. यह बदलाव भारत की राजनीति को और बेहतर बना रहा है, और हमारे समतावादी मूल्यों की पुष्टि करता है. एकनाथ शिंदे देश के सबसे मेहनती और सुलभ मुख्यमंत्रियों में से एक हैं. महाराष्ट्र के वंचित वर्गों के बारे में उनकी समझ और शासन एवं इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार के लिए किए जा रहे उनके प्रयास सराहनीय है.समझा जाता है कि शिवसेना (यूबीटी) के दक्षिण मुंबई लोकसभा सीट पर दावा करने के बाद पिछले कुछ दिनों से देवड़ा असहज थे. उन्होंने इस सीट का पूर्व में प्रतिनिधित्व किया है.हालांकि, 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों में इस सीट पर शिवसेना के अरविंद सावंत से उन्हें शिकस्त मिली थी. सावंत ठाकरे गुट में हैं. ठाकरे की पार्टी, विपक्षी महा विकास आघाड़ी (एमवीए) गठबंधन में कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की साझेदार है. पूर्व में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक चव्हाण ने कहा था कि एमवीए में इसे लेकर सहमति है कि मौजूदा सांसद को इस सीट से अलग नहीं किया जाए, जिसका मतलब है कि आगामी आम चुनावों में दक्षिण मुंबई लोकसभा सीट कांग्रेस के बजाय ठाकरे नीत शिवसेना के हिस्से में जाएगी. देवड़ा का इस्तीफा उन युवा नेताओं की अनसुनी चिंताओं की निरंतर गाथा का भी संकेत देता है, जिन्हें एक समय पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी का करीबी माना जाता था. कांग्रेस के घटते जनाधार के बीच नवीनतम घटनाक्रम पार्टी नेतृत्व के निचले स्तर के साथ गांधी परिवार का जुड़ाव कमजोर होने को भी उजागर करता है, जिसे युवा नेता स्वीकार करने में असमर्थ हैं. पुराने मुद्दों का समाधान नहीं होने और पार्टी के भीतर गुटबाजी के कारण राहुल गांधी के पूर्ववर्ती खेमे के कई होनहार नेताओं को पार्टी छोड़नी पड़ी. शीर्ष नेतृत्व द्वारा किए गए वादों को पूरा न करने के बावजूद सचिन पायलट कांग्रेस में बने रहे. उन्होंने 2020 में अपना सुर नरम कर लिया और यह कहते हुए कांग्रेस में लौट आए कि उन्होंने तत्कालीन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के साथ अपने मतभेद खत्म कर लिए हैं. केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया कांग्रेस की मध्य प्रदेश इकाई में गुटबाजी को लेकर इतने धैर्यवान नहीं थे. उन्होंने मार्च 2020 में भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने के लिए कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया था. सिंधिया ने कहा था कि वह वरिष्ठ नेता कमलनाथ से मिलने वाले अपमान को अब और बर्दाश्त नहीं कर सकते. जून 2021 में संप्रग के एक अन्य पूर्व मंत्री जितिन प्रसाद ने लोगों के साथ पार्टी की बढ़ती दूरियों का हवाला देते हुए कांग्रेस छोड़ दी।

### आजादी के बावजूद आज भी हम विदेशी दासता का दंश ही झेल रहे हैं और उसमें सबसे बड़ी भूमिका पुलिस की ही है

# नये भारत की पुलिस में बड़े बदलाव जरूरी

**ललित गर्ग**

> प्रधानमंत्री की पुलिस अफसरों को दी गई नसीहत ने कई विचारणीय सवाल भी खड़े किए हैं। पहले भी पुलिस सुधारों को लेकर काफी विचार-विमर्श व सरकारी स्तर पर फैसले हुए हैं। मोदी ने कहा कि तीनों नए आपराधिक न्याय कानूनों को 'नागरिक प्रथम, गरिमा प्रथम, न्याय प्रथम' की भावना से बनाया गया है और पुलिस को अब डंडे के बजाय डाटा के साथ काम करना होगा।



**पुलिस** की भक्षक छवि आजादी के अमृतकाल की सबसे बड़ी विडम्बना एवं त्रासदी है, पुलिस की रक्षक छवि कैसे स्थापित हो, वे खलनायक नहीं, नायक बने, आज के इस सबसे बड़े राष्ट्रीय प्रश्न पर जयपुर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पुलिस के बड़े अधिकारियों के बीच नसीहत देने की जरूरत पड़ी। मोदी ने देश भर के पुलिस मुखियाओं को सीख दी कि पुलिस जनता को बताए कि उसकी शिकायतों पर क्या कार्रवाई हुई। मतलब साफ है कि अभी शायद पुलिस इस काम को पूरी तरह से अंजाम नहीं दे पा रही है। बड़ा सवाल है कि आज़ाद होने के बाद जब हम एक धर्मनिरपेक्ष लोकतंत्र बनाने चले, तब हमने अपनी सबसे महत्वपूर्ण संस्था पुलिस में आमूल-चूल परिवर्तन की बात क्यों नहीं सोची? भारतीय पुलिस आज हमें जिस स्वरूप में दिखती है, उसकी नींव 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की समाप्ति के बाद पड़ी थी और इसके पीछे तत्कालीन शासकों की एकमात्र मंशा औपनिवेशिक शासन को दीर्घजीवी बनाना था और उसमें वे काफी हद तक सफल भी हुए। 1860 के दशक में बने पुलिस ऐक्ट, आईपीसी, सीआरपीसी या एविडेंस एक्ट जैसे कानूनों के खंभों पर टिका यह तंत्र ना तो कभी जनता का मित्र बन सका, ना ही जनता के रक्षक की भूमिका को निष्पक्षता से निभा सका और ना ही उसकी ऐसी कोई मंशा थी। आजादी के बावजूद आज भी हम विदेशी दासता का दंश ही झेल रहे हैं और उसमें सबसे बड़ी भूमिका पुलिस की ही है। आजाद भारत की बड़ी असफलता है कि पुलिस कानून-कायदों की धज्जियां उड़ाने वाला, भ्रष्ट और जनता के शत्रु संगठन के रूप में ही काम कर रहा है, तभी आम जनता पुलिस नाम से ही थर-थर कांपती है। जरूरत है वर्तमान थानों को अब जन-रक्षक केन्द्र के रूप में विकसित करते हुए पुलिस की नयी कार्यप्रणाली, भूमिका, छवि एवं दायित्वों को निर्धारित किया जाये। पुलिस महानिदेशकों और महानिरीक्षकों के 58वें अखिल भारतीय इस सम्मेलन में प्रधानमंत्री की इस सीख से यह जाहिर होता है कि आजादी के 77 साल बाद भी पुलिस जनता की दोस्त एवं रक्षक के रूप में काम नहीं कर रही। इसके लिए पुलिस को ही जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। प्रधानमंत्री की पुलिस अफसरों को दी गई नसीहत ने कई विचारणीय सवाल भी खड़े किए हैं। पहले भी पुलिस सुधारों को लेकर काफी विचार-विमर्श व सरकारी स्तर पर फैसले हुए हैं। मोदी ने कहा कि तीनों नए आपराधिक न्याय कानूनों को 'नागरिक प्रथम, गरिमा प्रथम, न्याय प्रथम' की भावना से बनाया गया है और पुलिस को अब डंडे के बजाय डाटा के साथ काम करना होगा। सवाल यह है कि इसके बावजूद क्या पुलिस अपनी कसौटी पर खरी उतर सकेगी? अहम सवाल यह भी कि क्या पुलिस को बिना राजनीतिक एवं शासन के दबाव के स्वतंत्र तरीके से काम करने के अवसर मिल सकेंगे? अगर इस सवाल का जवाब हां है तो हमें इसके कारण एवं मार्ग भी तलाशने होंगे। यह जगजाहिर है कि पुलिस को कई बार राजनीतिक दबाव में काम करना पड़ता है। पुलिस की कार्यप्रणाली बहुत जटिल है और पुलिस बल अपेक्षा से काफी कम है। बड़ा संकट यही है कि आबादी के अनुपात में जितने पुलिसकर्मी होने चाहिए, उतने आज भी नहीं हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, देश में प्रति एक लाख जनसंख्या पर 196 पुलिसकर्मी होने चाहिए जबकि वर्तमान में यह आंकड़ा 152 ही है। अनेक राज्यों में तो यह अनुपात 130 के भी नीचे है। पुलिस अफसरों की नियुक्ति में सिफारिशें एवं भ्रष्टाचार किस स्तर का होता हैं, यह भी किसी से छिपा नहीं है। विडम्बना यह है कि एक तरफ पुलिसकर्मियों की कमी है तो दूसरी तरफ मंत्री और विधायकों से लेकर पार्टी पदाधिकारी भी अपनी सुरक्षा के लिए पुलिसकर्मियों की तैनाती चाहते हैं, फिर जनता की सुरक्षा-ढाल कौन और कैसे बनेगा? भारत को आजादी के अमृतकाल की सम्पन्नता यानी 2047 तक विकसित-सशक्त राष्ट्र बनाने के संकल्प को पूरा करने के लिए भारतीय पुलिस को आधुनिक, तकनीकी और विश्वस्तरीय बनाने की जरूरत है। पुलिस अधिकारियों का दावा है कि वे पूरी ईमानदारी से जिम्मेदारी निभा रहे हैं, लेकिन जनता का नजरिया शायद पुलिस के दावों से मेल नहीं खाता। पुलिस में सेवा, सहयोग एवं रक्षा का भाव हो तभी वह जनआकांक्षाओं के अनुरूप अपने आपको ढाल सकती है। शायद तभी प्रधानमंत्री की सीख भी कारगर साबित होगी। जरूरत इस बात की भी है कि हाईटेक हो रहे अपराधियों से निपटने के लिए पुलिस बेड़े को तकनीकी रूप से दक्ष किया जाए। पुलिस का बड़ा दायित्व है कि वह महिलाओं की सुरक्षा पर सकारात्मक एवं सुरक्षात्मक नजरिया विकसित करें ताकि वे कभी भी और कहीं भी बिना किसी भय के काम कर सकें। सरकार की माने तो महिलाओं और लड़कियों को उनके अधिकारों एवं नए कानूनों के तहत उन्हें प्रदान की गई सुरक्षा के बारे में जागरूक करने पर विशेष ध्यान दिया गया है। नये भारत, सशक्त भारत की बुनियादी जरूरत है वर्तमान पुलिस व्यवस्था को भारतीय मूल्यों एवं अपेक्षाओं के अनुरूप गठित करने की। क्योंकि आज की पुलिस व्यवस्था मूलतः ब्रिटिश पद्धति पर आधारित है, यह व्यवस्था लगभग 160 वर्ष से भी पुरानी है, जो रक्षक नहीं बल्कि भक्षक बनी हुई है। किसी पर भरोसा कर रक्षा के लिए छोड़ दे और वही आपका नुकसान कर दे तो उसे भक्षक कहते है। आज भी हमारे राजनेता एवं राजनीति विदेशी मानसिकता एवं दासता से ग्रस्त है। इसलिए तो हमारे शासकों एवं राजनेताओं को आज भी ऐसी पुलिस भाती है, जो उनके इशारों पर विरोधियों के हाथ-पैर तोड़ दे, उनके खिलाफ झूठे केस दर्ज कर दें या उनके समर्थकों के कानून तोड़ने पर अपनी आंखें मूंद ले? आज भी चुनाव जिताने के लिए पुलिस उनके पास सबसे कारगर औजार है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि आज भी भारत में जितने भी साम्प्रदायिक दंगे हुए उनमें पुलिस की भूमिका बेहद संदेहास्पद एवं खतरनाक स्थिति में थी। पुलिस का कार्य निष्पक्ष रह कर अपने कार्यों को अंजाम देना है ना कि उसी में शामिल हो जाना। राजनीतिक दबाव के कारण पुलिस अपने कार्यों को निष्पादित नहीं कर पाती है और राजनीतिक कारणों से न्याय व्यवस्था प्रभावित होती है। सरकार को चाहिए कि पुलिस को पूरी तरह से राजनीतिक दबाव से मुक्त करे और अपना कार्य ईमानदारी पूर्वक करने दे। जनता की सुरक्षा के लिए आपको यह ज़िम्मेदारी दी गई है ना कि उसी का शोषण करने के लिए। पुलिस के काम करने का तरीका आज भी अंग्रेज़ों के ज़माने का है, जिसे सभी सिविल नागरिक अपराधी ही नज़र आता है।

**दृष्टि कोण**

## अब तक की उपलब्धियों को लेकर संतुष्ट नहीं बैठेंगे पीएम मोदी, भाजपा के लिए चलेंगे बड़ा दांव

**'इंडिया'** गठबंधन के भीतर सीटों के बंटवारे को लेकर चल रही खींच-तान और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने गठबंधन का चेहरा पेश करने में असमर्थता के चलते आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को जीतने से रोक पाना विपक्षी गठबंधन के लिए दुर्गम चुनौती बन गया है। चुनौती की विकटता इससे समझी जा सकती है कि हममें से कई आगामी चुनाव को ऐसी स्पर्धा मान रहे हैं, जिसमें 'इंडिया' गठबंधन ने अब तक पहला कदम भी नहीं बढ़ाया है, जबकि भाजपा मंजिल पर दस्तक दे रही है। लेकिन एक व्यक्ति ऐसा कभी नहीं सोचेगा, और वह हैं प्रधानमंत्री मोदी। आगामी अप्रैल-मई में होने वाले 18वें लोकसभा चुनाव में लगातार तीसरे कार्यकाल की तरफ बढ़ रहे नरेंद्र मोदी विपक्षी गठबंधन की तरफ से आने वाली हर चुनौती को, चाहे वह कितनी ही मामूली क्यों न हो, पूरी सतर्कता और गंभीरता से ले रहे हैं। नरेंद्र मोदी की तरफ से भाजपा को साफ निर्देश है कि विपक्षियों पर पूरी नजर रखें और उन्हें किसी भी हाल में अनियंत्रित न होने दें। इसलिए, वह चाहते हैं कि भाजपा उनके लिए वोट जुटाने के उद्देश्य से पूरी ताकत से काम करे। यही वजह है कि भाजपा की चुनाव-प्रबंधन रणनीति में विपक्ष के हर हमले का, वह कितना ही कमजोर क्यों न हो, मुंहतोड़ जवाब देने का संदेश जरूर शामिल होगा। चुनावी अभियानों में केंद्रीय मंत्रियों के जमावड़े और भाजपा की तरफ से खासकर ग्रामीण व शहरी गरीबों, महिलाओं, युवाओं और किसानों तक लक्षित ढंग से अपने संदेश पहुंचाने की व्यापक मुहिम देखने को मिले, तो हैरत नहीं होनी चाहिए। विभिन्न रणनीतिक सत्रों में मोदी अपनी पार्टी के नेताओं से लगातार कह रहे हैं कि उन्हें भारत के विकास की कहानी को लेकर जनता तक पहुंचना चाहिए और विपक्षियों की किसी भी चाल को हल्के में नहीं लेना चाहिए, चाहे वह 15 राज्यों की 100 लोकसभा सीटों को छूने वाली राहुल गांधी की नई यात्रा ही क्यों न हो। मोदी का भाजपा के रणनीतिकारों को संदेश साफ है कि नए और प्रभावशाली जनादेश के साथ सत्ता में लौटने के लिए हर मतदाता और हर राज्य महत्वपूर्ण है। चाहे उम्मीदवारों का चयन करना हो या क्षेत्रवार मुद्दे उठाने हों, अमित शाह की सीधी निगरानी में दोहरी जांच की व्यवस्था लागू की गई है। जब सब कुछ केंद्रीय नेतृत्व को ही करना है, तो मुमकिन है कि पार्टी के लोग आरामतलब और मनचाहे नतीजों के लिए प्रधानमंत्री की शख्सियत पर निर्भर हो जाएं। पर मोदी ऐसा होने नहीं देंगे। उन्होंने भाजपा के लिए ज्यादा संभावनाएं न रखने वाले राज्यों में भी दिखाया है कि वह कितनी ज्यादा कोशिशें करते हैं। तमिलनाडु के त्रिची में और केरल के त्रिशूर में उनकी सभाओं को ही देखें। इन राज्यों में मोदी ने हिंदुत्व के बजाय अपने विकास के एजेंडे के जरिये स्थानीय मतदाताओं से जुड़ने की कोशिश की। हां, थोड़ा-सा हिंदू पुट केवल क्षेत्र की आध्यात्मिक विरासत की ओर इशारा करने तक सीमित जरूर था। उल्लेखनीय है कि पिछले कई वर्षों से भाजपा केरल और तमिलनाडु में जमीनी स्तर पर काम कर रही है, इससे बेफिक्र कि उसे मिल रहा समर्थन संसद या राज्य विधानसभाओं में सीटों में तब्दील हो रहा है या नहीं। जाहिर है कि एक अथक प्रचारक के रूप में मोदी समय और ऊर्जा का निवेश करने को तब भी तैयार हैं, भले ही रिटर्न की गारंटी न हो। मोदी ने अमित शाह और दूसरे चुनावी योद्धाओं को एहसास दिलाया है कि आगामी चुनाव में भाजपा के लिए दूसरे दलों की तुलना में दांव कहीं ज्यादा बड़ा है। 2024 में जीत भाजपा के लिए एक नए युग का द्वार खोलेगी, जो अगले एक दशक के लिए पार्टी को निर्विवाद रूप से सबसे आगे खड़ा कर देगी। नरेंद्र मोदी के अनुसार, यही वह समय होगा, जब देश के लिए सबसे अच्छी चीजें होनी तय हैं और 2047 तक सौ वर्ष के हो चुके आजाद भारत में भाजपा ही देश में महत्वपूर्ण बदलावों की अग्रदूत के रूप में देखी जाएगी। सभी भाजपा-विरोधी वोटों को एकजुट करने में विपक्ष कई चुनौतियों से जूझ रहा है। कुछ राज्यों में गठबंधन सहयोगी एक-दूसरे के विरोधी हैं, जिनमें से ज्यादातर एक खास क्षेत्र या सामाजिक समूह तक सीमित हैं, जो सहयोगियों को वोट हस्तांतरित करने की ताकत भी नहीं रखते। विपक्ष जहां नेतृत्व व आपसी संवाद के मुद्दे पर अनिश्चित है, और सिर्फ एक बात की रट लगा रहा है कि भाजपा की सीटें कम करके मोदी को रोकना होगा, वहीं, नरेंद्र मोदी की अपनी पार्टी पर पूरी पकड़ है। पश्चिम बंगाल में सत्ताधारी तृणमूल और विपक्षी कांग्रेस व माकपा सीटों को लेकर एक-दूसरे के दावों पर सवाल उठा रहे हैं।

**कुछ अलग**

## राष्ट्र के विकास की नींव है युवा

**भारत** के महान दार्शनिक, विचारक, युवाओं के आदर्श एवं कर्मयोगी राष्ट्र संत स्वामी विवेकानंद का जन्मदिन प्रतिवर्ष राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी 1863 को हुआ था और इनका जन्मदिन राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाए जाने के पीछे मुख्य कारण उनका दर्शन, सिद्धांत, अलौकिक विचार और उनके आदर्श हैं, जिनका उन्होंने स्वयं पालन किया और भारत के साथ-साथ अन्य देशों में भी उन्हें स्थापित किया। महोत्सव का उद्देश्य, युवाओं के बीच राष्ट्रीय एकता के विचार, सामान्य एकता, भाईचारे, बहादुरी और साहस की भावना को बढ़ावा देना है। नेल्सन मंडेला की एक खूबसूरत कहावत है कि, 'आज के युवा कल के नेता हैं', और युवावस्था एक व्यक्ति के जीवन में वह मंच है जो सीखने की कई क्षमताओं और प्रदर्शन के साथ भरा हुआ है। भारत सरकार ने 1984 में उनके जन्मदिवस को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाए जाने की घोषणा की थी। कल भारत सहित संपूर्ण विश्व में स्वामी विवेकानंद की जयंती पर कई कार्यक्रमों का आयोजन कर उनके प्रति कृतज्ञता प्रकट की जाएगी। उन्होंने 1893 में शिकागो धर्म संसद में भी भाग लिया था। स्वामी जी प्रबल देशभक्त, महान द्रष्टा, सच्चे राष्ट्र संत और कई धर्मग्रंथों, दर्शन, साहित्य, वेद व पुराणों के ज्ञाता थे। स्वामी विवेकानंद की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाने का उद्देश्य भारतवर्ष की भावी पीढियों का चरित्र निर्माण करते हुए उनमें उच्च आदर्शों पर चलने की भावना का संचार करना रहा है। स्वामी विवेकानंद जी की भी उत्कट अभिलाषा थी कि युवाओं को अपने कंफर्ट जोन से बाहर निकलकर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए और भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए उनमें निहित अनंत ऊर्जा का उपयोग देशहित में होना चाहिए। इस वर्ष राष्ट्रीय युवा दिवस की थीम 'वैश्विक सद्भाव के लिए युवा' (यूथ फॉर ग्लोबल हारमॉनी) रखी गई है। आशानुरूप विवेकानंद के सार्वभौमिक भाईचारे के दृष्टिकोण पर आधारित, यह विषय संस्कृतियों और सीमाओं के पार शांति, सहिष्णुता और समझ को बढ़ावा देने और एक अधिक सामंजस्यपूर्ण वैश्विक समाज को बढ़ावा देने में युवाओं की भूमिका को उजागर कर सकता है। विश्व का वर्तमान परिदृश्य बीते 100 वर्षों में अभूतपूर्व रूप से परिवर्तित हो चुका है। हमारी आज की युवा पीढ़ी शिक्षा से प्राप्त ताकत के चलते सफलता की नई ऊंचाइयों पर पहुंच चुकी है। पिछले 2-3 दशकों में इस देश में बहुत कुछ बदला है। आर्थिक मोर्चे पर बदलाव एवं पाश्चात्य देशों की तर्ज पर ब्रांड संस्कृति तथा विकास की बयार भारत में भी द्रुत गति से बह रही है। इस नए चलन और परिपाटी से हमारा मध्यमवर्गीय युवा मन भी प्रभावित हुआ है। उसकी इच्छाओं, अपेक्षाओं और आकांक्षाओं को भी पंख लगे हैं। आज बड़ी संख्या में हमारी युवा पीढ़ी दूसरे राज्यों और विदेशों में पढने और रोजगार हेतु जा रही है। बड़े शहरों की चकाचौंध वाली जीवनशैली और 'मॉल कल्चर' उसे लुभाती है। वहीं दूसरी तरफ मध्यमवर्गीय परिवारों के अभिभावकों के समक्ष अपनी संतानों को पढ़ा-लिखाकर उन्हें अपने पैरों पर खड़ा करने की चुनौती है, तो युवा भी उच्च शिक्षा ग्रहण कर लुभावने पैकेज के लिए जी-तोड़ मेहनत कर रहे हैं। हमारा युवा आज की शिक्षा व्यवस्था की दशा और दुर्दशा को लेकर भी चिंतित और परेशान है क्योंकि एक राष्ट्र के भीतर अनेक प्रकार की शिक्षा प्रणालियां प्रचलन में हैं। एक तरफ स्कूलों तथा कॉलेजों में अध्यापकों की कमी है तो वहीं युवा डिग्री हाथ में होने के बावजूद बेरोजगार घूम रहा है। हमारा निजी और सरकारी तंत्र युवाओं को उनकी योग्यता के विपरीत बेहद कम वेतन देकर उनकी योग्यता का शोषण कर रहा है। भारत में युवाओं की संख्या विश्व के अन्य देशों के मुकाबले में ज्यादा है। यहां की 65 फीसदी आबादी 35 वर्ष से कम है, अर्थात युवा है।

**देश दुनीया से**

## श्रीराम की छवि को विवृत करने के प्रयासों का मूर्तरूप

> श्रीराम और मर्हषि वाल्मीकि समकालीन नहीं थे क्योंकि श्रीराम, मर्हषि वाल्मीकि के लिए 'जनश्रुति' हो गये थे। ऐसी स्थिति में यह सम्भव नहीं है कि लव और वुश मर्हषि वाल्मीकि के आश्रम में पले हों और उन्होंने ने श्रीराम के दरबार में उनके समक्ष मर्हषि वाल्मीकि वृत रामायण का वाचन किया हो। उत्त किवदन्तियों का आधार उत्तरकाण्ड ही है। यदि श्रीराम और मर्हषि वाल्मीकि समकालीन होते तो उत्तरकाण्ड की किवदंतियॉ वास्तविकता के साथ होतीं। ऐसी स्थिति में यह स्वीकार किया जाना चाहिए कि उत्तरकाण्ड मर्हषि वाल्मीकि वृत रामायण का अंग नहीं है।

**शिव** शंकर द्विवेदी अभी तक आपने यह पढ़ा है कि जिस वाल्मीकि रामायण से हम परिचित हैं, उसमें सर्ग 1से सर्ग 4 तथा 5वें सर्ग के प्रथम 4 श्लोक, मर्हषि वाल्मीकि और उनकी वृति रामायण के विषय में प्रचलित दंतकथा से सम्बन्धित हैं, जिसके कथाकार स्वयं मर्हषि वाल्मीकि नहीं हो सकते हैं क्योंकि, उत्त श्लोकों की शैली आत्मकथा की शैली नहीं है। श्रीराम और मर्हषि वाल्मीकि समकालीन नहीं थे क्योंकि श्रीराम, मर्हषि वाल्मीकि के लिए 'जनश्रुति' हो गये थे। ऐसी स्थिति में यह सम्भव नहीं है कि लव और वुश मर्हषि वाल्मीकि के आश्रम में पले हों और उन्होंने ने श्रीराम के दरबार में उनके समक्ष मर्हषि वाल्मीकि वृत रामायण का वाचन किया हो। उत्त किवदन्तियों का आधार उत्तरकाण्ड ही है। यदि श्रीराम और मर्हषि वाल्मीकि समकालीन होते तो उत्तरकाण्ड की किवदंतियाँ वास्तविकता के साथ होतीं। ऐसी स्थिति में यह स्वीकार किया जाना चाहिए कि उत्तरकाण्ड मर्हषि वाल्मीकि वृत रामायण का अंग नहीं है। उत्तरकाण्ड मर्हषि वाल्मीकि वृत रामायण अंग नहीं है,इस सम्बन्ध में आपने एक अन्य तर्व को भी समझा है कि मर्हषि वाल्मीकि रामायण के युद्ध काण्ड के अनुसार श्रीराम ने अपना उत्तराधिकारी अपने अनुजों को बनाया था यदि उनके पुत्र लव और वुश होते तो वह अनुजों को उत्तराधिकारी क्यों बनाते? उत्तरकाण्ड मर्हषि वाल्मीकि वृत रामायण का अंग नहीं है, यह समझने के लिए यह तथ्य भी ध्यान में रखा जाना चाहिए कि रामायण एक चरित्र महाकाव्य है, इसमें महानायक के रूप में श्रीराम हैं। चरित्र-काव्य में नायक के उन गुणों को विशेष रूप से रेखांकित किया जाता है, जिनसे उसके व्यत्तित्व में निखार आ सके, उसका व्यत्तित्व आदरणीय और आचरणीय रूप से अभिव्यञ्जित हो सके, यह रेखांकन ही कवि की अभिलाषा होती है, जिसे वह काव्यवृति में चित्रित करने का प्रयास करता है। शेष काव्यगत विशेषताएं जैसे विविध छन्द एवं अलंकारों का प्रस्पुटित होना उतना अर्थ नहीं रखता है, जितना चरित्र का निखार। रसों की भी निष्पत्ति चरित्र के निखार के समक्ष गौड़ ही होती है। वैसे मर्हषि वाल्मीकि वृत रामायण में विविध छन्दों एवं अलंकारों का विधिवत प्रदर्शन हुआ है और यथावश्यकता सहज रूप से रसों की भी निष्पत्ति हुयी है। मर्हषि वाल्मीकि ने 6 काण्डों में ही यथार्थ जीवन को गरिमामय और आचरणीय विधि से जीने वाले अप्रतिम व्यत्तित्व के धनी श्रीराम का जो जीवनवृत्तान्त लिखा है, वह धीरोदात्त नायक का ही जीवनचरित्र है, जबकि उत्तरकाण्ड में जिन घटनाओं के साथ श्रीराम को चित्रित किया गया है, वह चित्रण वर्तमान युग में ही नहीं अपितु भारत की सनातन सोच के समक्ष भी उन्हें नितान्त हेय रूप में प्रस्तुत करता है। इससे भी लगता है कि 'उत्तर काण्ड' से न तो मर्हषि वाल्मीकि जी का वुछ लेना-देना है न मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का। यदि कोई व्यत्ति रामायण के उत्तरकाण्ड को पढ़ेगा तो उसे लगेगा कि इसमें जो वुछ भी लिखा गया है, वह सब एक स्वतन्त्र वृति का विषय हो सकता है, क्योंकि,इसके विषयों का रामायण के पूर्व काण्डों में वर्णित घटनाओं से कोई सीधा सम्बन्ध नहीं है अपितु कहीं- कहीं तो विरोधाभासी स्थिति भी आ गई है। उदाहरण के रूप में युद्धकाण्ड में श्रीराम के शासनकाल में किसी प्रकार के कलह आदि के न होने का उल्लेख है, जबकि उत्तरकाण्ड में श्रीराम और सीता के सम्बन्धों को लेकर ही आम जनमानस में असमंजस बना हुआ है। युद्धकाण्ड में श्रीरामराज्य का सजीव चित्रण करने वाले मर्हषि वाल्मीकि उत्तरकाण्ड में जाकर किन परिस्थितियों में श्रीराम के राजकाज के विषय में जनापवाद की स्थितियों को रेखांकित कर सकते हैं कि श्रीराम को जनापवाद से बचने के लिए अपनी पत्नी सीता का परित्याग करना पड़ता है और शम्बूक की हत्या तक करनी पड़ती है? यह सब समझ से परे है। वास्तविकता यह है कि मर्हषि वाल्मीकि ने जिस श्रीराम के चरित्र का चित्रण किया है, वह जीवन के सुख-दुःखों को एक साधरण मनुष्यों की भांति अनुभव करने वाले व्यत्ति थे। वह एक योग्य पुत्र,भरोसे-मन्द पति, राजाज्ञा पालक नागरिक एवं एक वुशल रणनीतिकार थे। वह मित्रता का मूल्य समझते थे और मित्रता का मूल्य समझाना भी जानते थे। वह रणभूमि में विजय के लिए उतरते थे।



**आप का नजरीया**

## गलती सुधारी गई

**सुप्रीम** कोर्ट ने सोमवार को बहुचर्चित बिलकिस बानो गैंगरेप मामले में गुजरात सरकार द्वारा 11 दोषियों को दी गई माफी रद्द कर दी। इन सबको एक पखवाड़े के अंदर फिर से जेल जाने के लिए कहा गया है। फैसला इस तकनीकी आधार पर दिया गया है कि माफी का यह आदेश गुजरात सरकार के अधिकार क्षेत्र में नहीं आता। यह महाराष्ट्र सरकार के अधिकार क्षेत्र में है क्योंकि मुकदमा गुजरात में नहीं, महाराष्ट्र में चला था। मगर इस फैसले से जो मुद्दे सामने आए हैं, उन पर गौर करने की जरूरत है। आखिर माफी के ऐसे फैसले अमूमन तत्कालीन राजनीतिक माहौल से जुड़े होते हैं। अगस्त 2022 में गुजरात सरकार द्वारा दिए गए माफी के इस आदेश पर विवाद इसलिए भी हुआ क्योंकि इस मामले में अपराध का स्वरूप बेहद गंभीर था। इसी वजह से अपराधियों को उम्र कैद की सजा दी गई। पिटिशनर बिलकिस रसूल 2002 के गुजरात दंगों के दौरान गैंगरेप और मर्डर केस में विक्टिम थीं। इस घटना में आठ नाबालिगों की हत्या की गई थी।



**राजनीतिक पहलू:** माफी के इस पूरे घटनाक्रम पर गौर करें तो इसके राजनीतिक पहलू प्रमुखता से उभर आते हैं। CBI ने इस मामले की जांच की थी। इसलिए 2019 में माफी की अर्जी आने के बाद उससे भी राय मांगी गई। एजेंसी का कहना था कि इस मामले में ढिलाई की कोई सूरत नहीं बनती। अगले साल गुजरात के दाहोद जिले के SP और DM ने भी CBI के इस रुख की पुष्टि कर दी। उनका भी कहना था कि माफी नहीं दी जानी चाहिए।

**राज्य सरकार की खिंचाई:** माफी देने की शक्ति कार्यपालिका के पास है। 2022 में जब जांच एजेंसियों की आरंभिक आपत्तियों के बावजूद माफी का आदेश जारी हुआ, तब राज्य में विधानसभा चुनाव होने वाले थे। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात सरकार के इस फैसले को दो आधारों पर गैरकानूनी बताया है। चूंकि यह मुकदमा महाराष्ट्र में चला, इसलिए गुजरात सरकार को इस बारे में फैसला करने का अधिकार नहीं है, यह बात खुद गुजरात सरकार ने 2022 में मानी थी। इसलिए माफी का आदेश राज्य सरकार की हड़पी हुई ताकत पर आधारित है। यह सुप्रीम कोर्ट द्वारा माफी को रद्द किए जाने का एक कारण रहा।

**दिशानिर्देश की जरूरत:** माफी बेशक जुडिशल सिस्टम का अभिन्न हिस्सा है। मगर यह सुनिश्चित करना भी जरूरी है कि इसे राजनीतिक सहूलियत का मामला न बना लिया जाए। जैसे ही सुप्रीम कोर्ट इस निष्कर्ष पर पहुंचा कि गुजरात सरकार ने माफी का आदेश निकालने का अधिकार हड़प लिया है, इससे न्यायिक व्यवस्था के अवमूल्यन का खतरा भी स्पष्ट हो गया। आखिर इंसाफ को नुकसान सिर्फ मनमानी गिरफ्तारी से नहीं होता। संदिग्ध माफी भी इसके लिए उतनी ही नुकसानदेह साबित होती है।

# पुलिस और टीएसपीसी नक्सलियों के बीच मुठभेड़, तीन रायफल व बारुद बरामद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुंदा :** चतरा पुलिस, जगुआर और सीआरपीएफ और तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी के उग्रवादियों के बीच सोमवार को जमकर फायरिग हुई।मिली जानकारी के अनुसार दोनों ओर से 100 चक्र गोलियां चली है। मुठभेड़ की यह घटना कुंदा थाना क्षेत्र के अनगड़ा गांव के जंगलों में हुई है।अनगड़ा गांव जंगलो से घिरा हुआ है।उसी जगह पलामू बॉर्डर भी है।पुलिस ने मुठभेड़ के बाद आसपास सर्च अभियान चलाया।एक वरीय अधिकारी ने बताया कि तीन रायफल बरामद किया गया है।साथ ही वर्दी,बर्तन और दैनिक उपयोग की सामग्रियां बरामद हुई है।इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन को गुप्त सूचना मिली कि टीएसपीसी का एक दस्ता चतरा जिले के कुंदा थाना क्षेत्र के अनगड़ा के जंगली क्षेत्र में सक्रिय है।पुलिस अधीक्षक ने उग्रवादियों के धर पकड़ को लेकर तुरंत एक टीम का गठन किया गया।अभियान में जिला बल और झारखंड जगुआर की संयुक्त टीम छापेमारी के लिए निकल पड़ी।जैसे ही पुलिस की टीम जंगल में पहुंची,उग्रवादियों ने पुलिस पर ताबड़तोड़ फायरिग शुरू कर दिया।पुलिस ने मोर्चा संभालते हुए जवाबी कार्रवाई में फायरिंग की।दोनों ओर से करीब 100 चक्र गोलियां चली।उसके बाद उग्रवादी जंगल का लाभ उठाते हुवे भाग निकले।

# बैंक ऑफ़ इंडिया में आधार सेवा केंद्र का उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** बैंक ऑफ़ इंडिया टंडवा शाखा में आधार सेवा केंद्र जिसमें आधार शुद्धिकरण,नई पंजीकरण के लिये सेवा प्रदान के लिए सोमवार को विधिवत उद्घाटन गाड़ीलौंग मुखिया सबिदा खातून, शाखा प्रबंधन शिसिर चौर्य, उप शाखा प्रबंधक धिरंजन कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। उद्घाटन के मौके पर मुखिया ने कहा कि आधार में सुधार या नया आधार बनाने के लिए ग्रामीणों को अब कहीं दूसरे जगह नहीं जाने पड़ेगा। बैंक के कार्य के साथ साथ ग्रामीणों का अब बैंक परिसर में आधार का सभी कार्य होगा। मौके पर बैंक ऑफ़ इंडिया के अशिकारी अमित कुमार, प्रियांसु प्रिया, संगम कुमार आधार सेवा संचालनकर्ता शबनम निशा, बाबुलाल साव, नीरज कुमार, अनिल कुमार, मोइन अंसारी, तैयब अंसारी समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# जंहा राम वहीं अयोध्या : मंत्री सत्यानंद भोक्ता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**इटखोरी :** मां भद्रकाली मन्दिर में पूजा अर्चना के बाद मंत्री से जब राम मंदिर पर प्रश्न पूछा गया तो उन्होंने चतरा की जनता के नब्ज को भांपते हुए विरोधी की तरह नही बल्कि क्षेत्र के प्रतिनिधित्व के तौर पर जनता के मन अनुरूप जवाब दिया सीधे शब्दों में कहे तो केंद्र सरकार में विरोधी दल के गठबंधन नेता होने के नाते लोग राम मंदिर के विरोध में उनका वक्तब्य सुनना चाहते थे। किंतु राजनीति के मंझे खिलाड़ी होने का एक बार पुनः परिचय देते हुए मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने क्षेत्र की जनता के मनः स्थिति अनुरूप उत्तर दे सबको चौका दिया और कहा कि जंहा राम वंही अयोध्या। जानकार कहते है मंत्री जनता के वोट से वोट प्राप्त कर विधायक बने है और वह जनता की हर इक्षा को समझते है तभी तो जनता के दिलों पर राज करते है। अब उनके विरोधी भी मंदिर पर उनकी यह प्रतिक्रिया सुन उनके कायल हुए जा रहे है। एक मंत्री विरोधी नेता का कहना है कि मंत्री जी लोकसभा चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे है और इसीलिए वे राम भक्तों को कांग्रेस की तरफ से या स्वयं उनके पार्टी की तरफ से दी जा रही अनाप सनाप बयानबाजी से अलग कर रखा है। ऐसे में मंत्री जी को अपनी पार्टी का प्रकोप भी सहना पड़ सकता है पर क्या करे? एक तरफ कुंवा तो दूसरे तरफ खाई देख मंत्री जी ने बीच का रास्ता ढूंढ निकाला है। जनता को वोट करना है और वे राम विरोधियों को जवाब देने के लिए तैयार खड़े है। ऐसे में मंत्री जी बड़ी दुविधा का सामना कर रहे है किंतु उनके अच्छे विचारों का हम भी स्वागत करते है ये कहना है मंत्री जी के विरोध में खड़े रहने वाले एक नेता का जो कभी उनके काफी करीब भी हुआ करते थे।

# झारखंड वैश्य महिला मोर्चा की प्रीति साहा चतरा जिला अध्यक्ष बनी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** झारखण्ड प्रदेश वैश्य मोर्चा के ओर से टंडवा कुंडी निवासी प्रीति कुमारी साहा को झारखंड वैश्य महिला मोर्चा के चतरा जिला अध्यक्ष मनोनित किया गया। केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु द्वारा प्रीति साहा को मनोनयन पत्र दिया किया है। वही प्रीति साहा को महिला मोर्चा के चतरा जिला अध्यक्ष बनने पर समाज से सीता राम साव, राजेश साव, भीम साव, गुरुदयाल साव, तिलेश्वर साव, राजेंद्र साव सहित अन्य ने प्रसन्नता व्यक्त कर बधाई दी है। बीस सूत्री अध्यक्ष सुबाष यादव, बीजेपी नेता मिथलेश गुप्ता, मुकेश कुमार साव, वैश्य मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष कुलदीप कुमार ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि आपके सामाजिक योगदान, कर्मठता, सहयोग व समाज के प्रति समर्पण भाव को ध्यान में रखते हुए आपको झारखंड वैश्य महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। संगठन द्वारा प्रीति साहा वैश्य समाज के प्रति रूचि एवं झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा के कार्यक्रमों में भागीदारी को देखते हुए झारखंड वैश्य महिला मोर्चा, चतरा जिला का अध्यक्ष मनोनित किया है।

# गरीब बच्चों संग सांसद प्रतिनिधि ने मनाया मकर संक्रांति पर्व



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** टंडवा प्रखंड अंतर्गत ग्राम सिसई में सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय ने गरीब बच्चों संग मकर संक्रांति पर्व मनाया। मकर संक्रांति का दिन शुभ कार्यो के लिए नए वर्ष की शुरुआत होता है। लोग स्नान दान कर पुण्य कमाते हैं, नए अन्न का भोजन बनाते हैं और जीवन में नई चेतना व उर्जा भरते हैं, तो वहीं टंडवा सांसद प्रतिनिधि गरीब बच्चों संग मकर संक्रांति पर्व मनाते हुए संदेश देते हैं कि स्वयं का बढ़िया खाना, पहनना, पर्व मनाना, पुण्य कमाना क्या, जब गरीब बच्चों का पेट भर जाय, उनका मन सन्तुष्ट हो जाए तो वही सबसे बड़ा पुण्य है। आज मैं इन गरीब बच्चों संग यह पर्व मनाते हुए नए अन्न तिलकुट चूड़ा दही गुड़ का उपयोग कर जीवन में नई चेतना व ऊर्जा भरने का प्रयास किया। देवंती कुमारी, दीपक भुइयां व छोटुवा भुइयां की खुशी से मन प्रसन्न हुआ, इनके चेहरे पर हमेशा मुस्कुराहट बनी रहे। ठंड के मद्देनजर सांसद प्रतिनिधि ने इन बच्चों को गरम वस्त्र भी देते हुए खुशियां बांटने का प्रयत्न किया।

# मुखिया ने सुधा इंटरप्राइजेज श्रृंगार स्टोर एंड गिफ्ट कॉर्नर का फीता काटकर किया उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुन्दा :** प्रखंड के बेल चौक के समीप कुन्दा-प्रतापपुर मुख्य मार्ग में सोमवार को सुधा इंटरप्राइजेज श्रृंगार व गिफ्ट कॉर्नर का उद्घाटन मुखिया मनोज कुमार साहू ने नारियल फोड़कर व फीता काटकर किया। वही श्रृंगार स्टोर के संचालक विशाल कुमार ने बताया कि हमारे यहाँ सभी प्रकार की श्रृंगार की सामान,कॉस्मेटिक एवं गिफ्ट का सामान सस्ते दर पर उपलब्ध है।मौके पर डॉश मधु,नन्दकिशोर वैद्य,अशोक कुमार,उमेश,विसुजीत समेत कई लोग उपस्थित रहे।

# अवैध खनन परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध चला छापेमारी अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** उपायुक्त श्री अबु इमरान के निर्देश पर अवैध खनन परिवहन एवं भंडारण करने वालों के विरुद्ध खनन विभाग चतरा सख्त।जिले में लगातार चलाया जा रहा हैं छापेमारी अभियान। खान निरीक्षक राजेश हंसदा ने बताया कि जिले भर में अवैध खनन परिवहन एवं भंडारण करने वालों के विरुद्ध जिला स्तरीय टास्क फोर्स, अनुमंडल स्तरीय टास्क फोर्स व अंचल स्तरीय टीम द्वारा छापेमारी अभियान लगातार चलाया जा रहा है। किसी भी सूरत में अवैध खनन में संलिप्त लोगों को बख्सा नहीं जाएगा। आज सदर थानांतर्गत चतरा क्षेत्र अंतर्गत जोरी मुख्य मार्ग संघरी घाटी पुल के पास दो बालू लोड ट्रैक्टर वाहोनो को पुलिस केन्द्र बल के सहयोग से पकड़ा गया। दोनो ट्रेक्टर में 100 100 सीएफटी बालू लोड पाया गया। पकड़े गए दो ट्रैक्टर में से एक ट्रैक्टर का निबंधन और डाला नंबर अंकित नहीं है। वाहन चालक अरुण कुमार भुईयां एवं दिलीप भुईयां दोनो चालको को सादर थाना चतरा को सुपूर्द कर दिया गया।और दोनो खनिज लोड वाहनों पर प्राथमिकी दर्ज कर दी गई है।

## लातेहार की खबरें

# 22 जनवरी को श्रीरामजन्म भूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा पर होगें कई कार्यक्रम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर समिति, लातेहार की एक बैठक मंदिर परिसर में सचिव आशीष टैगोर की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में आगामी 22 जनवरी को अयोध्या के श्रीरामजन्म भूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर मंदिर में आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों की समीक्षा और रूपरेखा तय की गयी। सह सचिव रंजीत कुमार ने बताया कि इस मौके पर मंदिर में भव्य विद्युत सज्जा की जायेगी।थाना चौक से बाईपास चौक तक प्रकाश व ध्वनि की व्यवस्था की जायेगी. 22 जनवरी को पूर्वाह्न 11 बजे से मंदिर परिसर में भजन कीर्तन का आयोजन किया जायेगा। जबकि 12 बजे से अयोध्या के श्रीरामजन्म भूमि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जायेगा इसके बाद मंदिर में भंडारा का आयोजन किया जायेगा।संध्या में मंदिर में दीप जलाया जायेगा। बैठक में मंदिर के 30 वें स्थापना दिवस के कार्यक्रमों पर भी चर्चा की गयी. इसके लिए तीन दिवसीय कार्यक्रम निर्धारित है 20 फरवरी को कलश यात्रा, 21 फरवरी को दुर्गा सप्तशति पाठ एवं 22 फरवरी स्थापना दिवस पर भंडारा एवं रात्रि में भगवती जागरण का आयोजन किया जायेगा। बैठक में उपाध्यक्ष कन्हाई प्रसाद अग्रवाल, सह सचिव रविंद्र प्रजापति, कोषाध्यक्ष राजू रंजन सिंह, दीपक विश्वकर्मा, प्रदीप प्रसाद, संतोष कुमार पिंटू, पंकज कुमार, सतीष कुमार, धनेश्वर प्रसाद व पारितोष ठाकुर आदि मौजूद थे। सदस्यता अभियान तेज करने का निर्णय बैठक में मंदिर समिति का सदस्यता अभियान तेज करने का निर्णय लिया गया. मंदिर समिति का सदस्य बनाने के लिए फिर से जनसंपर्क करने का निर्णय लिया गया. पूर्व में बनाये गये सदस्यों से सदस्यता शुल्क जमा कराने का आग्रह किया गया. सचिव आशीष टैगोर ने बताया कि 11 सौ रूपये वार्षिक शुल्क दे कर श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर का सदस्य बना जा सकता है. उन्होंने मंदिर का सदस्य बनने की अपील नगर वासियों से की।

# शेरगढा में दो पक्षों के बीच मारपीट, सांप्रदायिक रंग देने के प्रयास को पुलिस ने किया विफल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ थाना क्षेत्र के शेरेगड़ा ग्राम में सोमवार को दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। इसके बाद दो संप्रदाय में तनाव का माहौल बन गया। मिली जानकारी के अनुसार मगध कोलियरी में लोडिंग स्लिप लेने को लेकर हुए विवाद के बाद एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष पर हमला करते हुए सांप्रदायिक रंग देने का प्रयास किया। घटना की सूचना पाकर बालूमाथ पुलिस इंस्पेक्टर शशिरंजन,बारियातु थाना प्रभारी मुकेश चौधरी,हेरहंज थाना प्रभारी नीतीश कुमार,अमरवाडीह पिकेट प्रभारी कुबेर साव दलबल के साथ पहुंचकर स्थिति को संभाला। घटना के एक समुदाय के लोगों ने हमला करने वाले पक्ष की गिरफ्तारी की मांग को लेकर मगध-शेरेगड़ा-बालूमाथ पथ को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक सड़क जाम कर दिया। जिससे वाहनों की लंबी कतार लग गई। घटना के बाद राजेश यादव एवं रंजीत यादव ने बालूमाथ थाना प्रभारी के नाम पर आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस द्वारा दिए गए आश्वासन के बाद सड़क जाम हटाया गया।।दिए गए आवेदन में रंजीत यादव ने कहा कि मैं कुछ सामान खरीदने बाजार पर गुड्डु गुप्ता दुकान के यहाँ आया हुआ था।इसी बीच मो कलीम, जुनेद मियां, मो महमूद, मोराजा, मो आलम समेत लगभग 30-40 लोग एकाएक हमारे ऊपर हमला कर दिए। मैं किसी तरह दौड़कर गुड्डु दुकान में घुसकर उसका ग्रिल बंद कर दिया। इसी बीच भीड़ द्वारा ग्रिल को तोड़ने का प्रयास किया।तभी उधर से पुलिस सड़क पार कर रही थी। भीड़ को देखकर पुलिस रुकी। मैं जैसे ही दुकान के बाहर निकाला पुलिस के सामने उन लोगों द्वारा पुनः हमला कर दिया। हमला करने वाले लाठी डंडा एवं अवैध हथियार से लैस था। इधर राजेश यादव ने दूसरे आवेदन में कहा है कि मैं मगध कोलियरी में लोडिंग स्लिप लेने गया था।मो हसन द्वारा 1000 की मांग की गई। मेरे द्वारा पैसा नहीं देने के बाद दोनों में बकझक हुआ। जिसके बाद मो हसन समेत आठ दस लड़के को बुलाकर हॉकी स्टिक लाठी डंडे से हम पर हमला करने का प्रयास किया।बालूमाथ पुलिस इंस्पेक्टर शशिरंजन कुमार द्वारा जाम कर रहे लोगों से 24 घंटे के अंदर दोषियों को गिरफ्तार करने का आश्वासन देने के बाद सड़क जाम हटाया गया। इधर बालूमाथ पुलिस इंस्पेक्टर ने कहा कि स्तिथि नियंत्रण में है। दो गुट में हुई झड़प को के बाद सांप्रदायिक रंग देने का प्रयास किया गया था। पुलिस मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाल लिया है। किसी भी कीमत पर आपसी सौहार्द को नहीं बिगड़ने दिया जाएगा ।इस घटना में जो भी दोषी होंगे उस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# राजद युवा प्रखंड अध्यक्ष को नियुक्त कर दिया गया प्रमाण पत्र



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** नवनियुक्त युवा प्रखंड अध्यक्ष को नियुक्ति एवं प्रमाण पत्र देने को लेकर 15 जनवरी को युवा राष्ट्रीय जनता दल जिला कार्यालय लातेहार में बैठक किया गया। जिसमें युवा जिला अध्यक्ष दिलेश्वर कुमार यादव एवं सभी राजद नेता की सर्वसम्मति से नवनियुक्त प्रखंड युवा प्रखंड अध्यक्षों को नियुक्त कर प्रमाण पत्र दिया गया। बालूमाथ युवा प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद अल्ताफ , लातेहार युवा प्रखंड अध्यक्ष योगेंद्र कुमार यादव एवं सरयू प्रखंड अध्यक्ष मो, साबिर खान को प्रमाण पत्र देकर नियुक्त किया गया। मौके पर उपस्थित वरिष्ठ राजद नेता सह जिला उपाध्यक्ष भोला सिंह, युवा जिला अध्यक्ष दिलेश्वर कुमार यादव, युवा जिला सचिव संजीत कुमार यादव, बालूमाथ प्रखंड अध्यक्ष प्रीत लाल यादव, प्रवीण दास नगर अध्यक्ष, हीरा यादव, अशफाक आलम, मोहम्मद साबिर, बाबू खान, प्रमोद कुमार यादव एवं अन्य राजद नेता शामिल हुए।

# अयोध्या से आए अक्षत व आमंत्रण पत्रक का किया गया वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** अयोध्या में 22 जनवरी को भगवान श्रीराम कि होने वाली प्राण प्रतिष्ठा को लेकर हिन्दू जनमानस में काफी उत्साह देखा जा रहा है। जिसके तहत आरएसएस, विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल, एवं भाजपा के कार्यकर्ताओं के द्वारा जिले में पूजीत अक्षत एवं आमंत्रण पत्रक वितरण किया जा रहा है।रविवार को लातेहार जिला मुख्यालय स्थित अम्वाटीकर मोड़ से लातेहार के मुख्य पथ से थाना चौक होते हुए चटनाही के पंचमुखी मंदिर तक? भाजपा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजधनी प्रसाद यादव के नेतृत्व में अयोध्या में नवनिर्मित रामलाल की मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर अयोध्या से आये पूजित अक्षत एवं आमंत्रण पत्रक के साथ मंदिर का चित्र को घर-घर जाकर आमंत्रण पत्रक दिया गया। श्रीराम जन्मभूमि पर रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने के लिए अपील किया गया। साथ ही आगामी 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर के भव्य उद्घाटन में जाने का आग्रह भी किया गया। वहीं भगवान श्री राम की तस्वीर और अयोध्या से आए अक्षत को प्राप्त कर श्रद्धालु बड़े पुलकित हो रहे हैं और शीश झुकाकर प्रणाम कर रहे हैं। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मुख्य रूप से महिला मोर्चा के जिलाध्यक्ष शिला देवी, श्याम अग्रवाल, संजय तिवारी, बजरंग दल के सह संयोजक नीतीश यादव,गौरव दास,विटू कुमार, कंचन कुमारी, सुकन्या देवी, हैपी शाहू समेत कई लोग शामिल थे।

# कामरेड महेंद्र सिंह का 19 वां शहादत दिवस आज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** राज्य व्यापी कार्यक्रम के तहत प्रखंड बरवाडीह में भाजपा हटाओ लोकतंत्र बजाओ शहीदों के सपनों के भारत बनाओ नारा के तहत जननायक कॉमरेड महेंद सिंह का 19 वां शहादत दिवस आज जन संकल्प सभा के रूप में मनाया जायगा ।माले जिला सचिव कॉमरेड बिरजू राम ने प्रेस बयान जारी कर कंहा कि आज भाजपा के शासन काल गरीब विरोधी शासन काल में बदल गया है। चारों तरफ किसान मजदूर नव जवान और महिलाओं पर दमन और शोषण जारी हैं वहीं मोदी सरकार हिन्दू राष्ट्र के बहाने पूरे देश में मनुवादी व्यवस्था थोप कर पूंजीपतियों के हित में सरकार चला रही है, और देश के 90 प्रतिशत दबे कुचले लोगो को गुलाम बनाने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि समय की पुकार है कि कॉमरेड महेन्द्रसिंह के सपने को साकार करते देश और राज्य में दबे कुचले जनता का राज्य और देश बनाने संकल्प लेना है। उन्होंने कहा कामरेड ने कहा था कि समाज के अंतिम व्यक्ति को मुक्ति मिले रोशनी मिले और इसी सपने को साकार करने के संघर्ष में वे शहीद हुए इसलिए कामरेड महेंद्र सिंह सहित तमाम शहीदों के सपनों के भारत बनाने के लिये हमें एक होना होगा ,और आज बरवाडीह पुराना ब्लॉक के प्रांगण में उपस्थित होकर श्रद्धांजलि व जनसंकल्प सभा को सफल बनाने का संकल्प लिया

# मैराथन दौड़ में बेसरा गांव के युवक ने प्रथम स्थान लाकर क्षेत्र का नाम रौशन किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** थाना क्षेत्र अंतर्गत बेसरा ग्राम निवासी बीएसएफ के जवान योगेंद्र यादव उर्फ़ छोटु ने मध्य प्रदेश के इंदिरा गाँधी स्पोर्ट्स स्टेडियम ,इंदौर में पांच किमी लम्बी दुरी की मैराथन दौड़ में प्रथम स्थान लाकर क्षेत्र का नाम रौशन किया. योगेंद्र के पिता मदन यादव माता सुखमनी देवी व,बड़े भाई मुरारी यादव ने इसके संबंध में जानकारी देने हुए कहा कि हमलोग गांव के. एक साधारण परिवार से हैं कृषि कार्य कर योगेंद्र यादव क़ो प्रथम से आठवीं वर्ग तक उत्क्रमित मध्य विद्यालय भाटचतरा में पढ़ाई करवाया. उसके बाद मैट्रिक बालूमाथ से पास किया.बारहवीं का पढ़ाई हजारीबाग सत कॉलम्बस से पूर्ण किया।

# अबुआ आवास योजना प्रक्रिया से वंचित दर्जनों महिला पुरुष पहुंचे सेरक पंचायत सचिवालय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** चंदवा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सेरक गांव में अबुआ आवास योजना प्रक्रिया से वंचित दर्जनों महिला-पुरुष सोमवार को सेरक पंचायत सचिवालय पहुंच पंचायत की मुखिया के पास नाराजगी जाहिर कर अबुआ आवास योजना का लाभ दिलाने की बात कही। ग्रामीण विधवा खैरून निशा,अफसाना परवीन तथा प्रमीला देवी,राजेंद्र यादव ने कहा कि विधवा गरीब और दिव्यांग लाचार व्यक्ति का पहले दौर के अबुआ आवास की सूची में नाम था पर इधर सरकारी कर्मचारी के द्वारा सर्वे कर नई लिस्ट जारी किया गया जिसमें हम सबका नाम सूची से हटा दिया गया है। और वैसे लोगों का लाभुक सूचि में नाम जोड़ दिया गया जिनको पूर्व में भी आवास समेत सरकार के अन्य योजनाओं का लाभ मिल चुका है। नई सूची में साधन संपन्न लोग शामिल हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### पत्रकार के दिवंगत मां का ब्रह्मभोज में शामिल हुए विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन, भावभीनी दी श्रद्धांजलि

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के बरसोत निवासी वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय भारत पाठक की 86 वर्षीय पत्नी एवं पत्रकार धनंजय पाठक व प्रभाकर पाठक की मां शकुंतला देवी का ब्रह्म भोज में विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन के कई सदस्य शामिल हुए। मौके पर दिवंगत के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर दिवंगत परिवार से भावुक क्षण का अहसास किया। मौके पर विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन के अध्यक्ष मंजीत यादव, रघुनंदन गोप, शरीफुल हक, नरेश सिंह, प्रमोद सिंह, कालेश्वर चंद्रवंशी, नरेश यादव सहित अन्य लोग शामिल रहे।

### बुजुर्ग महिला यमुना देवी का हुआ निधन

**टाटीझरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत दारू प्रखंड के कबिलासी पंचायत के अंतर्गत देवरिया गाँव की एक बुजुर्ग महिला की आकस्मित निधन हो गया।इस निधन में पीड़ित परिवार से बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के युवा नेता गौतम कुमार के साथ कई समाज सेवीयों ने पीड़ित परिवार से मिलकर अपनी संवेदना जताए। और मृतक प्राणी की आत्मा को शांति एवं सद्गति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया। अंतिम संस्कार के दौरान युवा सामाजसेवी रंजित यादव , देवरिया के संदीप गिरी मंटू गिरी,सुनील गिरी ,धीरज गिरी,बिरजू गिरी ,संजय गिरी,अमित गिरी ,प्रभात गिरी , प्रताप गिरी ,अनिल गिरी, डिंपू गिरी , वर्ष लल्लन भारती , दिनेश्वर गिरी , इंद्रदेव भारती, नरेश भारती , आशीष गोस्वामी,मंतोष गोस्वामी,गोवर्धन ठाकुर ,भुवनेश्वर रविदास ,मथुरा दास ,पिंटू राम, कालिदास राणा ,विंध्याचल राम अन्य कई लोग मौजुद थे।

### प्रखंड के नामी गिरामी प्राइवेट विद्यालय बने शिक्षा के नाम पर लूट का अड्डा

**टाटीझरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के एडिशन पब्लिक स्कूल,नेशनल पब्लिक स्कूल टाटीझरिया , इन विद्यालयों में पढ़ने वाले झरपो, भराजो, अमनारी, बेड़मका,टटगांव , नारायणपुर, खैरा ,जरगा ,गोधेया, गांव छात्र छात्राओं के अभिभावकों ने अखबार में नाम नही छापने के शर्त में कहा कि इन दो नामी गिरामी स्कूल में केश फेस ड्रेस पाठ्य पुस्तक स्कूल में आतयात वाहन के दिखावा कर हम अभिभावकों से अधिक रुपए की वसूली किया जा रहा है। इनके हरक्कत को देख हम अभिभावक गण काफी परेशान है। उन्होंने यह भी कहा कि जब नया सत्र नामांकन का आरंभ होता है तो गाजे बाजे डीजे साउंड के धुन पर टाटीझरिया प्रखंड के कई गांवों में जाकर छात्र छात्राओं को कम शुल्क में बेहतर शिक्षा देने की बात कर प्रलोभन देते है। बाद में अपने ओर से नई नियम वा शर्ते लागू करने लगते है। बच्चे भी अब बच्चे विद्यालय जाने में आना कानी कर रहे हैं। विद्यालय में पाठ्य पुस्तक ( किताब )खरीदने के दौरान अधिक मूल्य की वसूली किया जाता है । जो चौक चौराहे में चर्चा का विषय बना है। अभिभावकों ने कहा की हम अपनी सामर्थ्य के अनुसार ही बच्चे को इन विद्यालय में पढ़ा पाएंगे। बता दे की अभिभावकों ने कहा की क्षेत्र में इन विद्यालयों के खुलने से आस जगा कि हम सभी अपने बच्चे को कम मासिक शुल्क,पाठ्य पुस्तक में उचित राशि लिया जाएगा , लेकिन यहां हरेक वर्ष में किताब प्रकाशन का बदलाव कर विभिन्न कंपनियों का किताब लेने के लिए बच्चे या अभिभावक पर दबाव बनाया जाता है। चुकी इन विद्यालयों में मात्र अब कथनी करनी भिन्न जहां,धर्म नही पाखंड वहां जैसी कहावते ही देखे जा रहे है। अर्थात प्रचार प्रसार के समय में कम शुल्क में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा समेत अन्य सुविधाओं की बात कही जाती है। बाद में अपने वादे से मुकर जाते है। अभिभावकों ने क्षेत्र वासियों से आग्रह करते हुए कहा कि सबसे अच्छा गणवता पूर्ण अपना गांव के सरकारी विद्यालय है। आप सभी से निवेदन है की अपने बच्चो को इन विद्यालयो में सामर्थ्य अनुसार भेजे । चुकी इन विद्यालयों में अब शिक्षा के नाम अभिभावकों से सिर्फ लूट मचाया जा रहा है।

### सांसद जयंत सिन्हा करेंगे पूजन सामग्री सह दिया का वितरण

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सांसद सह अध्यक्ष वित्त संबंधी संसदीय स्थाई समिति जयंत सिन्हा के द्वारा लोकसभा क्षेत्र के सभी पंचायतों में अयोध्या में भगवान राम के आगमन के पावन अवसर पर पूजन सामग्री सहित घरों में दीप प्रज्वलित करने के लिए दिए का वितरण करने की भव्य तैयारी हो रही है। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी हजारीबाग के पूर्व जिला अध्यक्ष, सांसद प्रतिनिधि,भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह कोडरमा जिला भाजपा संगठन प्रभारी टुन्नू गोप, सांसद के निजी सचिव हिमांशु कुमार, सांसद के मीडिया प्रभारी अनिल सिन्हा ने सर्व प्रथम विघ्नहर्ता प्रथम पूज्य भगवान गणेश की पूजा अर्चना करते हुए पूजन सामग्री वितरण कार्य के लिए तैयार हो रहे राम थैला में पूजन सामग्री का पैकेट बनाने में अपना सहयोग दिया। इस अवसर पर टुन्नू गोप ने कहा कि सांसद जयंत सिन्हा अपने लोकसभा क्षेत्र में भगवान राम के आगमन पर भव्य आयोजन कर रहे हैं। जिसके लिए हम सब उन्हें हृदय से धन्यवाद देते हैं उन्होंने आगे कहा कि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र लाखों दिनों से जगमग होकर भगवान राम का स्वागत करेगी। जिले के तमाम राम भक्तों से आग्रह किया कि इस आयोजन में वह अपना बढ़-चढ़कर सहयोग करें। उन्होने राम भक्तों से आग्रह किया कि इस पावन अवसर पर अपने घरों, अपने आस पास और मन्दिरों में विशेष सफाई अभियान चलाकर पूरे क्षेत्र को सुंदर और सुसज्जित करें। पूरा माहौल को पवित्र बनाकर भगवान राम का स्वागत करें। अपने घरों और आस पास के मन्दिरों में विशेष सजावट करें। जिससे पूरा वातावरण राम मय हो जाय। इस पुनीत कार्य करने में सहयोग करने वालों को सांसद जयंत सिन्हा जी की ओर से टुन्नु गोप, हिमांशु कुमार एवं अनिल सिन्हा ने हृदय से आभार व्यक्त किया।

## शहीद जयमंगल पांडेय के वंशज ने लोकसभा स्पीकर से की मुलाकात

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हज़ारीबाग :** शहीद जयमंगल पांडेय के वंशज सचिदानंद पांडेय ने दिल्ली लोकसभा स्पीकर से मुलाकात कर किया। वहीं मुलाकात पर उन्होंने बताया कि 1857 स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े क्रांति शहीद जयमंगल पांडेय की 1857 क्रांति और झारखंड में एक स्वतंत्रता संग्राम की बड़ी युद्ध भूमि का राष्ट्रीय पहचान नही इन सभी प्रमुख विषयो पर लोकसभा स्पीकर को अवगत कराया गया। साथ में शत्रुघ्न पांडेय द्वारा शहीद जय मंगल पांडेय पर लिखी पुस्तक भी भेट की। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने भी आशवस्त करते हुए कहा की मैं स्वयं महत्वपूर्ण रूप से संज्ञान लेकर



झारखंड की 1857 स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े शहिद को राष्ट्रीय पहचान बने इसका प्रयास करूंगा। साथ ही सचिदानंद पांडेय जो की शहीद जयमंगल पांडेय के सातवे पीढ़ी के वंशज को सम्मानपूर्वक आश्वासन देता हूँ।

## लूंदरु में अक्षत वितरण को लेकर राम भक्तो ने निकाला शोभा यात्रा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टाटीझरिया :** बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र इचाक प्रखंड अंतर्गत लुंदरु गांव के बक्सी टोला में 22 जनवरी को राम जन्मभूमि अयोध्या में मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर राम भक्त ग्रामीणों ने पूजित अक्षत वितरण जय श्री राम के जय घोष के साथ हाथो में हनुमान ध्वज लिए भव्य तरीके से सोमवार 15 जनवरी को शोभा यात्रा निकाल घर घर जाकर अक्षत वितरण किया और लोगो से अयोध्या में स्थापित राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की बाते बता प्रभु मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम दर्शन करने हेतु आमंत्रण किया। विसम



स्थिति में 22 जनवरी 2024 को अपने गांव के मंदिरों , अपने अपने घरों को दीप जलाकर कर दीपावली मनाने कहा शोभा यात्रा में शामिल राम भक्तो मे काफी हर्ष व्यक्त करते देखा जा रहा था।

अक्षत वितरण के दौरान आरएसएस संघ देवकुली पंचायत अध्यक्ष सुधीर प्रसाद कुशवाहा, अनिल सोनी,महेश यादव ,गौतम राणा,खगेंद्र प्रसाद,प्रशांत कुमार, मनोज कुमार,प्रवेश सोनी, काली सोनी,लक्ष्मी सोनी, पंकज सिन्हा,संजीत सोनी संग सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु भक्त गण शामिल थे।

## करियातपुर दुर्गा मंदिर परिसर में चूड़ा दही, खिचड़ी कार्यक्रम का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** सोमवार को मकरसंक्रांति के शुभ अवसर पर प्रत्येक वर्ष के भांति इस वर्ष भी सांसद प्रतिनिधि सह बरही प्रखंड डीलर संघ अध्यक्ष आचार्य डोमन पाण्डेय के द्वारा करियातपुर स्थित सार्वजनिक दुर्गा मंडप परिसर में खिचड़ी एवं चुडा दही कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कई राजनीतिक कार्यकर्ता, समाजसेवी कार्यकर्ता सहित करियातपुर तथा आसपास के ग्रामीण शामिल होकर खिचड़ी एवं चुडा दही का लुत्त उठाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विकास पाण्डेय, जगदीश प्रजापति, कारू राम का यहम योगदान रहा। मौके पर भाजपा जिला महामंत्री सुनील साहू, सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष जितेंद्र गिरि, सुरेश प्रसाद समेत कई पत्रकार, आरएसएस के कार्यकर्ता सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए।

## सागर भक्ति संगम ने धूमधाम से मनाया मकर संक्रांति का त्योहार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** स्वर्ण जयंती पार्क में सोमवार को सागर भक्ति संगम के सदस्यों ने बड़े ही धूमधाम के साथ मकरसंक्रांति का पर्व मनाया। सदस्यों ने एक-दूसरे को चूड़ा - तिलकुट खिलाकर मुंह मीठा कराया। इस अवसर पर विश्व शांति, सुख, समृद्धि और निरोग काया के लिए लिए सदस्यों ने ईश्वर से प्रार्थना किया।संक्रांति की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए संगम के संयोजक विजय केसरी ने कहा कि मकर संक्रांति का



पर्व प्रकृति के प्रति सच्ची आस्था, श्रद्धा और आभार व्यक्त करने का पर्व है । इस दिन अपने गुरु जन और परिवार के बड़े बुजुर्गों से आशीर्वाद लेने की भी परंपरा है। इस दिन पवित्र मन से लोगों को दान करना चाहिए। संसार में विद्यमान तमाम सुख, समृद्धि प्रकृति की कोख से हीं उत्पन्न होती है। इसलिए प्रकृति को सच्चे मन से स्मरण करना चाहिए ।वहीं भाजपा के वरिष्ठ नेता बटेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि मकर संक्रांति का पर्व सभी देशवासियों को आपस में जोड़ने का संदेश देता हैं । शिक्षाविद केसी मेहरोत्रा ने कहा कि सूर्य का दक्षिणायन से उत्तरायण में प्रवेश करने का अर्थ है, जगत के सभी प्राणियों के जीवन में खुशहाली और मंगल आए। भीष्म पितामह आज के ही दिन के लिए अपनी इच्छा मृत्यु का इंतजार कर रहे थे । सूर्य और शनि के बीच जारी वैमनस्यता आज के दिन ही खत्म हुई थी। समाजसेवी प्रकाश विश्वकर्मा ने कहा कि आज से सभी शुभ कार्य प्रारंभ हो जाएंगे।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने मनायी मकर संक्रांति



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बरही की तरूण व्यवसायी शाखा के पोड़ैया बस्ती में तिलैया डैम के किनारे मकर संक्रांति का उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए विभाग सह कार्यवाह मनोज राणा ने कहा कि मकर संक्रांति पूरे भारत में अलग अलग नाम से मनाया जाता है।मकर संक्रांति हिन्दू धर्म के प्रमुख त्योहारों में शामिल है। यह त्योहार, सूर्य के उत्तरायन होने पर मनाया जाता है। इस पर्व की विशेष बात यह है कि यह अन्य त्योहारों की तरह अलग-अलग तारीखों पर नहीं, बल्कि हर साल 14 जनवरी को ही मनाया जाता है, जब सूर्य उत्तरायन होकर मकर रेखा से गुजरता है। इस दिन सुबह जल्दी उठकर तिल का उबटन कर स्नान किया जाता है। इसके अलावा तिल और गुड़ के लड्डू एवं अन्य व्यंजन भी बनाए जाते हैं। इस समय सुहागन महिलाएं सुहाग की सामग्री का आदान प्रदान भी करती हैं। ऐसा माना जाता है कि इससे उनके पति की आयु लंबी होती है।

## दारू प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में हर घर पूजित अक्षत का किया गया वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दारू :** प्रखंड अंतर्गत हरली , ईरगा और दारू पंचायत के विभिन्न गांवों में अयोध्या से आए पूजित अक्षत का वितरण किया गया एवम आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाली प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निमंत्रण पत्र दिया गया। और बता दे की हरली में अयोध्या से आए पूजित अक्षत का वितरण करने निकली रामभक्तो की टोली के साथ हरली पंचायत की मुखिया फरजाना खातून भी शामिल थे।अन्य पंचायतों में



स्थानीय मुखिया और ग्रामीणों ने भी गाजे बाजे वा तासा पार्टी के साथ घूम घूम कर प्रत्येक घरों में अक्षत वितरण किए।सभी ने कहा कि यह समय बहुत ही गौरवान्वित का पल, प्रभु श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में रही प्राण प्रतिष्ठा देखने को मिल रहा है। यह सनातनियो के लिए गौरव का क्षण है। साथ ही उन्होंने कहा कि त्रेतायुग में वनवास के बाद प्रभु सियाराम अयोध्या आने की खुशी थी, वैसा ही आस्था और खुशी का माहौल से पूरा देश राममय हो रहा है। और यह भी कहा गया कि सभी घरों में 22 जनवरी को दीपावली की तरह सजाए। और हम सभी के लिए यह ऐतिहासिक क्षण है। मौके पर प्रखंड के कुछ गणमान्य लोग एवम श्रद्धालू भी उपस्थित थे।

## इंदरा में ऐतिहासिक जतरा मेला का आयोजन, लोगों का उमड़ा भीड़

**प्रभात मंत्र संवाददाताचरही :** जतरा मेला समिति इंद्रा के तत्वावधान से चुरचू प्रखंड के इंदरा पंचायत भवन के समीप सोमवार को तीन दिवसीय जतरा मेला का उद्घाटन हुआ। मंच का संचालन पूर्व मुखिया दसरथ महतो ने किया । वही मेला का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक,विशिष्ट अतिथि ज़िप सदस्य बासुदेव करमाली, स्थानीय मुखिया राधिका देवी, पूर्व मुखिया दशरथ महतो ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि यहां मेला लगने से लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। उन्होंने लोगों से शांतिपूर्ण माहौल में मेला का आनंद लेने व विधि-व्यवस्था बनाए रखने की भी अपील की। इसके पूर्व अतिथियों



का स्वागत जतरा मेला समिति द्वारा किया गया। पूर्व मुखिया दशरथ महतो ने बताया कि जतरा मेला का आयोजन यहां कई पीढ़ियों से किया जा रहा है। मेले में आस पास के ग्रामीण समेत पूरे झारखंड प्रदेश से लोग मेला देखने पहुंचते हैं।

**तीन दिवसीय जतरा मेला इंदरा में उमड़ी जन सैलाब :** जैसे-जैसे समय बीतता गया वैसे-वैसे ऐतिहासिक तीन दिवसीय जतरा मेला की रौनक बढ़ती गई। सामान की खरीदारी के साथ ही लोग मेले का जमकर लुत्फ उठा रहे हैं। हल्की ठंड के बावजूद लोग अपने परिवार के सदस्यों के साथ मेले में आ रहे हैं। मेले में बाहर से आए दुकानदार आने वाले भीड़ को देखते हुए सामान अधिक मंगवा रहे है। मेला में झूला और ब्रेक डांस आकर्षण का केंद्र है। मेले में सबसे अधिक लोहे, बक्से, ईख आदि की बिक्री हो रही है। मेले में झूले व ब्रेक डांस व ड्रैगन झूला वाले आइटम को ग्रामीण क्षेत्र से आए लोग ज्यादा पसंद कर रहे हैं। इसके अलावा जलेबी, चाट, समोसा, गोलगप्पा का भी आनंद लेते रहे। मेले की सफल आयोजन के लिए अध्यक्ष मिसबाहुल हसन, सचिव उमाशंकर ठाकुर ,कोषाध्यक्ष नागेश्वर महतो, जरबा मुखिया सुनीता कुमारी, हेंदेगढ़ा मुखिया गिरिजा देवी, वार्ड सदस्य मो इदरीश,उमाशंकर ठाकुर, चरण करमाली, ,पंसस मालती देवी, पंसस बीरेंद्र भुइंया, उप मुखिया दशरथ महतो, उप मुखिया बसंती देवी, असगर अली, सुल्तान अंसारी, समेत कई लोग उपस्थित थे।

## राम उत्सव की तैयारी में जुटे सदर विधायक, 22 की शाम में मनेगा दीपोत्सव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर हजारीबाग में राम उत्सव मनाने की तैयारी में हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल पिछले एक सप्ताह से निरंतर जुटे हुए हैं। श्री जायसवाल ने सोमवार की सुबह अपने आवासीय परिसर विशेश्वर दयाल जायसवाल पथ और आसपास के मुहल्ले वासियों संग विधायक सेवा कार्यालय सभागार में एक विशेष बैठक की और 22 जनवरी के ऐतिहासिक दिन को स्मरणीय बनाने को लेकर रणनीति बनाई। बैठक में विधायक मनीष जायसवाल के आवासीय परिसर के मुहल्ले से प्रमुख व्यवसाई और सम्मानित जन एकजुट हुए और भव्य राम उत्सव मनाने का सामूहिक रूप से निर्णय लिया। लोगों ने संकल्प लिया की विशेश्वर दयाल जायसवाल पथ के हर घर और पूरे मोहल्ले को दुल्हन की तरह सजाया



जायेगा। एक दिन पहले मुहल्ले में विशेष साफ- सफाई अभियान चलाया जायेगा। शाम को दीपोत्सव मनाया जायेगा और अन्य कई प्रकार के मांगलिक कार्य आयोजित होंगे। कई आकर्षक गेट का निर्माण होगा और बेहतरीन सजावटें होगी ।

मौके पर नारायण गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता, बंटी जैन उर्फ कपिल, संजय गुप्ता, शशि गुप्ता, देवेंद्र गुप्ता, डॉ कैलाश वर्मा, अशोक गुप्ता, कुणाल बनर्जी, राजू जैन, राजन गुप्ता, भास्कर वर्मा, सुदीप गुप्ता, बबलू गुप्ता, रवि गुप्ता, हिटलर शाही, धनंजय गुप्ता, रिंकू वर्मा, विकास गुप्ता, सुनिल गुप्ता, दीनदयाल गुप्ता, अशोक जायसवाल सहित दर्जनों लोग मौजूद रहें ।

## भारतीय नाई समाज की जिला इकाई ने मनाया मकर संक्रांति

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय नाई समाज की जिला इकाई की एक बैठक जननायक कर्पूरी ठाकुर के प्रतिमास्थल कर्पूरी चौक मत्स्य कार्यालय के सामने नूरा में आयोजित हुआ। उपस्थित लोगों ने तिलकुट चूड़ा खाकर मकर संक्रति मनाई और एक दूसरे बधाई दिया। बैठक में सर्वसम्मति से इस बात का भी निर्णय लिया गया कि आगामी 24 जनवरी को जननायक कर्पूरी ठाकुर की सौवीं जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। बैठक में



भारतीय नाई समाज के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश ठाकुर ने कहा कि स्व ठाकुर की जयंती पर इस वर्ष हजारीबाग में कर्पूरी विचार जन जागरण रथ निकाला जायेगा। इस बात पर जिला अध्यक्ष नरेश ठाकुर अधिवक्ता ने सहमति जताई। साथ ही बैठक में जिला कमिटी से जिला उपाध्यक्ष अरविंद ठाकुर,जिला सविव राजेंद्र ठाकुर, मुना ठाकुर जिला अध्यक्ष केश कला बोर्ड जिला कोषाध्यक्ष प्रह्लाद ठाकुर सहित कई अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

## धोबियाडीह में हर घर पूजित अक्षत का हुआ वितरण

**बरही(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत पंचमाधव पंचायत के धोबियाडीह गांव में अयोध्या से आए पूजित अक्षत का वितरण व आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाली प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निमंत्रण पत्र दिया गया। स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप ने कहा कि सनातनियो के लिए गौरव क्षण है कि प्रभु श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में हो रही प्राण प्रतिष्ठा देखने को मिलेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि त्रेतायुग में वनवास के बाद प्रभु सियाराम



अयोध्या आने की खुशी थी, वैसा ही आस्था और खुशी का माहौल से पूरा देश राममय हो रहा है। इस लिए आग्रह है कि आपसाभी 22 जनवरी को दीपावली की तरह सजाए और ऐतिहासिक क्षण गवाह बने। मौके पर समाज सेवी नागेश्वर रजक, संजय यादव, पुजारी वसंत रजक, कैलाश रजक, मदन रजक, पिंटू रजक सहित कई श्रद्धालू उपस्थित थे।

## मकर संक्रांति के अवसर पर बादम में मेले का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड के ग्राम बादम पंचवाहिनी मंदिर स्थान में मकर संक्रांति के अवसर पर मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान जागरण का भी आयोजन किया गया। आसनसोल से आए राजू हलचल ग्रुप और संस्कार म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों के द्वारा जागरण और झांकी का अद्भुत कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद, आजसू महासचिव रौशन लाल चौधरी और भाजपा नेता राजू साव उपस्थित हुए। इस दौरान लोगों को संबोधित करते हुए विधायक अंबा प्रसाद ने कहा के बड़कागांव क्षेत्र का चहुमुखी विकास विधायक मद से किया जा रहा है।

मौके पर मुख्य रूप से मेला अध्यक्ष संजय कुमार मेहता, सचिव गोविंद महतो, कोषाध्यक्ष दिलीप दांगी, ग्राम अध्यक्ष भूदेव महतो, ग्राम सचिव संतोष कुशवाहा, कोषाध्यक्ष बैजनाथ कुमार, संचालक नीरू महतो, प्रमोद महतो आदि के योगदान से सफलता पूर्वक का मेले का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य रूप से जिप सदस्य सुनीता देवी, मुखिया बासुदेव गोप, पंचायत समिति सदस्य रमणिका देवी, गौतम वर्मा, राजा खान, खेमलाल महतो, त्रिलोकी साव, सोहनलाल मेहता, गिरेंद्र प्रसाद, उपेंद्र कुशवाहा, राजू महतो, पप्पू प्रसाद सहित हजारों की संख्या में श्रोता उपस्थित थे।



## तैलिक साहू समाज का मिलन सह चूड़ा-दही कार्यक्रम हुआ आयोजित

**कटकमदाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के कटकमदाग स्थित प्रखंडस्तरीय तैलिक साहू समाज की ओर से मिलन समारोह सह चूड़ा-दही कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन संयोजक समाजसेवी अजय कुमार साहू के नेतृत्व में किया गया। अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष कमल कुमार साहू के की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला तैलिक साहु समाज के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद व अन्य अतिथियों ने दानवीर भामाशाह की तस्वीर समक्ष दीप प्रजावलित व पुष्प अर्पित कर किया। तत्पश्चात सभी अतिथियों को पगड़ीपोशी व माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि राजेंद्र प्रसाद ने समाज में एकता बनाए रखने व बच्चों को शिक्षित करने पर जोर दिया। एक दूसरे के सुख-दुख में सदा समर्पित रहने को कहा। उपस्थित लोगों ने एक साथ चूड़ा-गुड़, दही, तिलकूट का लुत्फ उठाया और एक दुसरे को मकर संक्रांति की बधाई दी। इस अवसर पर जिला महासचिव नारायण साव, कोषाध्यक्ष अजय साव, मीडिया प्रभारी हेमराज साव, अशोक कुमार साव, रामचंद्र साव, प्रो. सोमवार साव, समाजसेवी विनोद साव, सोहन साव, आशीष कुमार गुप्ता, गंगा साव, सुरेंद्र कुमार गुप्ता, धननेश्वर कुमार, सिद्धार्थ कुमार, रोहन साव, राजू साव, मुकेश साव, महेंद्र साव, सुरेश साव, केशव साव, लोकनाथ साव, गौतम साव, मनीष कुमार, जितेंद्र कुमार, अनिल कुमार साव, भवानी साव, टेकलाल शाव, बबलू साव, सुनील कुमार साव, शोलेश साव, आशोक साव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## ओल्ड ब्रिज म्यूचुअल फंड ने पेश किया अपना पहला एनएफओ ओल्ड ब्रिज फोकस्ड इक्विटी फंड

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ओल्ड ब्रिज कैपिटल मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रायोजित किए गए ओल्ड ब्रिज म्यूचुअल फंड ने इक्विटी के अपने पहले न्यू फंड ऑफर (एन.एफ.ओ.) - ओल्ड ब्रिज फोकस्ड इक्विटी फंड, (अधिकतम 30 शेयरों (मल्टी कैप) में निवेश करने वाली एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम) को पेश करने के साथ ही भारत के उतार-चढ़ाव भरे म्यूचुअल फंड उद्योग में अपना कदम रखा है। निवेशकों को सोच-समझकर चुनी गई कंपनियों की विकास की संभावनाओं में भाग लेने का एक अनूठा अवसर प्रदान करना इस ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम का उद्देश्य है। यह एन.एफ.ओ. 17 जनवरी, 2024 से 19 जनवरी, 2024 तक सब्सक्रिप्शन के लिए खुला है। निवेशक कम से कम रु. 2,500 और उसके बाद रु. 1 के गुणकों में एसआईपी निवेश के साथ इसमें भाग ले सकते हैं। एकमुश्त निवेश करने के लिए, कम से कम राशि रु. 5,000 रखी गई है। इस स्कीम को एस.एंड पी. बी.एस.ई. 500 टी.आर.आई. के आधार पर मानदंड प्रदान किया जायेगा। बाज़ार में अलग-अलग कंपनियों के पूँजी लगाने के वर्गों (अर्थात मिड कैप, स्मॉल कैप, लार्ज कैप) के अधिक से अधिक 30 शेयरों में सोच-समझकर निवेश करने के द्वारा पूँजी की दीर्घकालिक वृद्धि प्राप्त करना इस फंड का मुख्य उद्देश्य है। इसपर अपने विचार व्यक्त करते हुए ओल्ड ब्रिज एसेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं ओल्ड ब्रिज कैपिटल मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक निदेशक, केनेथ एंड्रेड ने कहा, हम पूँजी में दीर्घकालिक वृद्धि की इच्छा रखने वाले निवेशकों के लिए अपना पहला इक्विटी फंड प्रस्तुत करने को लेकर रोमांचित हैं।




## एजेकेएसएस ने सिरका पीओ को 14 सूत्री मांग पत्र सौंपा

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ (एजेकेएसएस) के द्वारा सिरका पीओ श्रीकांत शर्मा को 14 सूत्री मांग पत्र सौपा गया है। इसमें सिरका परियोजना में कार्यरत कर्मियों को समय पर पदोन्नति करने, समय पर मजदूरों को स्लिप का लाभ देने, कोलयरी के सभी मजदूरों की वार्षिक आमदनी का लेखा-जोखा फार्म 16 के पहले देने, 10 से 15 वर्षो से एक ही विभाग में जमे लिपिक का स्थानांतरण करने, फीमेल वीआरएस के तहत आश्रित पुत्र पुत्री को नौकरी देने आदि मांगे शामिल हैं। मौके पर एजेकेएसएस अरगड्डा क्षेत्रीय सचिव संतोष महतो, यूनिट सिरका अध्यक्ष शांता कुमार, सचिव सुखदेव महतो आदि शामिल थे।



## मजदूरों की हक की रोटी छिनने नहीं देंगे, होगा आंदोलन तैयारी पूरी : समसूद खान

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोकल सेल सिरका में संचालन समिति के द्वारा मजदूरों की हक की रोटी छिनी जा रही हैं। यहां एक दंगल में 15 लोग होते हैं, जिन्हें मात्र 24 सौ रुपये लोडिंग मजदूरी दी जा रही हैं। यह बातें प्रेस बयान जारी कर कांग्रेस जिला रामगढ़ महासचिव समसूद खान ने कहीं। उन्होंने कहां कि सिरका में ट्रक लोडिंग के अनुसार 160 रुपये प्रति व्यक्ति होती हैं। जबकि दंगल लोडिंग 6000 होनी चाहिए। मजदूरों का बकाया लगभग एक करोड़ सेल संचालन समिति ने हड़प लिया जो एक अपराध हैं। मजदूरों का पैसा बढ़ाना होगा, बकाया पैसा भुगतान करना होगा, विस्थापितो, प्रभावितों और स्थानीय को रोजगार देना होगा, इसे लेकर आगामी 17 जनवरी को सिरका लोकल सेल बंद रहेगा, जब तक मजदूर को उनका हक नहीं मिल जाता, इसे लेकर भारी संख्या में लोग आंदोलन को तैयार हैं, भ्रष्टाचारियों को खदेड़ा जाएगा। इस आंदोलन में मुख्य रूप से पूर्व रामगढ़ विधायक ममता देवी, कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवान सहित कई कांग्रेसी व आमलोग शामिल होंगे।



## नईसराय में न्यू दिल्ली दरबार फैमली रेस्टुरेंट का उद्घाटन हुआ

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ के नईसराय में न्यू दिल्ली दरबार फैमली रेस्टुरेंट का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद एव विशिष्ट अतिथि बजलीत सिंह बेदी उपस्थित थे। सर्वप्रथम अतिथि विधायक अंबा प्रसाद को बुके देकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात विधायक अंबा प्रसाद ने फीता कटकर न्यू दिल्ली दरबार फैमली रेस्टुरेंट का उद्घाटन किया। मौके पर बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि न्यू दिल्ली दरबार फैमली रेस्टुरेंट खुलने से लोगों को उत्तम खाना मिलेगा। वही यहां लोगों को कई तरह के खाने का मजा ले सकेंगे। साथ ही साथ इस फैमली रेस्टुरेंट में सभी तरह के सुविधा लोगों को मिलेगा। वही न्यू दिल्ली दरबार फैमली रेस्टुरेंट के संचालक महताब जिया ने कहा की हमारे यहां भेज और नॉन भेज दोनो तरह के खाना मिलेगा। जिसमे इंडियन, चाइनीज, तंदूर, रोल कोंटर, बिरयानी कोंटर, हेदरावादी का अनेकों डिस्क, कोंटीनेटर आदि खाने के लजीज आइटम हमारे यहां उपलब्ध है। मौके पर संतोष चावला, रवि साव, डॉक्टर अब्दुल बारीक, महेश ठाकुर, मुमताज अंसारी, शिव कुमार, गोलू, मास्टर फिरोज, फरीद अंसारी, इनायत अंसारी, रिजाउल अंसारी, मोहम्मद बेलाल, अरुण राय, कृष्ण कुमार ठाकुर, रूपेश कुमार, ओम प्रकाश महतो, महेंद्र साव, रितेश साव, मिस्टर रिंकू, रूपेश यादव आदि उपाथित थे।



## इंजीनियरिंग कंप्यूटर केंद्र का विधायक अम्बा प्रसाद ने उद्घाटन किया

**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार को पतरातू के उचरिंगा में डैम के निकट बिरसा इंस्टिट्यूट ऑफ़ एडवांस्ड इंजीनियरिंग कंप्यूटर केंद्र का अंबा प्रसाद के द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया गया।अंबा प्रसाद के द्वारा बताया गया कि इस इंस्टीट्यूट को खोलकर शिक्षा की ओर एक सफल प्रयास किया गया है। और इस इंस्टीट्यूट के द्वारा लोगों को कंप्यूटर के साथ-साथ डिप्लोमा की भी पहल करके बहुत उचित कदम उठाने का प्रयास किया गया है।आगे उन्होंने कहा मेरे द्वारा इस इंस्टीट्यूट को एक बहन व जनप्रतिनिधि के रूप में जो सहयोग होगा वह करने का प्रयास करूंगी।मौके पर सुजीत पटेल मुखिया किशोर कुमार महतो,योगेंद्र सिंह खरवार,पूर्व पार्षद झरी मुंडा,पूर्व मुखिया शिवकुमार मुंडा,नरेश महतो,वीरेंद्र मुंडा,बिरसा इंस्टिट्यूट ऑफ़ एडवांस्ड इंजीनियरिंग के निदेशक नुरुल अंसारी,निदेशक सरोज बनर्जी,रीता मुखर्जी,आसिफ अंसारी,अनिल कुमार सिंह,बाबर अंसारी आदि उपस्थित थे।




## पंजाब रेजीमेंटल सेंटर में भूतपूर्व सैनिक आउटरीच प्रोग्राम का हुआ शुभारंभ

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुख्यालय जे ए बी सब एरिया की देखरेख/तत्वाधान में पंजाब रेजीमेंटल सेंटर रामगढ़ कैंट में एक आउटरीच टीम को सोमवार को सुबह 11ः00 बजे ब्रिगेडियर संजय चंद्रा कांडपाल कमांडेंट पंजाब रेजीमेंट सेंटर द्वारा फ्लैग ऑफ करके रवाना किया गया । यह टीम जम्मू कश्मीर के चार जिलों ( पुंज , राजौरी , सांबा और कठुआ) , हिमाचल प्रदेश के पांच जिलों ( कालका , सोलन , सिरमौर शिमला और किन्नौर ) और पंजाब के तीन जिलों ( संगरूर , कपूरथला और पटियाला ) में 18 जनवरी 2024 से 25 जनवरी 2024 तक भूतपूर्व सैनिक से बातचीत करेगी यह कार्यक्रम हमारे भूतपूर्व सैनिकों तक पहुंच बनाने , उनकी समस्याओं ( यदि कोई हो ) के समाधान के साथ-साथ भूतपूर्व सैनिकों को सेवानिवृत्ति के बाद मिलने वाली पेंशन और सुविधाओं के संबंधित नवीनतम और मूल्यवान जानकारी सांझा करने के लिए आयोजित की जा रही है।

# मृतका खुशी के पिता और सौतेली मां को पुलिस ने न्यायिक हिरासत में भेजा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** भदानीनगर ओपी क्षेत्र के चिकोर में बीते शनिवार किशोरी के फंदे से झूलकर आत्महत्या के मामले ने तूल पकड़ लिया है। मृतका के भाई यशवंत ने पिता और सौतेली मां पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए भदानीनगर ओपी में आवेदन देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की। इधर, मामले को लेकर सोमवार की सुबह चिकोर के कई ग्रामीण भदानीनगर ओपी के समक्ष जमकर बवाल काटा और नारेबाजी करते हुए मृतका खुशी के पिता सुनील महतो और सौतेली मां पूनम देवी पर हत्या का आरोप लगाते हुए कानूनी कार्रवाई करने की मांग करने लगे। मृतका के भाई यशवंत कुमार महतो ने कहा कि खुशी के बैंक खाते में 12 लाख रुपये जमा है। नॉमिनी में पिता का नाम है। पैसे को हड़पने की नीयत से पिता और सौतेली मां पूनम देवी उसे प्रताड़ित करते आ रहे थे। यशवंत ने कहा कि खुशी की हत्या कर आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की गई है। वहीं मृतका की बुआ मीना देवी आशंका जताई है कि खुशी की हत्या गला दबाकर की गई है। गले पर जलाने और दबाने जैसे निशान भी दिखे हैं। वहीं ग्रामीणों के अनुसार खुशी की सौतेली मां और पिता उसे हमेशा प्रताड़ित करते थे। वहीं मामले पर पतरातू एसडीपीओ विरेंद्र चौधरी ने मीडिया को बताया कि मामला प्रथम दृष्टया आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। मृतका की सौतेली मां और पिता से पूछताछ में खुशी को आये दिन प्रताड़ित किए जाने की बात में सामने आई है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मामला साफ हो पाएगा। फिलहाल पुलिस मृतका के पिता और सौतेली मां को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा था । बताते चलें कि शनिवार को चिकोर में खुशी कुमारी का शव उसके घर में फंदे से झूलते पाया गया था। अनुसंधान के क्रम पुलिस ने संदेह के आधार पर खुशी के पिता और सौतेली मां को भदानीनगर ओपी में रखा हुआ था। मामले में पूछताछ की जा रही थी।



## भारत माला परियोजना ने कई छोटे-छोटे व्यवसायी को कर दिया चौपट : इमाम सफी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी इमाम सफी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया गया । रामगढ़ जिला दुलमी प्रखंड अंतर्गत मौजा बेयांग में स्थित बीपीसीएल पेट्रोल पंप एवं अन्य व्यवसाय कोविड-19 पैंडेमिक के बाद आर्थिक नुकसान से उबरे भी नहीं थे कि स्टेट हाईवे गोला चारू ओरमांझी पथ को सिकिदिरी मिहिर घाटी क्षेत्र में जून 2023 को जिला प्रशासन द्वारा सड़क बनाने वाली कंपनी के आग्रह पर बंद कर दिया गया। जिससे पेट्रोल पंप समेत अनेक व्यवसाय ठप पड़ गया । डीजल से चलने वाली बड़ी गाड़ियों का आवाजाही बंद कर दिया गया । जबकि रांची रामगढ़ फोरलेन निर्माण के समय चुटुपालु घाटी को बंद नहीं किया गया था। गूगल मैप के अनुसार रोड को दिसंबर 2023 में पुनः चालू करने का लक्ष्य रखा गया था । जो सड़क निर्माण कंपनी प्रा इंडिया के गैर जिम्मेदाराना रवैया अपनाने के कारण एवं धीमी गति में काम करने के वजह से पूरा नहीं हो सका है। अधिग्रहण किए गए जमीन का मुआवजा का भुगतान भी समय पर एवं उचित दर पर नहीं दिया जा रहा है। जिसके कारण व्यवसाय से जुड़े व्यक्ति जो बैंक से लोन लिया है उसे वापस करना अथवा ब्याज चुकाना मुश्किल हो रहा है। अतः रामगढ़ जिला प्रशासन से मांग है कि 1 ) अधिग्रहित जमीन का मुआवजा राशि का भुगतान जल्द किया जाए। 2) गोला चारु ओरमांझी पथ पर डीजल गाड़ी एवं बड़ी गाड़ियों का परिचालन प्रारंभ किया जाए।3) प्रा इंडिया सड़क बनाने वाली कंपनी अपनी आवश्यकता अनुरूप कुछ मात्रा में डीजल बीपीसीएल पंप बेयांग से खरीदे ताकि स्थानीय व्यवसाय प्रभावित न हो । प्रभावित होने वाले व्यवसाय ओहदार होटल, सनवी गार्डन होटल, निमंत्रण ढाबा आदि।

## प्रकोष्ट अध्यक्ष राजकुमार केंद्रीय मंत्री पशुपति से मिले



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के अति पिछड़ा प्रकोष्ट के राज्य अध्यक्ष राजकुमार रवानी ने केंद्रीय खाद्य आपूर्ति मंत्री पशुपति कुमार पारस से मुलाकात कर सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र के सिरका प्रोजेक्ट लोकल सेल में पार्टी के भागीदारी संबंध पत्र अनुशंसा के लिए सौपा हैं। पत्र में कहा है कि बरसों से सिरका प्रोजेक्ट में कोयला उत्पादन बंद था, केंद्रीय सरकार की पहल पर सीटीओ उपलब्ध हो पाया, इसके बाद कोयला उत्पादन शुरू हुआ, लोकल सेल भी चालू हो गया है, विभिन्न राजनीतिक दलों की भागीदारी यहां सुनिश्चित की गई हैं, उक्त उत्पादन एरिया में राष्ट्रीय लोजपा का संगठन मजबूत स्थिति में हैं, यहां के लोग काफी दयनिय स्थिति से गुजर रहे हैं, गरीब तबका के लोग और शिक्षित बेरोजगार राष्ट्रीय लोजपा से जुड़े हुए हैं, जिन्हें रोजगार और भविष्य को देखते हुए लोकल सेल में राष्ट्रीय लोजपा की भागीदारी सुनिश्चित हो, इसके लिए अनुशंसा और आग्रहा पत्र में किया गया हैं।

## चेंबर सेवा ट्रस्ट ने दही, चूड़ा, तिलकुट व कंबल का क्या वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** मकर संक्रांति के अवसर पर रामगढ़ चैंबर सेवा ट्रस्ट की ओर से प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी लेपोरोशी कॉलोनी के लगभग डेढ़ सो बुजुर्ग, महिलाएं, पुरुष व बच्चों के बीच दही, चुडा, तिलकुट, गुड, कंबल, शॉल, फल आदि का वितरण किया गया इस अवसर पर चेंबर सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष व सचिव दुर्गा प्रसाद सिंह उर्फ वकील सिंह एवं दिनेश पोद्दार ने संयुक्त रूप से बताया कि रामगढ़ चैंबर सेवा ट्रस्ट द्वारा प्रत्येक वर्ष मकर संक्रांति के अवसर पर अपने सदस्यों के साथ लेप्रसी कॉलोनी के सदस्यों के बीच सामग्री वितरित कर त्योहार मनाया जाता है एवं ततपश्चात चैंबर के सदस्य सामूहिक रूप से चेंबर भवन में दही, चुडा, तिलकुट, घेवर आदि का प्रसाद के स्वरूप ग्रहण करते हैं इस अवसर पर रामगढ़ रामगढ़ चैंबर सेवा ट्रस्ट के उपाध्यक्ष निश्चित निश्चल उर्फ मुन्ना कोषाध्यक्ष फिरोज खान चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष विनय अग्रवाल उपाध्यक्ष मनजीत सिंह साहनी मानद सचिव मानू चतुर्वेदी कोषाध्यक्ष इंद्रपाल सिंह सैनी रामगढ़ चैंबर सेवा ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष आनंद अग्रवाल अधिवक्ता चेंबर के पूर्व अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह बालकृष्ण जालान सुरेश बगड़िया राजेश कुमार अग्रवाल पलविंदर सिंह पप्पू विष्णु पोद्दार हरीश कुमार चौधरी उर्फ मंटू रविंद्र सिंह गांधी राजेंद्र प्रसाद साहू पशुपतिनाथ शाह और सरपंच साहब निशांत गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## रोटरी रामगढ़ सिटी के नए सत्र 2024 -25 के लिए टीम का हुआ गठन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रोटरी रामगढ़ सिटी की बैठक होटल अरिहंत की सभागार में संपन्न हुई । बैठक में 2024- 25 के अध्यक्ष अनिल गोयल की टीम का गठन किया गया । जिसमें सचिव सूरज अग्रवाल, कोषाध्यक्ष रोहित पंसारी , उपाध्यक्ष वरुण बगड़िया, सहसचिव दीपक खंडेलवाल, इसके अलावा सात डायरेक्टर रूपेश गुप्ता, हरीश चौधरी, राजकुमार अग्रवाल ,भारत गोयल, आदर्श चौधरी ,विकास अग्रवाल और राजेश अग्रवाल को चुना गया । क्लब ट्रेनर उमेश राजगढ़िया , सार्जेंट एट आर्म्स विशाल अग्रवाल, वुमन एंपावरमेंट के लिए सुमन चौधरी और हेल्थ एडवाइजर के लिए डॉ राहुल बरेलिया को चुना गया । इसके अलावा वर्तमान अध्यक्ष रवि अग्रवाल एवं 2025-26 के अध्यक्ष राजू अग्रवाल भी बोर्ड आफ डायरेक्टर रहेंगे । मौके पर प्रेसिडेंट इलेक्ट अनिल गोयल ने कहा कि मेरा कार्यकाल में महिला सशक्तिकरण शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में विशेष फोकस रहेगा । बैठक में चुने हुए पदाधिकारी के अलावा सचिन अग्रवाल, कृष्ण बंसल, राजकुमार अग्रवाल ,दीपक अग्रवाल और संदीप अग्रवाल मौजूद थे।

## किरीगढा रेलवे लाइन बिछाने पर होगा विरोध, ग्रामीणों ने बैठक में लिया निर्णय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** ग्राम किरीगड़ा में ग्रामीणों की एक आवश्यक बैठक हुआ जिसकी अध्यक्षता संतोष कुमार सिंह एवं संचालन कामेश्वर साहू ने किया बैठक में विशेष चर्चा एवं निर्णय लिया गया।बैठक में कहा गया की दिनांक 21 एवं 22 दिसंबर 2023 को अंचलाधिकारी पतरातू के द्वारा ग्राम किरीगड़ा में जमीन का सर्वे करवाया गया।जिसकी जानकारी ना तो हम ग्राम वासियों को है और ना ही हमारे ग्राम पंचायत के किसी प्रतिनिधि को जब हम ग्राम वासी इस सर्वे की जानकारी लेना चाहे तो सूत्रों के माध्यम से पता चल रहा है कि ग्राम किरीगड़ा में एक नई रेलवे लाइन बिछाने कि योजना से यह सर्वे करवाया गया है इस आधी अधूरी जानकारी से हम ग्रामवासी काफी डरे सहमे एवं काफी भयभीत हैं तथा सभी ने एक स्वर में कहा एक तो हमारे गांव के मुख्य रास्ता जिससे हम ग्रामवासी जीवन यापन हेतु खेती बाड़ी तथा अन्य आवश्यक कार्य हेतु उपयोग करते हैं इस रास्ते में पहले से ही रेलवे लाइन बिछा हुआ है अब अगर दूसरी और से भी रेलवे लाइन बिछ गई तो हमारा गांव बीच समंदर में बने एक टापू के जैसा हो जाएगा तब हम ग्राम वासियों के पास टापू से निकलकर समंदर में जान देने के अलावा दूसरा और कोई रास्ता नहीं बचेगा इस कारण आज हमारे गांव में है एक भय से भरी हलचल सी मची हुई है हम सभी ग्रामवासी दिनांक 16 /01/ 2024 दिन मंगलवार को अपने ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियो के साथ अंचलाधिकारी पतरातू से मुलाकात करेंगे एवं यह जानना चाहेंगे कि अगर यह सर्वे हमारे गांव में नई रेलवे लाइन बिछाने की योजना से किया गया है तो हम ग्राम पंचायत वासी इस नई रेलवे लाइन बिछाने का पूर जोर विरोध करते हैं यदि आवश्यकता पड़ी तो हम ग्रामवासी अपना जान देने को भी तैयार हैं इस नई रेलवे लाइन को रोकने के लिए हम ग्रामवासी किसी भी परिस्थिति से गुजरने को तैयार हैं लेकिन अपने ग्राम में नई रेलवे लाइन बिछाने नहीं देंगे। बैठक में ब्रजेश सिंह, दुर्गानंद सिंह,अरविंद कुमार सिंह, राहुल सिंह, छकन लाल सिंह, सिकंदर सिंह, मुकेंद्र सिंह, बलराम सिंह, विशाल कुमार, ज्वाला कुमार, आकाश रजवार, गणपत शाहु, अनुज शाहु, धनेश्वर सिंह, अमन कुमार, आशीष मुंडा के अलावे सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

## गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश उत्सव को लेकर चौथे दिन निकाली गई प्रभात फेरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** साहब श्री गुरु गोविंद सिंह साहब जी का प्रकाश पर्व मनाने के लिए रामगढ़ शहर में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से प्रभात फेरी आरंभ की गई है। दीनानाथ सुनो अरदास राजन के राजा महाराजा के महाराजा जो लड़े दिन के हैत सुरा सोई गोविंद के गुण गाओ साधु गोविंदा के गावो आदि सब्दो से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया, एवम निशान साहेब पर पुष्प की माला डाली,निशान साहेब की सेवा कुजु गुरुद्वारा के पूर्व प्रधान सरदार रामदयाल सिंह चोपड़ा जी कर रहे थे। आज की प्रभात फेरी गुरुद्वारा साहिब से होते हुए किला मंदिर लोहार टोला वैष्णो देवी मंदिर, मैन रोड बाटा शॉप के नजदीक सरदार तेजिंदर सिंह सोनी एवं बीबी जसमीत कौर सोनी के यहा पहुंची। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से सरदार गुरविंदर सिंह कालरा जी द्वारा सरदार तेजिंदर सिंह सोनी जी को सरोपा देकर सम्मानित किया गयाप्रभात फेरी मै गुरूद्वारा के मीत प्रधान सरदार अमरजीत सिंह सैनी, रघुबीर सिंह छाबड़ा,जोगेंद्र सिंह जग्गी राजा कालरा, तेजिंदर सिंह सोनी, त्रिलोचन सिंह जस्सल, हरजीत सिंह, इकबाल सिंह, कमल जस्सल, जसमीत कौर सोनी, सूमी जोली, मनप्रीत कौर सैनी गुरजोत सिंह सैनी जसकीरत सिंह सैनी गुरबख्श सैनी,मनमोहन सिंह लांबा, गुरुद्वारा के हेड ग्रंथी गुरजीत सिंह, बबल छाबड़ा,हरपाल सिंह अरोड़ा इंद्रपाल सिंह गुरविंदर सिंह कालरासतपाल सिंह सलूजा बिट्टू लांबारामगढ़ के मशहूर शाबाद गायक सुरजीत सिंह छाबड़ा कवल जीत सिंह लांबा नवलजीत कौर मल्होत्रा, लवली लांबा,बलविंदर कौर आदि शामिल हुए।

## रामगढ़ स्पोर्ट्स अकैडमी एक क्रिकेट अकादमी का शुभारंभ हुआ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** छावनी फुटबॉल मैदान में आज दिनांक 15 जनवरी 2024 को रामगढ़ स्पोर्ट्स अकैडमी के द्वारा क्रिकेट खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण देने के लिए रामगढ़ स्पोर्ट्स अकैडमी एक क्रिकेट अकादमी का उद्घाटन दक्षिणी छोटानागपुर के जोनल आईजी अखिलेश झा सर के द्वारा किया गया। उन्होंने कहा इस तरह का टर्फ विकेट और व्यवस्थित अकादमी से क्रिकेटरों का स्किल डेवलप करेगा जिससे रामगढ़ जिला को अच्छे-अच्छे खिलाड़ी मिल पाएगा। उन्होंने अकादमी के व्यवस्था को देखकर काफी प्रसन्नता जाहिर किये और अकादमी के संचालक आलोक शर्मा मोहम्मद कैफ आलम एवं रोहित कुमार को शुभकामना देते हुए बोले मिनिमम कम से कम फी रख कर बेहतर प्रशिक्षण दीजिए जिससे रामगढ़ जिला में अच्छे खिलाड़ी उभर कर राज्य लेवल का खिलाड़ी बने।क्रिकेट अकादमी के उद्घाटन के अवसर पर उपस्थित जेएससीए के संयुक्त सचिव श्री पी.एन. सिंह राजकुमार शर्मा रंजीत कुमार सिंह रणजय कुमार, रामगढ़ जिला पुलिस मुख्यालय के डीएसपी संजीव मिश्रा राजीव जायसवाल, रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के संरक्षक रमन मेहरा अध्यक्ष अशोक कुमार जैन कार्यकारी अध्यक्ष रविंद्र साहू उपाध्यक्ष गिरधारी गोप,मानदसचिव अरुण कुमार राय संयुक्त सचिव रोहित कुमार सहसचिव उपेंद्र प्रसाद सिंह सदस्य परशुराम शाह शिवनंदन सिंह डॉक्टर राहुल सिंह महावीर अग्रवाल जावेद खान अतुलेश कुमार सिंह, सागर मुंडा,के अलावा सैकडो की संख्या में प्रशिक्षण पाने वाले जूनियर क्रिकेट खिलाड़ी उपस्थित थे मुख्य अतिथि को सर्वप्रथम कैफ आलम एवं रोहित कुमार के द्वारा बुके देकर स्वागत किया गया था।

# कुंदरु कला बंगलामुखी टुसु मेला को पर्यटक स्थल में विकसित किया जाएगा : सांसद

### *मकर संक्रांति टुसू मेला में 40 हजार से अधिक दर्शको की उमड़ी जनसैलाब*

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**राजरप्पा :** रामगढ़ प्रखंड के कुंदरु कला पंचायत अंतर्गत दामोदर नदी के तट पर बगलामुखी धाम पर मकर संक्रांति के अवसर पर भव्य मेला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि श्रीमती सुनीता चौधरी पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष ब्रह्मदेव महतो, अमृतलाल मुंडा चंद्रशेखर महतो राजेश महतो आदिकई गण मान्य शामिल हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन सांसद चंद्रप्रकाश के द्वारा विधिवत रूप से फीता काटकर किया गया इस मौके पर मेला में उमड़ी जनशैलाब को संबोधित करते हुए टुसू त्यौहार हमारे पुरखों का दिन है जिसे हम आज झारखंड में पूरे धूमधाम से मनाते हैं मकर संक्रांति के अवसर पर टुसू त्यौहार का बहुत बड़ा महत्व है जिसे हमें इस पर्व को सुरक्षित रखने की आवश्यकता है सैकड़ो बरसों से लोग मनाते आ रहे हैं और आज के दौर में हमारी परंपरा और हमारी संस्कृति की रक्षा त्योहार के माध्यम से किया जा रहा है बोकारो जिला एवं हजारीबाग रामगढ़ जिला के लोग हजारों की संख्या में मेला देखने जाते हैं और एक दूसरे से आपसी प्रेमभाव और सौहार्द बनाए रखते हैं उन्होंने कहा कि रामगढ़ जिला कुंदरु कला पंचायत बंगलामुखी धाम को राज्य स्तर पर पर्यटन स्थल के रूप में आने वाला समय में विकसित किया जाएगा विशिष्ट अतिथि रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी मेला में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहां की झारखंडी परंपरा और संस्कृति से जुड़ा यह त्यौहार है हमारी धरोहर है जिसे हर वर्ष मकर संक्रांति के अवसर पर पूरे राज्य मनाया जाता है इसे हमें वृहत पैमाने पर मनाने की आवश्यकता है उड़ीसा के कलाकारों ने गीत नृत्य से बिखेरा जलवा मकर संक्रांति टुसू मेला के अवसर पर बंगलामुखी धाम के सांस्कृतिक मंच पर उर्मिला महतो टीम के कलाकारों द्वारा नागपुरी, खोरठा और उड़िया भाषा के गीत और नृत्य प्रस्तुत किया जिसमे म्यूजिशियन सुरेश महतो,पेड नागेश्वर महतो ढोलक वादक गुड्डू, बांसूरी रूपेंद्र, माँदर सूरज, ऑर्गन सुभम, थूमा सुनील, गिट्टार वादक के अलावे सिंगर उर्मिला महतो पूनम सिंह कुमार गुड्डू राहुल जैक्सन खुशी कुमारी द्वारा गीत प्रस्तुत किया गया तथा खुशी डांस ग्रुप के कलाकारों द्वारा जोरदार नृत्य प्रस्तुत किया गया,जिससे लोग खूब में झूमे नाचे गाए दर्शक खूब मस्ती किया और मेला का लुफ्त उठाए इस मौके पर समाजसेवी पियूष चौधरी मुख्य संरक्षक रामगढ़ जिला पार्षद धनेश्वर महतो संरक्षक कुंदरू मुखिया किसुन राम मुंडा, बारलोंग मुखिया रेखा देवी दोहाकातु मुखिया कलावती देवी कुंदरू उप मुखिया मोहराय महतो, मेला समिति अध्यक्ष मोहराय महतो सचिव मिश्रीलाल महतो राम प्रसाद महतो देवकुमार महतो बालेश्वर महतो, संतोष महतो,प्रदीप नायक, जगदेव महतो पनालाल बर्ड्स मैन,सहित दर्जनों आयोजन समिति के लोगों का सहयोग रहा



## क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न समस्याओ को लेकर राकोमयू व विसमो उरीमारी पीओ से मिला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** उरीमारी परियोजना पदाधिकारी कार्यालय में सोमवार को राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के बरकासयाल क्षेत्रीय सचिव सह विस्थापित संघर्ष मोर्चा के संरक्षक राजू यादव ने नव वर्ष को लेकर उरीमारी परियोजना पदाधिकारी दिलीप कुमार को पुष्पगुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं दी।तो वहीं परियोजना पदाधिकारी दिलीप कुमार ने भी क्षेत्रीय सचिव राजू यादव को नव वर्ष की बधाई दी। इसदौरान राकोमयू व विसमो के सभी पदाधिकारी मौजूद थे। वहीं राजू यादव ने उरीमारी पीओ को क्षेत्र से जुड़ी व मजदूरों की विभिन्न समस्याओ से अवगत कराया। परियोजना पदाधिकारी दिलीप कुमार के द्वारा विस्थापित ग्रामीणों व मजदूरों से जुड़े समास्याओं पर सकारात्मक पहल करने की बात कही गई। परियोजना पदाधिकारी से मिलने वालों में सीताराम किस्कू,डा जीआर भगत, दिपक विश्वकर्मा, कानू मरांडी, विसमो सह सचिव विश्वनाथ मांझी, उपमुखिया सतीश कुमार, धर्मदेव करमाली, टहल गोप,मो अलि हसन खान, विश्राम सोरेन, राजकुमार सिंह, जतरू बेसरा, शिगू मांझी, पुरन मांझी, रतन, कजरू उरांव, महेश गंझू, दिपक कुमार यादव, बिनोद प्रजापति, चन्दु जायसवाल, सतेन्द्र राम, कुला प्रजापति मौजूद थे।

## अनाथ आश्रम के जरूरतमंदों के बीच बांटा गया चूड़ा-गुड़, दही और तिलकुट




**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जब पूरा शहर नहा धोकर संक्रांति पर्व मना रहा था तब स्पंदन समाज सेवी संस्था के सदस्य गणों ने हीरापुर स्थित हिंदू मिशन अनाथ आश्रम और महावीर नगर स्थित बरमसिया कुष्ठ आश्रम में जरूरतमंदों के बीच चूड़ा गुड़ दही और तिलकुट का वितरण कर जरूरतमंदों का मकर संक्रांति का पर्व सफल करने पर व्यस्त नजर आया। संस्था के सदस्यों ने बताया कि अनाथ आश्रम के लोगों के बीच में संक्रांति के सामग्री बांट कर ही पर्व का असली आनंद मिला और जरूरतमंदों के चेहरे पर खुशी देखकर मन में शांति मिली। इस नेक कार्यक्रम में स्पंदन के बोरनाली सेनगुप्ता, देबदास सेनगुप्ता, अरविंदो बनर्जी, नीलकमल खवास, रिंकू दत्ता, पिंटू हालदार,माला रॉय, रूबी बक्शी, सुपरना पोद्दार, प्रसेनजीत पोद्दार, मीता सरकार, मोलोय सरकार, रानी मल्लिक, सैकत मल्लिक, सुधा मिश्रा, मनीष मिश्रा, राहुल हालदार, बबलू गांगुली, समीरण डे, अमालेदु पाल,सुरजीत पाल, रिशु सेनगुप्ता, प्रकाश सिंघा, मीठी, टुकु सदस्यों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिये।

## समाजसेवी मुख्तार खान ने युवाओं को दिए क्रिकेट किट, खेल के प्रति किया जागरुक



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मकर संक्रांति के अवसर पर ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस झारखंड अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सह समाजसेवी मुख्तार खान ने गुलजारबाग के युवाओं को क्रिकेट किट भेंट किया। मौके पर गुलजारबाग यूथ ब्रिगेड द्वारा मुख्तार अहमद को पुष्पगुच्छ देकर एवं माला पहना कर जोरदार स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। वहीं खान ने सभी खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया और उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। साथ ही स्वयं युवाओं के साथ क्रिकेट खेल उन सभी का हौसला बढ़ाया और उनके बीच मिठाई, बिस्किट, पानी आदि का वितरण किया। वहीं मौके पर उपस्थित समाजिक कार्यकर्ता हाजी ज़मीर आरिफ ने सभी खिलाड़ियों से अनुशाशन एवं खेल भावना के साथ क्रिकेट का आनंद लेने की अपील की। कार्यक्रम को सफल बनाने मे हाजी ज़मीर आरिफ, सैफ अली खान, फहीम खान, अली आज़म, शादाब आलम, नुमान खान, मनऊवर अख्तर, मो इश्तेयाक, रजा अहमद, जाजेब खान, मो सरवर, मो कामिल, आज़म कुरैसी, इबरार, अरबाज, आसिफ, महबूब, राघिब, शाहरुख, फैजान आदि की सराहनीय भूमिका रही।

## फूल पताई कर दोस्ती की प्रथा आज भी गांव में है कायम



**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद जिला के बाघमारा प्रखंड अंतर्गत फूल पताई दोस्ताना का प्रथा आज भी गाँव में देखने को मिला रहा हैं। कचर्रा बस्ती के पटल सिंह का पुत्र दुर्गा प्रसाद सिंह और महुदा बस्ती के मन्टु रजवार के पुत्र अंशु रजवार के साथ कचर्रा बस्ती के हरि मंदिर के प्रांगण में ग्रामीण महिला , पुरुषो के बीच दो बच्चा का फूल पता कर दोस्त बनाया गया । यह दोस्ती हमेशा के लिए एक रिस्ता हो जाता हैं। दो तरफ से दोनो बच्चा को कपड़ा और फूल का माला दिया गया। दोनो परिवार को काफी खुशी देखा गया ।इस समारोह में महितोष गोस्वामी, चन्द्र देव रवानी, निम लाल रवानी, निरंजन सिंह, भागीरथ सिंह, विनोद सिंह, मन्टु रवानी, दीनबन्धु रवानी, अशोक सिंह, शिबु सिंह, तरुण रवानी, सदानन्द राय, विनोद रजवार, हारू रजवार, सीतावाला देवी आदि उपस्थित थे ।

## साइंस लैब एवं कंप्यूटर लैब का हुआ उद्घाटन

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों के संपूर्ण



विकास को देखते हुए सोमवार को इंपीरियल पब्लिक स्कूल, बरहमसिया मोड़ बतौर मुख्य अतिथि बिरनी थाना प्रभारी मृत्युंजय सिंह के द्वारा कंप्यूटर लैब और साइंस लैब का उद्घाटन किया गया ताकि अब बच्चें थ्योरी के साथ-साथ साइंस और कंप्यूटर में प्रैक्टिकल का ज्ञान हासिल कर सकेंगे। इस बीच थाना प्रभारी मृत्युंजय सिंह ने विद्यालय प्रबंधन समिति को धन्यवाद देते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इंपीरियल जैसी संस्था लगातार विद्यालय परिसर में शिक्षा के क्षेत्र में नए-नए बदलाव कर बच्चों के भविष्य को निखारने का काम कर रही है जो काबिले तारीफ है, इस संस्था से आगे भी ऐसे ही अच्छे-अच्छे बदलाव की उम्मीद करता हूं।

# धनबाद : रिकॉर्ड तोड़ ठंड, 20 साल में पहली बार 5 डिग्री पंहुचा पारा, धूप के बावजूद कनकनी बढ़ी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद में ठंड का रिकॉर्ड टूट गया है। पिछले दो दशक में पहली बार धनबाद का न्यूनतम तापमान 5.4 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है। झारखंड बनने के बाद धनबाद में कभी भी न्यूनतम तापमान इतना नीचे नहीं गिरा। लगातार बढ़ रही ठंड की वजह से धनबाद में लोगों की परेशानी बढ़ गई है।पिछले चार दिनों से धनबाद में लगातार ठंड बढ़ रही है और न्यूनतम तापमान नीचे गिर रहा है। तापमान का असर अब दिन में भी दिखने लगा है। खिली हुई धूप के बावजूद दिनभर लोग ठिठुरते रहे। रविवार को अधिकतम तापमान 22.5 डिग्री रहा।

धनबाद में ज्यादातर लोग सोमवार को मकर संक्रांति मना रहे हैं। सुबह स्नान करने वाले इस त्योहार में लोगों को ठंड से परेशानी झेलनी होगी। उन्हें 6-7 डिग्री तापमान के बीच स्नान करना पड़ा.

**17-18 को धनबाद में बारिश की संभावना :-** धनबाद में 17-18 जनवरी को बारिश होगी। मौसम विज्ञान केंद्र रांची के अनुसार धनबाद समेत आसपास के जिले बोकारो, गिरिडीह में भी बारिश का असर देखने को मिलेगा। बारिश छूटने के बाद एक बार फिर से ठंड का असर धनबाद में रहेगा। धनबाद में पिछले चार दिनों से लगातार ठंड बढ़ रही है और न्यूनतम तापमान नीचे गिर रहा है। तापमान का असर अब दिन में भी दिखने लगा है। खिली हुई धूप के बावजूद दिनभर लोग ठिठुरते रहे।

## मकर संक्रांति पर पतंग उत्सव कार्यक्रम



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में माडवाड़ी युवा मंच, धनबाद कोयलांचल शाखा द्वारा पतंग उत्सव का कार्क्रम किया गया। इस रोचक का कार्यक्रम में सभी छोटे-छोटे बच्चों को पतंग और लटाई दे कर उनके चेहरों पर एक खुशी लाने का प्रयास किया गया। धनबाद कोयलांचल शाखा सचिव शिव शंकर चौधरी ने धनबादवासियों को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जैसे-जैसे पतंगें ऊंची उड़ान भरती हैं, आपके सपने नई ऊंचाइयों तक पहुंचें और आपकी आत्मा हमेशा के लिए स्वतंत्र रहे। तिलकूट की मिठास आपके जीवन को खुशियों से भर दे और अलाव की गर्माहट सारी नकारात्मकता को दूर करे। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु शाखा उपाध्यक्ष संजय अग्रवाल, अमन गोयनका, आदर्श गोयनका एवं अन्य शाखा सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

## अंजुमन गुलामाने मोहम्मदिया कमेटी का चुनाव संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** मालकेरा चैतूडीह मदरसा हाल में अंजुमन गुलामाने मोहम्मदिया कमेटी के 10:00 बजे एक चुनाव कराया गया। इस सभा की अध्यक्षता महमूद आलम ने की। उपस्थित लोगों ने मिलकर कमेटी का चयन किया जिसमें अध्यक्ष मो हसरत अंसारी उर्फ मुन्ना, उपाध्यक्ष जुम्मन मास्टर, उपाध्यक्ष दितीय मुमताज आलम, सचिव मो इम्तियाज, उपसचिव जियाउद्दीन खान और मजहर हुसैन उर्फ पप्पू, कोषाध्यक्ष अकरम खान, उप कोषाध्यक्ष आफताब आलम को चुना गया।

# जागो व जगाओ भ्रष्टाचार मिटाओ : आप

प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** झरिया विधानसभा अंतर्गत डिगवाडीह गुरुद्वारा मैदान में आम आदमी पार्टी के तत्वाधान में जन कल्याण हेतु जागो और जगाओ भ्रष्टाचार मिटाओ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व धनबाद जिला महासचिव मदन राम, अध्यक्षता धनबाद जिला संयोजक अशोक महतो तथा संचालन जिला संरक्षक महेंद्र सिंह ने किया। मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश संयोजक देवनाथ सिंह थे। कार्यक्रम का आरंभ मुख्यातिथि द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात सभी आगंतुकों का स्वागत माला पहनाकर तथा पुष्पगुच्छ देकर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि देवनाथ सिंह ने कहा कि झारखंड में आम आदमी पार्टी मजबूती



के साथ आगामी होनर वाले 2024 विधानसभा के सभी 81 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। हमारी पार्टी झारखंड में मजबूत हुई है। सभी कार्यकर्ता तैयारी में लगे हुए हैं। पंजाब तथा दिल्ली के जैसा आम आदमी पार्टी की झारखंड में भी सरकार बनेगी। जिला संयोजक अशोक महतो ने कहा कि धनबाद जिला के सभी विधानसभाओं पर लोग आम आदमी पार्टी को पसंद करते हैं। जनता धनबाद का विकास के लिए सत्ता का परिवर्तन अवश्य करेंगे। जिला महासचिव मदन राम ने कहा कि धनबाद में अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट नहीं होना, धनबाद का विकास का सबसे बड़ा बाधक हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र द्वारा चलाए जा रहा है, बीसीसीएल के अवैध उत्खनन के कारण धनबाद के लोगों को प्रदूषण का सबसे बड़ा दंश झेलना पड़ रहा है। अंत में अतिथि द्वारा इस ठंड को देखते हुए जरूरतमंद लोगो को कंबल वितरण किया गया। साथ ही बच्चों को पुस्तक वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला उपाध्यक्ष समरेंद्र पासवान, जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार, प्रदेश उपाध्यक्ष हरेंद्र चौबे, जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार, जिला उपाध्यक्ष संजय मिश्रा, डॉ अरशद राजा, जावेद अंसारी, सोमनाथ चटर्जी, राजेश सरकार, मनोज तिवारी, सब शेख, रवींद्रनाथ मंडल, पिनाकी राय, आरके प्रसाद, समरेंद्र पासवान, डब्लू अंसारी, साहब शेख, आदि उपस्थित थे।

# मणिपुर देश का सर्वाधिक अन्याय पीड़ित राज्य : शमशेर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस सचिव सह प्रवक्ता शमशेर आलम ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा की मणिपुर से जिस उत्साह और उदयेश्य के साथ राहुल गाँधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शीर्ष केंद्रीय एवं प्रदेश नेताओं की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, वह इस बात का परिचायक है कि यदि आगाज ऐसा है तो अंजाम कैसा होगा।



आज मणिपुर देश का सर्वाधिक अन्याय पीड़ित राज्य है। जिसके लिए जिम्मेदार एक इंजन की सरकार नहीं बल्कि मोदी की डबल इंजन की सरकार है। राहुल गाँधी ने अपने सम्बोधन में ठीक ही कहा की भाजपा और आर. एस. एस. मणिपुर को भारत का अंग मानते ही नहीं हैं।

यदि ऐसा नहीं होता तो गत 9 महीने से जातीय और सांप्रदायिक हिंसा में जल रहे मणिपुर की सुध लेने और पीड़ितों के आंसू पोछने मोदी अवश्य आते।

बताया की बापू ने कहा था की अन्याय करना यदि जुर्म है तो अन्याय सहना उससे भी बड़ा जुर्म है। आज वक्त आ गया है कि नफ़रत के शहारे बांटो और राज करो की नीति पर चलने वाली इस अन्यायी मोदी सरकार को हम सबक सिखाएं। यही गीता, रामायण, महाभारत, कुरान, बाइबिल और गुरुग्रन्थ साहिब का संदेश है।

यही राष्ट्रधर्म है, राष्ट्रधर्म से बड़ा कोई धर्म नहीं होता है।

आगे उन्होने कहा की राहुल गांधी का न्याय यात्रा जब झारखंड मे प्रवेश करेगा तो केंद्र की वादा खिलाफ़त सरकार के खिलाफ नौजवान, किसान, मजदूर, इतिहासिक रूप से। अपना जन समर्थन देकर आवाज को बुलंद करगे।

## लायंस क्लब व अलंकार ज्वेलर्स ने किया कंबल वितरण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**कतरास :** लायंस क्लब कतरास एवं श्री अलंकार ज्वेलर्स के संयुक्त तत्वाधान में सोमवार को मकर संक्रांति पर कतरास स्टेशन प्रांगण में जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया गया। मौके पर लायंस क्लब के डॉक्टर स्वतंत्र कुमार, शैलेश बर्मन, विभूति सिंह, अमित, संजय, नरेश साव आदि उपस्थित थे।

### मकर संक्रांति के शुभ बेला में बाबा के दरबार में जलाभिषेक सह मेले का आयोजन

# उमड़ी श्रद्धालुओं की जनसैलाब



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टुंडी :** टुंडी प्रखंड के नंदाडीह गांव स्थित बाबा नंदानाथ के दरबार में मकर संक्रांति पर्व पर बरसों से लगने वाला जलाभिषेक सह मेले का किया गया आयोजन इस श्रद्धा में उमड़ी लोगों की जनसैलाब। बताया जाता है कि प्रत्येक बर्ष की भांति इस वर्ष भी बाबा के दरबार में लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। सबसे पहले बराकर नदी में स्नान कर बाबा के श्रीचरणों में श्रद्धालुओं द्वारा जलाभिषेक किया गया फिर लगने वाला मेले का लुत्फ उठाया गया। गौरतलब है कि बाबा नंदानाथ के दरबार में इनकी आस्था और विश्वास को लेकर लोग आज भी दूर दूर से आकर इनके चरणों में जलाभिषेक कर अपने को सुकून महसूस करते हैं।आज भी इनके दरबार में जो लोग मन से मन्नतें मांगते हैं उन्हें बहुत जल्द मनोकामना बाबा नंदानाथ पूर्ण करते हैं।यह धनबाद से चालीस किलोमीटर टुंडी प्रखंड के पुरनाडीह पंचायत अंतर्गत ग्राम नंदाडीह स्थित बराकर नदी किनारे अवस्थित है। कुछ जनप्रतिनिधियों द्वारा भोग के रूप में खिचड़ी मेला के नाम से इस प्रसिद्ध मेले में खिचड़ी का महाभोग लोगों में वितरित किया गया जो कि काफी सराहनीय योगदान रहा। टुंडी पुलिस के सहयोग से यह मेला बहुत ही शांति पूर्ण माहौल में संपन्न हो गया।

# महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल ने की निर्माण परियोजनाओं की समीक्षा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल द्वारा आज पटना में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में नई लाईन, दोहरीकरण, थर्ड लाईन, आमान परिवर्तन सहित पूर्व मध्य रेल की विविध निर्माण परियोजनाओं की कार्य प्रगति की समीक्षा की गयी ।

परियोजनाओं की समीक्षा के क्रम में महाप्रबंधक ने निर्माण परियोजनाओं तथा रेल विकास से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने का दिशा-निर्देश दिया । इस अवसर पर महाप्रबंधक ने कहा कि कि बुनियादी ढांचे के विकास से जुड़े कार्य को निर्धारित समय-सीमा




के भीतर पूरा किया जाए । उन्होंने पूर्व मध्य रेल में चल रही निर्माण निर्माण परियोजनाओं की नियमित एवं गहन मॉनिटरिंग का निर्देश दिया ताकि सभी निर्माण कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ तय समय पर पूरा किया जा सके। बैठक में अपर महाप्रबंधक तरूण प्रकाष, मुख्य प्रषासनिक अधिकारी/निर्माण/उत्तर श्री राम जन्म, मुख्य प्रषासनिक अधिकारी/निर्माण/ दक्षिण श्री रामाश्रय पाण्डेय सहित मुख्यालय के प्रमुख विभागाध्यक्ष एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे ।

# दामोदर नदी तट पर हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई श्रद्धा की डुबकी

सुभाष मिश्रा@प्रभात मंत्र

**महुदा :** धनबाद जिला बाघमारा प्रखंड अंतर्गत महुदा के तेलमोच्चो दामोदर नदी तट और भाटडीह दामोदर नदी तट पर मकर संक्रांति को लेकर हजारों लोगों की उमड़ी भीड़ वहीं धनबाद रांची मुख्य मार्ग स्थित दामोदर नदी तेलमोच्चो पुल के नीचे दामोदर नदी तट पर मकर संक्रांति का पवित्र स्नान किया । मकर संक्रांति के उपलक्ष में तेलमोच्चो में खेलाचंडी मेला का भी आयोजन किया गया। जिसमे धनबाद जिला के विभिन्न गांव इलाकों से टुसू विसर्जन करने के लिए महिलाएं भी पहुंची, मान्यता के



अनुसार टुसू झारखंड के संस्कृति की एक पहचान है और इसका विसर्जन मकर संक्रांति के दिन में दामोदर नदी में किया जाता है। दामोदर नदी किनारे हजारों श्रद्धालुओं ने स्नान कर पूजा पाठ किया और मेला का आनंद लिया। मान्यता के अनुसार मकर संक्रांति के दिन जो लोग नदी में स्नान करके पूजा अर्चना करते हैं उनकी मनोकामना पूर्ण होती हैं। मेला में जिला परिषद सदस्य आशा देवी के नेतृत्व में चिवड़ा गुड़ आदि का भी वितरण किया गया वहीं तेलमोच्चो मुखिया मीरा कुमारी द्वारा स्वागत दवार भी बनाया गया था। इस मौके पर महुदा थाना पुलिस, भाटडीह ओपी पुलिस के इलाके में पेट्रोलिंग करते नजर आई । ताकि शांतिपूर्वक मकर संक्रांति का लोग लुफ्त उठाएं । बताया जाता हैं की तेलमोच्चो में मेल कई वर्षो से आयोजित हो रही है।

# गिरिडीह : जननायक रीतलाल प्रसाद वर्मा की 20 वीं पुण्यतिथि मनाया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** सोमवार को गिरिडीह ज़िले में कुशवाहा संघ गिरिडीह द्वारा जननायक रीतलाल प्रसाद बर्मा चौक जिला परिषद गिरिडीह के मुख्य द्वार पर जननायक रीतलाल बाबु के 20 वीं पुण्यतिथि पर कुशवाहा संघ के जिला अध्यक्ष इन्द्र नारायण प्रसाद, कुशवाहा संघ कार्यकारी अध्यक्ष मुन्ना कुशवाहा के द्वारा जननायक रीतलाल बाबू की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण और श्रद्धा के सुमन अर्पित कर उनकी पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया गया। मौके पर कुशवाहा संघ के जिला अध्यक्ष इंद्र नारायण प्रसाद ने कहा कि रीतलाल बाबू की




विचारधारा और उनके काम किसी भी समाज के लिए अनुकरणीय है। हमें उनके द्वारा बताए गए रास्ते पर चलना चाहिए। कार्यकारी अध्यक्ष मुन्ना प्रसाद कुशवाहा ने राजनीतिक जीवन में रीतलाल बाबू की सुचिता, उनकी शुद्ध राजनीति में उनके विचार और गरीब शोषित पिछड़े और दलितों के लिए उनके द्वारा किए गए कार्य एक नेता से अधिक एक अभिभावक के कार्य थे। उन्होंने गिरिडीह कोडरमा रेल लाइन की परिकल्पना, सिंचाई के लिए कई डेमो की परिकल्पना और कोडरमा लोकसभा का पांच बार ईमानदार प्रतिनिधित्व करते हुए क्षेत्र के सर्वांगीण विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी थी ।आज के नेताओं को रीतलाल बाबू की सुचिता ईमानदारी और कर्तव्य निष्ठा दुर्भावना से परे जैसे विचारों को आत्मसात करने की आवश्यकता है क्योंकि आज कहीं ना कहीं ऐसे नेताओं की संख्या बहुत कम हो चुकी है ।

## चलते चलते एक नजर

### जायंट्स द्वारा मन्दिर में किया गया खिचड़ी भोग का वितरण



**गढ़वा (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: जायंट्स ग्रुप द्वारा शहर के चौधराना बाजार स्थित शनि मन्दिर में खिचड़ी भोग का वितरण किया गया। मौके पर बताया गया कि जायंट्स सहेली की कोषाध्यक्ष वीणा केशरी एवं जायंट्स ग्रुप के कोषाध्यक्ष अशोक केशरी के पुत्र के जन्मदिन पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जायंट्स सहेली की नवनिर्वाचित अध्यक्ष रंजना जायसवाल की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का संचालन सहेली की नवनिर्वाचित प्रशासनिक निदेशक रीमा स्वरूप ने किया। नए सत्र के इस पहले कार्यक्रम में जायंट्स सहेली की पुर्व अध्यक्ष माला केसरी, लता गुप्ता, सुनीता केशरी, सुषमा केशरी एवं निवर्तमान अध्यक्ष रितु जयसवाल विशेष रूप से उपस्थित थी। इस अवसर पर पदाधिकारियो ने नए सत्र में बढ़ चढ़ कर जरूरत मंदो की सेवा करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में जायंट्स ग्रुप की उपाध्यक्ष रीना अग्रवाल, संध्या केशरी, कोषाध्यक्ष वीणा केशरी, रीना गुप्ता, पल्लवी पुंज, रीना केशरी आदि मुख्य रूप से उपस्थित थी।

### अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता में गोविन्द हाई स्कूल बना चैम्पियन




**गढ़वा (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में गोविंद हाई स्कूल ने ज्ञान निकेतन स्कूल बेलचंपा को पांच विकेट से हराकर पहली बार चौंपियन बनने का गौरव हाशिल किया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार ज्ञान निकेतन के दिव्यांश को दिया गया। पुरस्कार वितरण उपायुक्त शेखर जमुआर एवं पुलिस अधीक्षक दीपक पाण्डेय द्वारा की गयी।पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित करते हुए उपायुक्त जमुआर ने कहा प्रतिभा संसाधनों का मोहताज नहीं होता। प्रतिभा और आत्मविश्वास है तो संसाधनों की कमी के बावजूद आप कामयाबी के शिखर तक पहुंच सकते हैं।मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार गोविंद हाई स्कूल के आकाश कुमार, बेस्ट बल्लेबाज का पुरस्कार ज्ञान निकेतन बेलचंपा के नंदन को, बेस्ट गेंदबाज का पुरस्कार गोविंद हाई स्कूल के गोलू को दिया गया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार सिन्हा, ओमप्रकाश गुप्ता, उपाध्यक्ष धनंजय सिंह, सियाराम शरण वर्मा, सिस्टर रोशना, अमित सिंह, अशोक कुमार दुबे, अशोक विश्वकर्मा, मुजीबुदीन खान, सुधीर पाठक, ओम प्रकाश तिवारी, अजीत सिन्हा, गजेंद्र साहू, नवल कुमार, सच्चिदानंद धर दुबे, पंकज कुमार सिंह, डॉ. कुलदेव चौधरी आदि समेंत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

**प्रथम महापौर अरुणा शंकर के सौजन्य से व पलामू चैंबर के नेतृत्व में मेदिनीनगर में दिखेगा अयोध्या का नजारा**

# 22 को ऐतिहासिक होगा भव्य शोभा यात्रा और दीप उत्सव : अरुणा शंकर

*** कोयल रिवर फ्रंट पर हर घर से जले एक दीप**
















**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** प्रथम महापौर अरुणा शंकर के सौजन्य से पलामू चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के नेतृत्व में 22 तारीख को अयोध्या में श्री रामलाल का प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर मेदनीनगर में भी संध्या 4 बजे गीता मंदिर के प्रांगण से भव्य शोभा यात्रा रथ पर सवार राम-सीता, लक्ष्मण एवं हनुमान की झांकी के साथ निकाली जाएगी। यह शोभा यात्रा गीता मंदिर से होते डॉ राजेंद्र प्रसाद चौक, डाबर रोड, पांचमुहान बाटा रोड, घास पट्टी होते कोयल रिवर फ्रंट गंगा आरती मंच तक जाएगी। जहां संध्या 6 बजे विशेष आरती, आतिशबाजी एवं हर घाट पर हजारों दीप जलाए जाएंगे। कार्यक्रम के प्रोजेक्ट चेयरमैन राकेश सोनी एवं आलोक माथुर ने बताया कि इस शोभा यात्रा में कोलकाता से दीप एवं अबीर गुलाल के साथ नृत्य करने वाली कई महिला कलाकार आ रही है। शोभा यात्रा में कई लंगूर होंगे। आगे-आगे बुलेट पर महाराष्ट्रीयन लड़कियां श्री राम का ध्वज लेकर चलेंगी। कई महात्मा शंख बजाएंगे। बंगाल से बंगाली महिला ढ़ाकी नृत्य एवं स्थानीय आदिवासी नृत्य झांकी की शोभा होगी। इसके अलावे भी शोभा यात्रा को और भव्यता देने की तैयारी की जा रही है।

कोयल रिवर फ्रंट में आरती के बाद दिल्ली और कानपुर से आए कलाकारों द्वारा सीता स्वयंवर, राधा कृष्ण की होली, राजाभिषेक, शिव तांडव की प्रस्तुति एवं मशहूर गायिका इशरत जहां के द्वारा भजन का कार्यक्रम कोयल रिवर फ्रंट पर ही होगा। शोभा यात्रा एवं कार्यक्रम के अतिथि सांसद बीडी राम, प्रथम महापौर अरुणा शंकर, विधायक, भाजपा जिला अध्यक्ष, मंच-मोर्चा एवं शहर के कई प्रतिष्ठित गणमान्य लोग होंगे। बैठक की अध्यक्षता कर रहे चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर ने बताया कि 22 तारीख का दिन हम सभी सनातनी माताएं, बहने एवं भाइयों के लिए ऐतिहासिक दिन है। जो अपने जीवन में श्री राम को वापस गर्भ गृह आते देखेंगे। उन्होंने कहा कि आईए हम सब मिलकर अपने घरों में दीप जलाने के बाद एक-एक दीप कोयल रिवर फ्रंट में जलाकर इस पल को ऐतिहासिक बनाएं। कार्यक्रम के विशेष तैयारी के लिए रिंकू दुबे, प्रेम जैसवाल, अमिताभ मिश्रा, विक्रांत एवं चेंबर महिला विंग को दिया गया है।

### योग और ज्ञान गीता सत्संग ने दो हजार खाना के पैकेट गरीबों में बांटे

**रांची :** योग और ज्ञान गीता सत्संग की ओर से बड़ा तालाब के समीप मकर संक्रान्ति पर्व पर लगभग दो हजार खाने के पैकेट गरीबों में बांटे गए। यहां पर हर दिन करीब 150 महिलायें सुबह - शाम सत्संग के लिए आती हैं। इस दौरान महिलाओं को योगा भी सिखाया जाता है। संस्था की संचालिका सुमन साबू ने यह जानकारी सोमवार को दी।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, एक घायल

**रांची** : रांची के बुढ़मू थाना क्षेत्र के कोटारी पुल के पास सड़क दुर्घटना में सोमवार को एक युवक की मौत हो गई । बताया जाता है कि तिरु फॉल जाने के क्रम में पुल के पास बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गयी। इस घटना में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गयी। जबकि दूसरा युवक घायल हो गया। मृतक की शिनाख्त मल्ती निवासी सीलबानुश खलखो के रूप में की गई है। जबकि घायल युवक की पहचान सुनील खलखो के रूप में की गयी है। घटना की सूचना मिलते ही बुढ़मू पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को लेकर सीएचसी बुढ़मू ले गयी, जहां डॉक्टर ने सीलबानुश को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए रिंग्स भेज दिया। घायल का इलाज चल रहा है।




## बैंक को एक निश्चित लक्ष्य के साथ लाभार्थियों के हित में काम करना होगा : मुख्यमंत्री धामी

**एजेंसी**

**देहरादून :** मुख्यमंत्री ने सोमवार को एक कार्यक्रम में कहा कि ऋण, लोन या क्रेडिट को जरूरतमंद और योग्य लोगों तक सरलता से पहुंचाने में सबसे बड़ी भूमिका बैंकों की है। बैंकों को ध्यान देना होगा कि जरूरतमंद और योग्य लोगों को ऋण सम्बन्धित औपचारिकताओं के लिए अनावश्यक न भटकना पड़े। इसके लिए बैंकों को मिशन मोड पर काम करना होगा।सोमवार को नाबार्ड के तत्वावधान में एक स्थानीय होटल में आयोजित स्टेट क्रेडिट सेमिनार में बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने यह बातें कहीं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने स्टेट फोकस पालिसी पेपर 2024-25 का अनावरण भी किया। मुख्यमंत्री धामी ने नाबार्ड का विशेष आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उत्तराखंड में कृषि, बागवानी और छोटे और मध्यम क्षेत्र के उद्योगों के विकास के



लिए नाबार्ड ने इस वर्ष चालीस हजार करोड़ रुपये की ऋण योजना तैयार की है, जो कि पिछले वर्ष की तुलना में साढ़े तैंतीस प्रतिशत अधिक है। यह हमारे छोटे किसानों और छोटे व मझौले उद्योगों में लगे लोगों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। इस ऋण व्यवस्था की सही निगरानी भी अत्यंत आवश्यक है।मुख्यमंत्री ने कहा कि नारी शक्ति वंदन विधेयक संसद के दोनों सदनों में पारित हो चुका है। राज्य सरकार भी उत्तराखंड में महिलाओं को सरकारी नौकरियों में 30 प्रतिशत का आरक्षण प्रदान कर रही है। उन्होंने नाबार्ड के अधिकारियों से कहा कि प्रदेश की महिलाओं के लिए विशेष योजना प्रारंभ करें ताकि महिलाओं को भी इन योजनाओं का अधिक लाभ मिल सके।मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में उन्होंने टिहरी जिले की लाभार्थी महिलाओं से संवाद किया। उन्होंने बताया गया कि सशक्त बहना उत्सव योजना से विपणन में उन्हें काफी मदद मिली है। इस तरह की योजनाओं के लिए बैंकों से ऋण लेने के लिए सरलीकरण होना बहुत जरूरी है। कई बार देखा गया है कि जो लोग वास्तव में कुछ करना चाहते हैं वे कई बार लोन लेने से वंचित रह जाते हैं।उन्होंने कहा कि सरकार आम लोगों के लिए भी सब्सिडी, क्रेडिट लिंक्ड योजनाओं, और ब्याज अनुदान जैसे योजनाओं को लागू कर रही है, जिसके अंतर्गत वीर चन्द्र सिंह गड़वाली पर्यटन स्वरोजगार योजना, दीनदयाल उपाध्याय सहकारिता किसान कल्याण योजना, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना जैसी योजनाएं चलाई जा रही हैं। बैंक राज्य के सभी किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड उपलब्ध करवाने के लिए एक विशेष कैम्पेन चलाएं जिससे ऋण का लाभ किसानों तक समय से पहुंच सके।

### ईडी को लेकर बंधु ने दिया विवादित बयान



**रांची।** सोमवार को झारखंड कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की के बयान से खलबली मच सकती है। उन्होंने ईडी को लेकर विवादित बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि झारखंड के आदिवासी की एक चुनी हुई सरकार को चैलेंज और चुनौती दी जा रही हैं। बता दें कि हर 12 सालों में आदिवासी जनी शिकार भी करता है। आदिवासी के सेंटीमेंट और भावना को नहीं समझ रहे हैं ये कुछ लोग। जिस दिन ढलमुगड़ा निकला ना तो दिक्कत हो जाएगी, आदिवासी सीएम को बीजेपी नहीं पचा पा रही है। बंधु तिर्की के बयान पर झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि बंधु तिर्की के बयान को उनका निजी बयान हो सकता है। हालांकि उन्होंनें कहा कि यह सच है कि लोगों में इसको लेकर आक्रोश है।

## संत मरियम छात्रावास परिसर में हर्षोल्लास के साथ मना मकर संक्रांति का पर्व




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** नावाटोली स्थित संत मरियम छात्रावास परिसर में रहकर शिक्षा ग्रहण करने वाले सैकड़ो बच्चों को यह महसूस ना हो कि मकर संक्रांति खुशी व उत्साह के त्यौहार में हम अपने परिवार से दूर रहकर निरुत्साह है।

उपरोक्त तथ्यों को मध्य नजर रखते हुए सोमवार को छात्रावास परिसर में मकर संक्रांति का पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया । स्कूल के चेयरमैन श्री अविनाश देव, प्रधानाध्यापक कुमार आदर्श, छात्रावास अधीक्षक उत्कर्ष देव, के साथ-साथ स्कूल के समस्त कर्मचारी व सभी बच्चे एक साथ बैठकर तिलकुट, लाई, दही, चूड़ा इत्यादि का प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर उपस्थित अविनाश देव ने बताया कि साल के पहले त्योहार से शुरुआत हो रही सूर्य का यह पर्व हमारे जीवन में ज्ञान, उमंग, ऊर्जा, विचार का भंडार लेकर आता है। भारत के अलग अलग हिस्से में यह अलग अलग नामों से मनाया जाता है।

यह पर्व विविधता भरे देश में लोगों के बीच आपसी एकता अखंडता और भाईचारा स्थापित सुनिश्चित करता है । आज पूरे भारतवर्ष में घर के सभी सदस्यो के साथ सामूहिक रूप से दही , चूड़ा लाई और तिलकुट खाकर यह पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। आगे देव ने बताया कि प्रत्येक त्योहार निश्चित रूप से हमे बहुत कुछ सिखाते है ,बस आवश्यकता है की उसके पीछे के तथ्यों और अच्छे विचारों को अपने जीवन में आत्मसात करें। मौके पर प्राचार्य समेत सभी लोग मौजूद रहें।

## मैत्री क्रिकेट में वार्ड आठ जूनियर 87 रन से विजयी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** डंडा प्रखंड के कूड़ेलवा, भिखही स्थित खेल मैदान में वार्ड पांच सीनियर तथा वार्ड आठ जूनियर के बीच मैत्री क्रिकेट सीजन दो के मैच में वार्ड आठ जूनियर की टीम 87 रनों से विजयी रही।

मुख्य अतिथि मुखिया वीरेन्द्र चौधरी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया तथा राष्ट्रगान के पश्चात मैच की शुरुआत की गयी।वार्ड स्तरीय मैत्री क्रिकेट टूर्नामेंट में वार्ड आठ जूनियर की टीम के उद्घाटक बल्लेबाज के विकेट लगातार गिरते चले गए।

लेकिन मध्य क्रम के बल्लेबाजो ने तेजी के साथ अपने टीम के लिए रन जोड़े जिसमे सबसे आशीष कुमार ने 10 बॉल में 39 रन, वही रवि कुमार ने 26 बॉल में 52 रन अपने टीम के लिए जोड़े। वार्ड आठ जूनियर की टीम ने 194 रन का स्कोर खड़ा किया। जवाबी पारी खेलने उतरी वार्ड पांच सीनियर की टीम 107 रन के स्कोर पर ऑल आउट हो गई। सुमित कुमार ने गेंदबाजी में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 3 ओवर में 26 रन देकर 4 विकेट चटकाये। उन्हे मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। मैच में शंकर कुमार तथा सुनील कुमार ने निर्णायक की भूमिका अदा की। मौके पर उपमुखिया प्रतिनिधि अर्जुन कुमार चौधरी, लव कुमार चौधरी, सूरत चौधरी, ललन चौधरी, मनोज चौधरी, रमेश चौधरी, उदेश चौधरी, केदार चौधरी, प्रेम चौधरी, बिनोद चौधरी, पंकज साह, सत्य देव साह, वीरबल चौधरी, गोपाल चौधरी, अरुण कुमार, श्यामलाल चौधरी, शंकर केवट, भरदुल चौधरी, विरजू चौधरी, मोगल चौधरी, मुकेश चौधरी समेंत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## पलामू के शिक्षाविदों ने लगाया चौकों एवं छक्कों की झाड़ियां

*** औरंगा रिवर ने कोयल रिवर को किया तीन विकेट से किया पराजित**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** दुबियाखाड़ चौक स्थित कैंब्रिज पब्लिक स्कूल के मैदान में मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर कैंब्रिज पब्लिक स्कूल दुबियाखड़ चौक एवं पोखराहा खुर्द स्थित ओरिएंट पब्लिक स्कूल के संयुक्त तत्वाधान में 20-20 फैंसी क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। सीडीपीओ सुरजीत कुमार ने बल्लेबाजी कर मैच को शुभारंभ किया। मौके पर एसडीपीओ सुरजीत कुमार ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया।मौके पर उपस्थित शहर के प्रखर समाजसेवी सोनू सिंह नामधारी ने कहा कि पलामू जिले से होकर बहने वाली औरंग एवं कोयल रिवर दो प्रमुख नदियों के नाम पर शिक्षाविदों के द्वारा क्रिकेट मैच का आयोजन करना अपने आप में जिले वासियों के लिए एक मिसाल है। उन्होंने विजेता एवं उपविजेता टीम को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। मैच के प्रारंभ में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित ओरिएंट पब्लिक



स्कूल के चेयरमैन रमाकांत मेहता, निदेशक सुधीर कुमार मेहता एवं कैंब्रिज स्कूल के निदेशक सियाचरण सिंह ने लकी ड्रा के माध्यम से कोयल रिवर एवं औरंगा रिवर टीम के खिलाड़ियों का चयन किया। कोयल रिवर टीम के कप्तान के रूप में कुंदन वर्मा एवं औरंगा रिवर टीम के कप्तान के रूप में कैंब्रिज पब्लिक स्कूल के प्राचार्य ई. नंदकिशोर भारती का चयन किया गया। कोयल रिवर टीम के कप्तान कुंदन वर्मा पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला लिया एवं कोयल रिवर टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 219 रन का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया।220 रनों के विशाल स्कोर को पीछा करने उतरी नंदकिशोर भारती के नेतृत्व वाली औरंगा रिवर की टीम ने अच्छी शुरुआत की और पावर प्ले के चार ओवर में ही 50 रन पूरा कर लिए। औरंगा रिवर टीम के सलामी बल्लेबाज धीरज मैथमेटिक्स क्लासेस के निदेशक धीरज मेहता एवं न्यूटन फिजिक्स के निदेशक संजीव तिवारी ने टीम को अच्छी शुरुआत दी। पावर प्ले के बाद औरंगा रिवर ने दो विकेट संजीव तिवारी एवं मुर्तजा आमिर के रूप में खोया। तीसरे विकेट के रूप में औरंगा रिवर के कप्तान सह कैंब्रिज पब्लिक स्कूल के प्राचार्य नंदकिशोर भारती ने स्कोर को तेजी से 100 के पार पहुंचा दिया। चौथे विकेट के रूप में धीरज उपाध्याय ने 43 रन की पारी खेली। इस तरह से औरंगा टीम ने कोयल रिवर टीम को तीन विकेट से पराजित किया। कोयल रिवर टीम के तरफ से दिलीप कुमार, कुंदन वर्मा, नीरज कुमार ने अच्छी गेंदबाजी की एवं दो-दो विकेट झटके। मैन ऑफ़ द मैच धीरज मैथमेटिक्स क्लासेस के निदेशक धीरज उपाध्याय,सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज के रूप में नीरज कुमार विश्वकर्मा एवं सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज के रूप में एईके एकेडमी सतबरवा के निदेशक आफताब आलम को मुख्य अतिथि सोनू सिंह नामधारी, विशिष्ट अतिथि रमाकांत मेहता, सिया चरण सिंह एवं सुधीर मेहता ने संयुक्त रूप से तीनों खिलाड़ियों को मोमेंट तो देकर सम्मानित किया। औरंगा रिवर टीम के खिलाड़ियों में रेड रोज पब्लिक स्कूल शाहपुर के निदेशक विमल कुमार, एबीपी स्कूल लेस्लीगंज के निदेशक उदय पासवान, पलामू कॉमर्स के निदेशक प्रकाश दुबे, जेनिथ फ्यूचर पब्लिक स्कूल कनीराम चौक के प्राचार्य अजय श्रीवास्तव, द ऐकडमी गुरु के संचालक आशीष पांडेय आदि खिलाड़ियों का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा।